# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | जबलपुर, रविवार 12 अप्रैल 2026


## केदारनाथ के लिए हेलिकॉप्टर सेवा शुरु



**नई दिल्ली।** बाबा केदारनाथ के दर्शन करने हेलिकॉप्टर सेवा शुरु हो गई है। यात्रा की शुरुआत 19 अप्रैल को यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ होगी। इसके बाद 22 अप्रैल को केदारनाथ धाम और 23 अप्रैल को बद्रीनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। वहीं, सिखों के पवित्र तीर्थ स्थल हेमकुंड साहिब के कपाट 23 मई को खुलेंगे।

### रायसेन में 3 दिवसीय 'उन्नत कृषि महोत्सव-2026' का शुभारंभ

# रायसेन 47 देशों को निर्यात कर रहा है 'बासमती चावल'

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों के श्रम से देश का खाद्यान्न निर्यात दोगुना**



राजनाथ सिंह

### राजनाथ ने की सीएम की तारीफ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मप्र की जनता को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कर्मठ नेतृत्व में मप्र लगातार विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने देश के हृदय प्रदेश को एक अलग पहचान दी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को उन्नत कृषि महोत्सव-2026 में शामिल होने रायसेन पहुंचे थे। उन्होंने किसानों से कहा कि देश की सीमा पर जवान और खेतों में किसान दोनों का समान महत्व है। दोनों ही अपनी मिट्टी के प्राण-प्रण से सेवा में तत्पर रहते हैं। किसान हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, हमारी ताकत हैं। इनके बिना हमारे भोजन की थाली अधूरी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों के श्रम से देश का खाद्यान्न निर्यात दोगुना हुआ है। आज अकेले रायसेन जिला 47 देशों को बासमती चावल निर्यात कर रहा है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी किसानों को संबोधित किया। रक्षा मंत्री सिंह, मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तीन दिनी कृषि महोत्सव प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

**सिंचाई का रकबा बढ़कर हुआ 55 लाख हैक्टेयर**



दीप प्रज्वलित करते हुए मुखमंत्री डॉ.मोहन यादव

**मृदा परीक्षण के लिए स्वॉइल मोबाइल एप ई-फॉर्म लान्च**

**किसान खुद जांच सकेंगे मिट्टी की सेहत**

### मप्र के लिए शुभंकर हैं केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्रीय रक्षा मंत्री सिंह के हाथों कुछ दिन पहले ही मप्र में बीईएमएल के पहले रेल कारखाने का भूमि-पूजन हुआ है। अब वे किसानों को अपना मार्गदर्शन देने आए हैं। वे वास्तव में मप्र के लिए शुभंकर केंद्रीय मंत्री हैं। डॉ. यादव ने कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान देश में कृषि क्षेत्र की सफलता की पहचान बन चुके हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र में सिंचाई का रकबा भी तेजी से बढ़ रहा है। वर्ष 2002-03 में जहां मात्र साढ़े सात लाख हेक्टेयर में रकबे में सिंचाई की सुविधा थी। अब सिंचित रकबा बढ़कर अब 55 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है। हम प्रदेश के एक करोड़ हेक्टेयर कृषि रकबे को सिंचित करने के लक्ष्य पूर्ति के लिए मिशन मोड में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के किसानों को हर वक्त सिंचाई के लिए बिजली मिल रही है।



सीएम डॉ. यादव

### कृषि महोत्सव प्रदेश के किसानों की तकदीर बदलेगा : राजनाथ

*रक्षा मंत्री सिंह ने मप्र की जनता को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कर्मठ नेतृत्व में मप्र लगातार विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। रायसेन में हो रहा यह उन्नत कृषि महोत्सव प्रदेश के किसानों की तकदीर और उनकी माली हालत की तस्वीर बदलने में बेहद सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इस कृषि महोत्सव में किसानों को सरकारी योजनाओं के साथ बिचौलियों से मुक्त बाजार सहित वेयर हाउसिंग और कोल्ड स्टोरेज स्थापित करने के लिए सभी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने देश के हृदय प्रदेश को एक अलग पहचान दी है।*

### किसानों के विकास का चल रहा है महायज्ञ: चौहान

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि रायसेन जिला कृषि सहित हर क्षेत्र में आगे हैं, यहां की धान और गेहूं दुनियाभर में प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य 140 करोड़ देशवासी को भरपेट भोजन उपलब्ध कराना है। हमें कृषि उत्पादन बढ़ाना है, कृषि की लागत भी घटानी है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में कृषि से किसानों को आय बढ़ाने के लिए एकीकृत खेती पर जानकारी प्रदान की जाएगी। इंटीग्रेडेट फॉर्मिंग से एक एकड़ में 2 लाख तक की आय प्राप्त की जा सकती है। खेती से जुड़े अलग-अलग विषयों पर 20 सत्र आयोजित किए गए हैं। इसमें बीज से लेकर बाजार तक किसानों को हर तरह के सपोर्ट की जानकारी दी जाएगी।









### खबर संक्षेप

#### अभिनेत्री सारा अर्जुन महाकाल मंदिर पहुंची



**उज्जैन।** हाल ही में रिलीज फिल्म धुरंधर-2 की अभिनेत्री सारा अर्जुन शनिवार तड़के श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचीं। उनके साथ पिता राज अर्जुन और मां सान्या भी मौजूद थीं। सारा ने नंदी हॉल से बाबा महाकाल के दर्शन किए।

### बहन की शादी कराने जा रहा था परिवार

## शिवपुरी में ऑटो पर पलटा ट्रक दूल्हा-दुल्हन, मां, भाभी की मौत

**एक दिन पहले ही हुआ था भाई का विवाह**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी**

यहां एक बड़ा हादसा हो गया। जिसमें दूल्हा-दुल्हन समेत चार लोगों की मौत हो गई। टोंगरा रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास एक ट्रोला सड़क पर खड़े ऑटो पर आकर पलट गया। जिससे ऑटों में सवार दूल्हा-दुल्हन और दूल्हे की मां एवं बहन की जान चली गई। हादसे के बाद शादी घर में मातम छा गया है।

जानकारी के मुताबिक तेंदुआ थाना क्षेत्र के राजगढ़ गांव के रहने वाले वीरेंद्र शाक्य (25) की शादी शुक्रवार को शिवपुरी की संजय कॉलोनी निवासी राजेश्वरी शाक्य से हुई थी। दोनों ने संजय कॉलोनी के एक मंदिर में परिवार की मौजूदगी में विवाह किया था। शनिवार को शादी के बाद दूल्हा-दुल्हन, दूल्हे की मां अन्वेश शाक्य (50), भाभी राजो शाक्य (22), बहन भूरिया शाक्य (19) और ड्राइवर के साथ ऑटो से राजगढ़ गांव के लिए निकले थे। टोंगरा रोड पर एक पेट्रोल पंप के पास ड्राइवर ने कुछ सामान लेने के लिए ऑटो को रोका था। इस दौरान ड्राइवर और दूल्हे की बहन पास की दुकान पर चले गए थे। तभी दोपहर करीब 12 बजे मुर्गी दाने से भरा ट्रक वहां आया और अनियंत्रित होकर ऑटो पर पलट गया। ऑटो में बैठे दूल्हा-दुल्हन, दूल्हे की मां और भाभी ट्रक के नीचे दब गए। हादसे में दबे हुए लोगों को निकालने के लिए जेसीबी की मदद लेनी पड़ी। करीब आधे घंटे बाद सभी को निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने चारों को मृत घोषित कर दिया।



मृतक दूल्हा-दुल्हन

### कूनो में आई फिर बड़ी खुशखबर

## 4 शावकों की मां बनी गामिनी यह चीता 'भारतीय मूल' की है

**चीता पुनर्वास प्रोजेक्ट को मिली सफलता**



शावकों के साथ गामिनी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर**

कूनो नेशनल पार्क से एक बड़ी खुशखबर सामने आई है। करीब 25 माह की भारतीय मूल की मादा चीता 'गामिनी' ने खुले जंगल में चार शावकों को जन्म दिया है। साल 2022 में शुरू हुए चीता पुनर्वास परियोजना के बाद यह पहली बार है, जब किसी मादा चीता ने प्राकृतिक जंगल वातावरण में सफलतापूर्वक शावकों को जन्म दिया है।

खास बात यह है कि 'गामिनी' भारतीय मूल की मादा चीता है, जिससे यह उपलब्धि और भी ऐतिहासिक बन जाती है। वन विभाग के अनुसार गामिनी पिछले एक साल से अधिक समय से खुले जंगल में रह रही थी और उसने पूरी तरह प्राकृतिक परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढाल लिया था। मुख्य वन संरक्षक उत्तम कुमार शर्मा ने इस उपलब्धि को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह परियोजना के मुख्य उद्देश्य चीतों को प्राकृतिक वातावरण में बसाने और उनके प्रजनन को सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम है। वहीं केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने भी इस सफलता पर खुशी जताई है।

### इंदौर में वंदे मातरम विवाद पर गरमाई राजनीति.. कांग्रेस की दो महिला पार्षदों ने राष्ट्रगीत गाने से कर दिया था इंकार

# सीएम डॉ.मोहन यादव बोले - कांग्रेस का दोहरा चरित्र उजागर.... पूरी प्रदेश कांग्रेस ही इस्तीफा दे

**▶▶ सीएम ने कहा** इंदौर नगर निगम की महिला पार्षदों ने बेशर्मी की हद पार कर दी

**▶▶ पटवारी ने कहा** कि कांग्रेस वह पार्टी है, जिसकी आत्मा राष्ट्रगीत और संविधान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर**

इंदौर नगर निगम के बजट सम्मेलन के दौरान कांग्रेस की दो महिला पार्षदों द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गाने से इनकार करने का मामला अब राजनीतिक विवाद का रूप ले चुका है। कांग्रेस पार्षद रुबीना इकबाल खान और फौजिया शेख अलीम ने सदन में धर्म का हवाला देते हुए राष्ट्रगीत वंदे मातरम को गाने से मना कर दिया था, अन्य सदस्यों ने इसका विरोध किया लेकिन कांग्रेस की ओर से अभी तक इस पर कोई अधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई। अब इस मुद्दे पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि इस पर पूरी प्रदेश कांग्रेस को इस्तीफा दे देना चाहिए। कांग्रेस अपने दोहरे चरित्र से बाहर नहीं निकल पा रही। उन्होंने कहा कि इंदौर नगर निगम की महिला पार्षदों ने बेशर्मी की हद पार कर दी।



सीएम डॉ.यादव



जीतू पटवारी



फौजिया

### चुप क्यों हैं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी ?

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ये लोग देश को कहां ले जाएंगे, देशभक्तों का अपमान करेंगे। हजारों देशभक्तों ने भारत माता की जय बोलते-बोलते प्राण त्याग दिए। मुझे इस बात का बड़ा दुख और मुझे इस मामले पर ग्लानि हो रही है। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी जो हर मामले पर बोलते हैं, वो अब इस पर क्यों नहीं बोल रहे। कांग्रेस की पार्षद की टिप्पणी पर उनका क्या कहना है। अगर इस पर पटवारी और कांग्रेस नेता कोई कार्रवाई नहीं कर पाते, तो सभी को इस्तीफा दे देना चाहिए।*




# संघर्षविराम के बीच ईरान को नए एयर डिफेंस सिस्टम देने की तैयारी में चीन! तीसरे देशों के जरिए भेजेगा, बीजिंग ने किया रिपोर्ट का खंडन

## अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट में बड़ा दावा

*चीन बोला- कभी भी संघर्ष के किसी भी पक्ष को हथियार नहीं दिए*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका की खुफिया रिपोर्टों ने एक चौंकाने वाले खुलासे की ओर इशारा किया है, जिसके अनुसार चीन अगले कुछ हफ्तों में ईरान को नई वायु रक्षा प्रणालियां (एयर डिफेंस सिस्टम) भेजने की तैयारी कर रहा है। तीन खुफिया सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि यह कदम ऐसे समय में उठाया जा रहा है जब अमेरिका और ईरान के बीच हाल ही में हुआ अस्थायी सीजफायर बेहद नाजुक स्थिति में है। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन द्वारा भेजे जाने वाले सिस्टम में मैन-पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम शामिल हो सकते हैं, जो कम ऊंचाई पर उड़ने वाले विमानों के लिए बड़ा खतरा माने जाते हैं। बता दें, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले महीने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत के लिए चीन की यात्रा करने वाले हैं। यह संभावित हथियार आपूर्ति इसलिए भी संवेदनशील मानी जा रही है क्योंकि चीन ने हाल ही में इस संघर्षविराम को कराने में भूमिका निभाने का दावा किया था।


एफएन-6 मैन-पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम

### रिपोर्ट असत्य: चीन

*वॉशिंगटन में चीनी दूतावास के एक प्रवक्ता ने इस रिपोर्ट का खंडन करते हुए कहा कि चीन ने कभी भी संघर्ष के किसी भी पक्ष को हथियार प्रदान नहीं किया है, रिपोर्ट में दी गई जानकारी असत्य है। उन्होंने आगे कहा कि एक जिम्मेदार प्रमुख देश के रूप में, चीन लगातार अपने अंतरराष्ट्रीय दायित्वों को पूरा करता है। हम अमेरिकी पक्ष से निराधार आरोप लगाने, दुर्भावनापूर्ण संबंध जोड़ने और सनसनी फैलाने से बचने का आग्रह करते हैं। हमें उम्मीद है कि संबंधित पक्ष तनाव कम करने में मदद करने के लिए और अधिक करेंगे। इससे पहले, दूतावास के एक प्रवक्ता ने कहा था कि अमेरिका-ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से बीजिंग युद्धविराम कराने और संघर्ष समाप्त करने में मदद करने के लिए काम कर रहा था। बता दें, ईरान ने लंबे समय से चीन और रूस दोनों के साथ सैन्य और आर्थिक रिश्ते बनाए हैं। ईरान ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस को शाहेद ड्रोन देकर बहुत मदद की है और चीन को अपने सैंक्शन किए गए तेल का बड़ा हिस्सा भी बेचता है।*

### ये हैं चीन के मैन-पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम


क्यूडब्ल्यू-18 मैन-पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम

चीन के प्रमुख मैन-पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम में एफए-6, एफएन-16,और क्यूडब्ल्यू-सीरिज (क्यूडब्ल्यू-18) शामिल हैं। ये कंधे से दागे जाने वाली तीसरी और चौथी पीढ़ी की मिसाइलें हैं, जो कम ऊंचाई वाले विमानों, हेलीकॉप्टरों और ड्रोन को 6 किमी तक मार गिराने में सक्षम हैं। ये सिस्टम, विशेष रूप से एफएन-6, निर्यात के लिए लोकप्रिय हैं और विभिन्न देशों में सक्रिय हैं। चीनी मैन-पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम एनएन-6 जिसे फ्लाइंग क्रॉसबो-6 भी कहा जाता है तीसरी पीढ़ी का इंफ्रारेड होमिंग सिस्टम है, जो 3.8 किमी की अधिकतम ऊंचाई तक मार कर सकता है।

### छह अरब डॉलर की संपत्ति अनफ्रीज करेगा अमेरिका

अमेरिका कतर में ईरान की छह अरब डॉलर की संपत्ति अनफ्रीज करने को तैयार हो गया है। ईरानी सूत्रों के अनुसार अमेरिका कतर और अन्य देशों में रखे ईरानी फंड को अनफ्रीज करने पर सहमत हो गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका कतर और अन्य विदेशी बैंकों में फ्रीज की गई ईरानी संपत्ति को जारी करने पर सहमत हो गया है। एक वरिष्ठ ईरानी सूत्र ने इस कदम का स्वागत करते हुए इसे वाशिंगटन की ओर से समझौते तक पहुंचने की दिशा में 'गंभीरता' के संकेत के रूप में बताया है। यह कदम न केवल संकटग्रस्त ईरानी अर्थव्यवस्था के लिए राहत ला सकता है, बल्कि वैश्विक व्यापार के लिए महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने के कूटनीतिक प्रयासों से भी सीधा जुड़ा हुआ है।

### लेबनान का इजराइल पर ड्रोन हमला, बजे सायरन

इजराइली सेना ने बताया है कि लेबनान की ओर से एक ड्रोन घुसपैठ का पता चला है, जिसके बाद अरब अल-अरामशे और पश्चिमी गलील के कई शहरों में सायरन बजाए गए। पिछले कुछ दिनों से इजराइल और लेबनान के बीच सीमा पर लगातार संघर्ष और जवाबी हमले हो रहे हैं, जबकि दोनों पक्षों से संघर्षविराम की अपीलें भी की जा रही हैं।

### हिजबुल्लाह ने इजराइल पर दागे कई रॉकेट

हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि उसने दक्षिणी लेबनान में इजराइली सैनिकों को निशाना बनाया। समूह के अनुसार, शनिवार तड़के करीब 1:40 बजे (स्थानीय समय) उसने टायर क्षेत्र के शामा कस्बे में एक घर में मौजूद इजराइली सैनिकों पर हमला किया। इसके अलावा, हिजबुल्लाह ने यह भी कहा कि उसने मध्यरात्रि के तुरंत बाद इजराइल के किर्यात शमोना, मेटुला और मिसगाव आम जैसे इलाकों पर रॉकेटों की बौछार की।

### 'जग विक्रम' ने होर्मुज स्ट्रेट किया पार



पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया कि भारत के झंडे वाला एलपीजी जहाज 'जग विक्रम' शुक्रवार रात से शनिवार सुबह के बीच इस होर्मुज स्ट्रेट से गुजरा। शनिवार दोपहर को पूर्व की ओर बढ़ते हुए, जलडमरूमध्य के पूर्व में ओमान की खाड़ी में स्थित था। इस जहाज पर लगभग 20,400 मीट्रिक टन एलपीजी कार्गो लदा है और इसमें 24 नाविक सवार हैं। इसके 15 अप्रैल 2026 को मुंबई पहुंचने की उम्मीद है।

## पीयूष गोयल और अल कासबी के बीच अहम बातचीत, व्यापार बढ़ाने पर फोकस

# क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सऊदी अरब के वाणिज्य मंत्री माजिद बिन अब्दुल्ला अल कासबी के साथ वर्चुअल कॉल पर महत्वपूर्ण बातचीत की। इस दौरान दोनों देशों ने पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति और आपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखने पर चर्चा की। बैठक के दौरान पीयूष गोयल ने हाल ही में घोषित युद्धविराम का स्वागत करते हुए आशा जताई कि इससे क्षेत्र में स्थायी शांति और सुरक्षा स्थापित होगी। उन्होंने सऊदी अरब के लोगों के साहस की सराहना की, जो चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद आपूर्ति श्रृंखला को सुचारू बनाए रखने में जुटे हैं।

वैकल्पिक मार्गों की खोज के प्रयासों की सराहना की

आर्थिक साझेदारी को सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता



### दोनों पक्षों का आपूर्ति श्रृंखला और व्यापार पर जोर

दोनों पक्षों ने माना कि संघर्ष के कारण क्षेत्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं पर दबाव पड़ा है। उन्होंने समन्वित प्रयासों के जरिए व्यापार प्रवाह को सुचारू बनाए रखने और जल्द सामान्य स्थिति बहाल करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### निर्यात और आर्थिक सहयोग को मजबूत करने पर सहमत हुए

पीयूष गोयल ने सऊदी अरब और खाड़ी क्षेत्र में निर्यात को समर्थन देने के लिए भारत द्वारा उठाए गए कदमों का भी उल्लेख किया। दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय व्यापार को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में भारत-जीसीसी मुक्त व्यापार समझौते की वार्ता में तेजी लाने की उम्मीद जताई गई। दोनों देशों ने आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की।

### जीसीसी महासचिव बुदैवी से की बात

*पीयूष गोयल ने खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के महासचिव जसीम मोहम्मद अल बुदैवी के साथ वर्चुअल बातचीत की। इस दौरान दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय स्थिरता और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। गोयल ने आवश्यक खाद्य पदार्थों की आपूर्ति श्रृंखला में आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही लॉजिस्टिक्स को मजबूत करने और वैकल्पिक मार्गों की खोज के प्रयासों की सराहना की। दोनों पक्षों ने निर्बाध और सुचारू व्यापार प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि वैश्विक आपूर्ति प्रणाली मजबूत बनी रहे।*

## लखनऊ से गाजीपुर जाने वाले वाहनों को किया जा रहा डायवर्ट

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की हवाई पट्टी पर लड़ाकू विमान करेंगे अभ्यास

एजेंसी ▶▶ जयसिंहपुर

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर अरवलकीरी करवत में निर्मित हवाई पट्टी पर एक बार फिर से वायुसेना के आधुनिक लड़ाकू विमानों की गर्जना सुनाई देगी। इसकी तैयारी एक्सप्रेसवे व प्रशासन ने शुरू कर दी है। इसके लिए वायुसेना मध्य कमान ने पत्र जारी कर दिया है। रिहर्सल के सप्ताह भर पहले से यह हवाई पट्टी वायुसेना के घेरे में रहेगी, जहां उनके जवान तैनात रहेंगे। तैयारियों के मद्देनजर हवाई पट्टी के बगल से गुजरे सर्विस मार्गों की साफ-सफाई शुरू कर दी गई है। लखनऊ से गाजीपुर जाने वाले वाहनों का रूट डायवर्जन भी किया गया है।

22 या 23 अप्रैल को होगा अभ्यास

वायुसेना मध्य कमान ने पत्र जारी किया



### साल 2019 में पीएम मोदी ने किया था लोकार्पण

वर्ष 2019 में 341 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेस वे का लोकार्पण पीएम नरेंद्र मोदी ने किया। वायुसेना के लड़ाकू विमानों सुखोई,मिराज, जगुआर, हरकुलिस,राफेल जैसे विमानों ने यहां करतब दिखाया था। उसके बाद वर्ष 2023 में पुनः वायुसेना अधिकारियों व जिला प्रशासन की मौजूदगी में सेना के युद्धक विमानों ने उड़ान भरी। अब 22 व 23 अप्रैल को वायुसेना के लड़ाकू विमान यहां अपना करतब दिखाएंगे। इसके लिए अधिकारियों ने तैयारी शुरू कर दी है।



हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



प्रशांत महासागर में सुरक्षित लैंडिंग

**नासा का आर्टेमिस-2 मिशन : 7 हजार तस्वीरों के साथ धरती पर लौटे नासा के अंतरिक्ष यात्री**

# पिछले पांच दशकों में ऐसा पहली बार था जब इंसानों ने चंद्रमा के पास जाकर फ्लाईबाय किया

- फ्लाईबाय यानी अंतरिक्ष यात्रियों ने चंद्रमा के पास से गुजरते हुए उसकी सतह, गड्ढों, लावा प्रवाह और अंतरिक्ष के दुर्लभ दृश्यों को कैमरे में कैद किया
- यह मिशन चंद्रमा के लिए भविष्य के और बड़े अभियानों की नींव रखेगा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के अनुसार, आर्टेमिस-2 के चारों अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर लौट आए हैं। 10 दिन की ऐतिहासिक चंद्र यात्रा के बाद चारों अंतरिक्ष यात्री शनिवार तड़के प्रशांत महासागर में सुरक्षित लैंडिंग के साथ पृथ्वी पर लौट आए।

इस मिशन में तीन अमेरिकी और एक कनाडाई अंतरिक्ष यात्री क्रिस्टीना कोच, विक्टर ग्लोवर, जेरेमी हैनसन और रीड वाइसमैन शामिल थे।



धरती पर लौटने पर अंतरिक्ष यात्री क्रिस्टीना कोच, विक्टर ग्लोवर, जेरेमी हैनसन और रीड वाइसमैन अपनी खुशी का इजहार करते हुए



### 2028 में दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग की योजना

यह मिशन चंद्रमा पर इंसानों की वापसी की दिशा में अहम कदम है। अगले मिशन आर्टेमिस-3 में अंतरिक्ष यात्री चंद्र लैंडर के साथ डॉकिंग का अभ्यास करेंगे, जबकि 2028 में आर्टेमिस-4 के तहत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग की योजना है।

### अमित क्षत्रियः नासा के शीर्ष पद तक पहुंचने वाले भारतीय मूल के वैज्ञानिक

भारतीय मूल के वैज्ञानिक अमित क्षत्रिय आज नासा में शीर्ष पद पर पहुंच चुके हैं। नासा के एसोसिएट एडमिनिस्ट्रेटर के रूप में वे एजेंसी के सबसे वरिष्ठ सिविल अधिकारी हैं और प्रशासक जारेड आइजैकमैन के प्रमुख सलाहकार के तौर पर अहम जिम्मेदारी निभा रहे हैं। आर्टेमिस 2 मिशन की सफलता की जानकारी देने के लिए नासा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। इस दौरान मंच पर मौजूद शीर्ष पांच अधिकारियों में सबसे पहले बोलने का मौका अमित क्षत्रिय को दिया गया।



अमित क्षत्रिय

## खबर संक्षेप

### बस-पिकअप की टक्कर में 10 की मौत, 25 घायल



**कटिहार।** यहां भीषण सड़क हादसे ने पूरे कोढ़ा इलाके को हिला कर रख दिया। एनएच-31 पर बसगड़ा चौक के पास दातपुर मुसहरी चौक के नजदीक बस और पिकअप वैन की जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भयानक था कि इसकी चपेट में आई दो बाइकों पर सवार 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे में अब तक 10 से ज्यादा लोगों की जान गई है, जबकि 25 से अधिक घायल बताए जा रहे हैं।

### 10वीं का रिजल्ट 14 के बाद कभी भी





**नई दिल्ली।** सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा दे चुके लाखों छात्रों के लिए बड़ी खबर है। सूत्रों के मुताबिक, बोर्ड 14 से 20 अप्रैल के बीच नतीजों की घोषणा कर सकता है। इस साल 17 फरवरी से 10 मार्च तक चली परीक्षाओं में करीब 25 लाख से ज्यादा छात्र शामिल हुए थे। दिलचस्प बात यह है कि इस बार सीबीएसई साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित कर रहा है। दूसरे चरण की परीक्षाएं मई में होनी हैं। यही वजह है कि पहले चरण का रिजल्ट इतनी जल्दी जारी किया जा रहा है।

### इंदौर में कॉपी-किताब मोनोपोली पर एफआईआर



**इंदौर।** स्कूलों में कॉपी-किताब की मोनोपोली के खिलाफ जिला प्रशासन ने एक और बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर गांधीनगर स्थित डॉ. विश्वनाथ कराडा गुरुकुल शांति (वर्ल्ड पीस स्कूल) के संचालक एवं प्राचार्य के एफआईआर की गई है। स्कूल प्रबंधन ने विद्यार्थियों को केवल स्कूल परिसर में संचालित अपनी निर्धारित दुकान से ही कॉपी-किताब खरीदने के लिए दबाव डाला जा रहा है।

**अमेरिका-ईरान के बीच इस्लामाबाद में सीजफायर पर शांति-वार्ता...3 दौर की बात हुई ईरान से 70 लोग व यूएस से 3 लोग मौजूद**

**अमेरिका से जेडी वेंस व ईरान से संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ कर रहे हैं बात, फिलहाल बैठक का नतीजा क्या निकला है इसकी जानकारी नहीं**

# हमले में मारे गए स्कूली बच्चों के खून सने बैग, जूते और तस्वीरें लेकर पहुंचा ईरान बोला-इनके 'गुनहगारों' को सजा कौन देगा ?

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के बीच जारी सीजफायर वार्ता एक्सपर्ट लेवल पर पहुंच गई है। इनमें सुरक्षा, राजनीति, सेना, अर्थव्यवस्था और कानून से जुड़े लोग शामिल हैं। दोनों देशों के नेता सीधे बातचीत नहीं कर रहे हैं। बैठक में पाकिस्तानी प्रतिनिधि भी मौजूद हैं। हालांकि अभी तक इस बातचीत की कोई तस्वीर नहीं आई है। दोनों देश पाक पीएम शाहबाज शरीफ को अपनी फाइलें दे रहे हैं। शरीफ दोनों से बात कर रहे हैं। दोनों देशों के बीच 3 दौर की बात हो चुकी है। अमेरिका का नेतृत्व उपराष्ट्रपति जेडी वेंस कर रहे हैं, जबकि ईरान का नेतृत्व संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ कर रहे हैं। 47 साल पहले यानी 1979 में ईरान की इस्लामिक क्रांति के बाद ये पहली बार है जब दोनों देश इतने बड़े स्तर पर आमने-सामने बातचीत कर रहे हैं।

ईरान ने सवाल किया कि अमेरिका, पाकिस्तान की मध्यस्थता का सम्मान करेगा या नहीं, यह अभी देखना बाकी है?

**बातचीत की खास बात ये कि दोनों देश सीधे बात नहीं कर रहे, दोनों अपनी फाइल पाक पीएम शाहबाज शरीफ को दे रहे, शरीफ दोनों से बात कर रहे**

- दोनों देशों की 47 साल बाद आमने-सामने बातचीत, ईरान बोला- बैठक फेल हुई तो यूएस-इजराइल जिम्मेदार
- वेंस ने कहा कि उन्हें बातचीत से अच्छे नतीजों की उम्मीद है, लेकिन ईरान अमेरिका के साथ चालाकी न करे

### ईरान बोला- लेबनान में सीजफायर जरूरी बातचीत भी जंग का हिस्सा

ईरान ने साफ कहा है कि लेबनान में सीजफायर होना बहुत जरूरी है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माईल बघई ने बताया कि यह बात पाकिस्तान को भी बता दी गई है, जो अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत करवा रहा है। उन्होंने कहा कि जब ईरान का डेलिगेशन पाकिस्तान के नेताओं से मिला, तो लेबनान में लड़ाई रोकने की बात सबसे पहले उठाई गई। ईरान चाहता है कि वहां के हमले जल्द से जल्द बंद हों।



ईरानी विमान की सीटों पर जब खून से सने बैग और जूतों के साथ बच्चों के फोटो रखे दिखे तो पूरी दुनिया सन्न रह गई

**ईरानी राजदूत बोले बैठक का मकसद गैर कानूनी जंग रोकना**

पाकिस्तान में मौजूद ईरान के राजदूत रेजा अमीरी मोघदाम ने अमेरिका की नीयत पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद में हो रही बातचीत का मकसद ईरान के खिलाफ चल रही गैरकानूनी जंग खत्म करना है। उन्होंने कहा कि यह युद्ध सिर्फ ईरान के खिलाफ अपराध नहीं है, बल्कि इससे पूरे क्षेत्र और दुनिया की सुरक्षा के लिए है।

**ईरान-अमेरिका सीजफायर वार्ता में चीन भी शामिल होगा**

अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान में चल रही शांति वार्ता में अब चीन भी शामिल हुआ है। खबर है कि चीन का एक प्रतिनिधिमंडल इस्लामाबाद पहुंच रहा है, जो पाकिस्तान की मध्यस्थता में मदद करेगा। माना जा रहा है कि अगर दोनों देशों के बीच कोई समझौता होता है, तो चीन उसमें गारंटी देने की भूमिका भी निभा सकता है।

**बॉम्बे हाई कोर्ट का फैसला**

## महिला सहकर्मी के शरीर को घूरना ताक-झांक नहीं

**भारतीय दंड संहिता की धारा 354सी की व्याख्या**



फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉम्बे हाई कोर्ट ने महिला को कथित तौर पर घूरने को लेकर एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा है कि किसी महिला सहकर्मी के शरीर को घूरना अनैतिक व्यवहार है, लेकिन इसे ताक-झांक का अपराध नहीं माना जाएगा। जस्टिस अमित बोरकर ने कहा कि ऐसे काम नैतिक रूप से गलत हैं, लेकिन वे भारतीय दंड संहिता की धारा 354सी के तहत कानूनी मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं। यह धारा ताक-झांक के अपराध को परिभाषित करती है और उसके लिए सजा तय करती है।

**अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम पर पथराव**

## आंसू गैस और हवाई फायरिंग 3 महिला पुलिसकर्मी घायल

**3 हिरासत में अन्य संदिग्धों की पहचान**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना

शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत डालीबाबा इलाके में अतिक्रमण हटाने पहुंची प्रशासनिक टीम पर अचानक हुए पथराव के बाद हालात तनावपूर्ण हो गए। नगर निगम और प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई के दौरान हुए इस बवाल को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने के साथ ही हवाई फायरिंग करनी पड़ी। घटना में तीन महिला पुलिसकर्मी घायल हुई हैं, जबकि कुछ उपद्रवियों को हिरासत में लिया गया है।

## महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती पर मुलाकात

**इधर 5 राज्यों में मचा है चुनावी घमासान**



**पीएम मोदी और राहुल गांधी यूं मिले... पहले मुस्कुराए, फिर हाथ जोड़ लिए**

**नई दिल्ली।** केरल, बंगाल, असम समेत 5 राज्यों में चुनावी घमासान को लेकर सियासी पारा चढ़ा हुआ है। ऐसे में शनिवार सुबह-सुबह भारतीय राजनीति की बेहद खास तस्वीर सामने आई, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अचानक ही आमने-सामने आ गए।

**इंदौर में महामंडलेश्वर ने ली 72 घंटे की भू-समाधि**

## हनुमान प्रतिमा लेकर 7 फीट गड्ढे में उतरे महाराज, 13 को देंगे दर्शन

**समाधि के दौरान लगातार होंगे अभिषेक-पाठ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

तिल्लौर-शिवनगर मार्ग स्थित ग्राम पीपलिया लोहार के संकट मोचन हनुमंत मंदिर खेड़ापति आश्रम में शुक्रवार को एक अनोखी आध्यात्मिक साधना देखने को मिली। महामंडलेश्वर राजगुरु महाराज ने सैकड़ों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में 72 घंटे की भूसमाधि ली। दोपहर 12:45 बजे महाराज अपने इष्ट भगवान हनुमान की प्रतिमा को हाथों में लेकर करीब 7 फीट गहरे गड्ढे में सीढ़ियों के सहारे उतरे। इस दौरान उन्होंने कहा कि 13 अप्रैल को दोपहर 12:45 बजे तपस्या पूर्ण होने पर वे पुनः श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे।



राजगुरु महाराज की भूसमाधि

### 12 फीट उंचे हनुमान का होता रहेगा अभिषेक

इस मौके पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बताया गया कि महाराज गुरुवार रात 1 बजे से ही साधना में लीन हो गए थे। शुक्रवार दोपहर 12:30 बजे हनुमानजी की आरती के बाद वे भूसमाधि में चले गए। समाधि अवधि के दौरान 12 फीट ऊंची हनुमान प्रतिमा का लगातार अभिषेक किया जाएगा। साथ ही हनुमान चालीसा का अखंड पाठ और दोपहर में भागवत कथा का आयोजन होगा।

**दिन में गर्मी बढ़ेगी, रात में कुछ राहत रहेगी, अगले सप्ताह फिर बदलेगा मौसम**

**प्रदेश में सबसे अधिक पारा नर्मदापुरम में 39.4 डिग्री रहा, धार और खरगोन में भी**

## अगले 3 से 4 दिन में 2 से 3 डिग्री बढ़ेगी गर्मी पारा '40 से 41' डिग्री तक पहुंचने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अब गर्मी का पारा लगातार बढ़ रहा है। अगले 3 से 4 दिन के बीच भोपाल में अधिकतम तापमान 40 से 41 डिग्री तक पहुंच सकता है। इस बीच रात में अभी हवाएं बदलने से गर्मी से कुछ राहत रहेगी।

अगले सप्ताह में मौसम में फिर बदलाव की उम्मीद है। इससे महीने में औसत पारा 40 से 41 डिग्री तक बने रहने की पूरी संभावना है। शनिवार तक प्रदेशभर में दिन और रात के तापमान में वृद्धि के बावजूद पारा सामान्य के नीचे दर्ज हुआ है। लेकिन दिन में गर्मी का असर तेजी से बढ़ रहा है।



राजधानी का ज्योति टॉकीज चौराहा , दोपहर 1:30 बजे का दृश्य





## फिल्म 'मातृभूमि' से नया गाना जारी, नए चेहरे आए नजर...

**मुंबई।** सलमान खान अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर खबरों में छाए हैं। अपूर्व लाखिया द्वारा निर्देशित यह फिल्म पहले अप्रैल, 2026 में रिलीज होनी थी, लेकिन अब रिलीज अगस्त तक आगे बढ़ा दी गई है। इस बीच, अभिनेता ने लोगों में फिल्म का उत्साह बनाए रखने के लिए नया गाना 'मेरा जी नहीं भरा' जारी किया है। हालांकि, इसमें चित्रांगदा सिंह के साथ वह खुद नजर नहीं आए हैं, बल्कि 2 नए चेहरों का परिचय कराया गया है। 'मेरा जी नहीं भरा' गाने को श्रेया घोषाल और विशाल मिश्रा ने आवाज दी है। यह गाना 2 नए चेहरों जैन शॉ और अभिश्री सेन पर फिल्माया गया है, जो फिल्म में अहम किरदारों में नजर आएंगे।

लाइफ Style



# कल्याणी

## मधुबाला की बायोपिक में निभाएंगी लीड रोल

पर्दे पर भारतीय सिनेमा की सबसे खूबसूरत अदाकारा मधुबाला की जिंदगी को उतारने की तैयारी तेज हो गई है। लंबे समय से चर्चा थी कि फिल्म 'धुरंधर 2' फेम सारा अर्जुन इस बायोपिक में लीड रोल निभाएंगी, लेकिन अब कहानी में एक बड़ा ट्विस्ट आ गया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सारा अर्जुन की जगह अब साउथ फिल्म इंडस्ट्री की लोकप्रिय एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन के नाम पर मोहर लगा दी गई है। इस फिल्म का निर्देशन जसमीत करेंगी, जिन्होंने इससे पहले आलिया भट्ट, शेफाली शाह और विजय वर्मा अभिनीत बेहतरीन फिल्म 'डार्लिंग्स' का निर्देशन किया था। प्रोडक्शन हाउस के एक सूत्र ने जूम को बताया कि भारतीय सिनेमा के सबसे प्रतिष्ठित सितारों में से एक को भव्य श्रद्धांजलि देने के लिए बनाई जा रही इस फिल्म के निर्माता, कल्याणी को कास्ट करने के लिए काफी उत्सुक हैं। 'लोकाह' की अखिल भारतीय सफलता के बाद कल्याणी निर्माताओं की पहली पसंद बनी हुई हैं। अभिनेत्री की बढ़ती लोकप्रियता, उनकी स्वाभाविक मासूमियत और पर्दे पर उनके जादू ने उन्हें इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के लिए एकदम फिट बना दिया है। कल्याणी मशहूर निर्देशक प्रियदर्शन और अभिनेत्री लिजी की बेटी हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत साल 2017 में अखिल अक्किनेनी के साथ फिल्म 'हेलो' से की थी। उन्होंने यूं तो कई फिल्मों में अपने अभिनय से दर्शकों के दिल जीते, लेकिन पिछली बार डोमिनी अरुण की फिल्म ' 'लोकाह चैप्टर 1- चंद्रा' से वो रातों-रात स्टार बन गई थीं।

हॉलीवुड मसाला



## टेलर- ट्रैविस की शादी की तारीख तय

**लॉस एंजिल्स।** पॉप गायिका टेलर स्विफ्ट मंगेतर ट्रैविस केल्स के साथ अपने रिश्ते को एक कदम आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। खबर है कि उन्होंने अपनी शादी को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। यही नहीं, दोनों ने शादी में शामिल होने के लिए करीबी दोस्तों और परिवार को 'सेव द डेट' निमंत्रण भी भेज दिए हैं। पहले चर्चा थी कि गायिका 13 जून को शादी करेंगी क्योंकि यह उनका लकी नंबर है, लेकिन अब तारीख बदल गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, टेलर और ट्रैविस ने अपनी शादी के लिए 3 जुलाई की तारीख चुनी है।



## 'एक्सट्रैक्शन 3' के साथ वापसी करेंगे हेम्सवर्थ

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल की फिल्मों में 'थॉर' बनकर लोकप्रियता हासिल करने वाले अभिनेता क्रिस हेम्सवर्थ एक बार फिर नेटफ्लिक्स पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। उनकी चर्चित फ्रैंचाइजी फिल्म 'एक्सट्रैक्शन' की तीसरी कड़ी की आधिकारिक पुष्टि हो गई है। फिल्म के निर्देशन की कमान सैम हरग्रेव ने संभाली है, जिन्होंने पहली 2 फिल्मों का निर्देशन भी किया था। पटकथा डेविड वेइल द्वारा लिखी जा रही है। 'एक्सट्रैक्शन 3' के जरिए क्रिस अपने लोकप्रिय किरदार 'टायलर रेक' के साथ वापसी करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, 'एक्सट्रैक्शन 3' के प्रोडक्शन का काम जून, 2026 में शुरू किया जा सकता है। फिल्म की शूटिंग के लिए निर्माताओं ने मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया और यूरोप के कुछ हिस्सों की रेकी की है।



## विक्की की 'महावतार' में होंगी शामिल

**मुंबई।** 'स्त्री' फ्रैंचाइजी के निर्देशक अमर कौशिक अपनी महात्वकांक्षी परियोजना 'महावतार' के लिए श्रद्धा कपूर से बाचीत कर रहे हैं। अगर सब कुछ तय हो जाता है तो फिल्म की शूटिंग जून, 2026 से शुरू की जा सकती है। सूत्र ने कहा, श्रद्धा इस किरदार के लिए बिल्कुल सही हैं। टीम ऐसी अभिनेत्री की तलाश में थी जो स्टार वैल्यू और दमदार उपस्थिति ला सके। निर्माताओं को उम्मीद है कि विक्की कौशल के साथ उनकी जोड़ी दर्शकों को पसंद आएगी।विक्की कौशल के लिए साल 2025 बेहद शानदार साबित हुआ। उनकी ऐतिहासिक फिल्म 'छावा' ने भारत में करीब 800 करोड़ के आसपास कारोबार करते हुए उन्हें सफलता दिलाई। अब फैंस की नजरें अभिनेता की अगली फिल्म 'महावतार' पर टिकी हुई हैं। म



## मां को बचाने एक बेटे की जद्दोजहद...

**मुंबई।** आदिल हुसैन, राज वासुदेवा और निहारसिया रायजादा अभिनीत फिल्म 'मर्सी' का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। इस फिल्म का प्रीमियर लंदन के रिच मिक्स थिएटर में यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल 2025 में किया गया था। 24 अप्रैल को यह फिल्म भारतीय सिनेमाघरों में अपनी मार्मिक कहानी से दर्शकों का दिल पिघलाने आ रही है। मितुल पटेल ने 'मर्सी' के जरिए निर्देशन की दुनिया में कदम रखा है। इसका निर्माण एवर क्लियर फिल्म्स के बैनर तले किया गया है। 'मर्सी' निष्क्रिय इच्छामृत्यु के संवेदनशील विषय पर आधारित फिल्म है। ट्रेलर शेखर (राज वासुदेवा) की मार्मिक कहानी बयां करता है, जो अपनी बीमार मां को बचाने के लिए हर जद्दोजहद करता है। बाद में उसे उनके दुखों को दूर करने के लिए एक दर्दनाक फैसला लेना पड़ता है।

टीवी मसाला



## रामायण का 'कुंभकर्ण', जिसकी मौत पर रोई पूरी दुनिया...

**मुंबई।** टीवी इतिहास के सबसे लोकप्रिय धारावाहिकों में से एक रामायण में कई ऐसे कलाकार रहे, जिन्होंने अपने किरदारों को अमर बना दिया इन्हीं में से एक थे नलिन दवे, जिन्होंने कुंभकर्ण का रोल निभाकर दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी। उनकी दमदार एक्टिंग का असर ऐसा था कि लॉकडाउन के दौरान जब शो दोबारा प्रसारित हुआ, तो कुंभकर्ण के वध का दृश्य देख लोग भावुक हो उठे। अफसोस की बात यह है कि इतनी लोकप्रियता पाने वाले नलिन दवे आज इस दुनिया में नहीं हैं और महज 50 साल की उम्र में उनका निधन हो गया था।

### कुंभकर्ण बनकर मिली अलग पहचान

नलिन दवे मूल रूप से गुजराती फिल्म इंडस्ट्री और थिएटर से जुड़े हुए थे। उन्होंने कई फिल्मों और नाटकों में काम किया, लेकिन जो पहचान उन्हें कुंभकर्ण के किरदार से मिली, वह किसी और प्रोजेक्ट से नहीं मिल सकी। उनके मजबूत शरीर और भारी आवाज ने इस किरदार को जीवंत बना दिया। 'कुंभकर्ण' सिर्फ एक राक्षस नहीं बल्कि समझदार और सच्चाई बोलने वाला भाई भी दिखाया गया, जिसने रावण को कई बार समझाने की कोशिश की। यही वजह रही कि दर्शकों ने इस किरदार को दिल से अपनाया और आज भी उसे याद करते हैं।

### ऐसे शूट हुआ था कुंभकर्ण का वध सीन

रामानंद सागर के निर्देशन में बने इस शो में उस दौर की सीमित तकनीक के बावजूद कमाल के इफेक्ट्स दिखाए गए। लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले सुनील लहरी ने खुलासा किया था कि कुंभकर्ण के वध वाले सीन में क्रोमा तकनीक का इस्तेमाल किया गया था। शरीर के अलग-अलग हिस्सों को दिखाने के लिए प्लास्टर ऑफ पेरिस से हाथ, सिर और धड़ के मोल्ड तैयार किए गए थे। जब तीर लगने का दृश्य फिल्माया गया, तो ये मोल्ड अलग-अलग गिरते हुए दिखाए गए। सिर काटने के सीन के लिए पानी के टैंक और क्रोमा इफेक्ट का सहारा लिया गया। सीमित संसाधनों के बावजूद इस सीन को इतनी बारीकी से शूट किया गया कि आज भी यह दृश्य दर्शकों को भावुक कर देता है।

## रैना के शो 'स्टिल अलाइव' ने मचाया तहलका...

**मुंबई।** चर्चित स्टैंड-अप कॉमेडियन समय रैना एक बार फिर खबरों में छाए हुए हैं। इसकी वजह यूट्यूब की दुनिया में उनकी धमाकेदार वापसी है, जो साल 2025 में हुए 'इंडियाज गॉट लेटेंट' विवाद के बाद उनकी वापसी का प्रतीक है। करीब एक साल से ज्यादा वक्त तक स्टैंड-अप कॉमेडी से दूर रहने के बाद रैना ने अपने नए शो 'स्टिल अलाइव' से वापसी की। दिलचस्प बात ये है कि उनके इस नए शो ने इंटरनेट पर धूम मचाकर रख दी है।

***24 घंटे में मिले करोड़ों व्यूज***

:'स्टिल अलाइव' को कॉमेडियन के यूट्यूब चैनल पर 7 अप्रैल को रिलीज किया गया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, वीडियो ने 24 घंटे के अंदर 2.20 करोड़ से ज्यादा व्यूज हासिल करते हुए भारतीय यूट्यूब कॉमेडी के इतिहास में एक नया रिकॉर्ड बना दिया है। हालांकि, खबर लिखे जाने तक वीडियो ने यूट्यूब पर 2.40 करोड़ से ज्यादा व्यूज हासिल कर लिए हैं, जो उनके अभी तक किसी भी वीडियो को मिले व्यूज के मुकाबले सबसे ज्यादा हैं।



***'इंडियाज गॉट लेटेंट सीजन 2' का दिया संकेत***

: 'स्टिल अलाइव' के जरिए रैना ने फैंस को अपने मुश्किल वक्त की दास्तां सुनाई है। शो के आखिर में वह भावुक भी हो गए और 'इंडियाज गॉट लेटेंट' के विवाद के बाद अपने संघर्ष का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि कैसे एक वीडियो की वजह से उन्हें लोगों की ट्रोलिंग और धमकियों का सामना करना पड़ा था। हालांकि, फैंस उस वक्त खुश हो गए, जब उन्होंने वीडियो के आखिर में 'इंडियाज गॉट लेटेंट सीजन 2' का संकेत दिया।

## सनी देओल की नई फिल्म 'लखन', वही गुस्सा; वही पावर और 'सीटी-मार' एक्शन का नया डोज

**मुंबई।** 'गदर 2' की ऐतिहासिक सफलता के बाद सनी देओल एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाका करने के लिए तैयार हैं। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने अपनी अगली एक्शन-थ्रिलर फिल्म के लिए 'किल' के निर्देशक निखिल नागेश भट्ट के साथ हाथ मिलाया है, जिसका नाम 'लखन' रखा गया है। सनी एक बार फिर अपने धाकड़ अवतार से दर्शकों को मनोरंजित करने के लिए तैयार हैं। वो फिल्म की शूटिंग के लिए कमर कस चुके हैं।

### सिनेमाघरों में फिर बजेंगी सीटियां

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, लखन' में सनी का वही पुराना और रौद्र रूप लौटने वाला है। इस फिल्म को एक भव्य एक्शन एंटरटेनर के रूप में तैयार किया जा रहा है, जिसमें



रोंगटे खड़े कर देने वाले एक्शन सीक्वेंस और दमदार डायलॉग्स की भरमार होगी। फिल्म में कई ऐसे दृश्य होंगे, जो दर्शकों को सिनेमाघरों में झूमने पर मजबूर कर देंगे। निर्देशक ल्म के जरिए सनी को फिर उनके पूरे 'एक्शन मोड' में पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### कब शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

फिल्म के निर्माताओं ने बड़े पैमाने पर तैयारी शुरू कर दी है। फिल्म की स्क्रिप्टिंग, एक्शन डिजाइन और प्री-प्रोडक्शन का काम काफी तेज गति से चल रहा है। एक सूत्र ने खुलासा किया, ये एक बड़े स्तर की एक्शन एंटरटेनर फिल्म है, जो हाई-एनर्जी और दर्शकों को खुश करने वाले पलों से भरपूर होगी। इसमें सनी देओल के कई ऐसे सीक्वेंस होंगे, जिन्हें देख दर्शकों के होश उड़ जाएंगे। फिल्म की शूटिंग अक्टूबर से शुरू होगी।

### एक में 'लखन' और 'रामायण' में हनुमान बनेंगे सनी

एक तरफ जहां सनी अपनी फिल्म 'लखन' से एक्शन के नए कीर्तिमान स्थापित करने जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर वो नितेश तिवारी की महत्वाकांक्षी फिल्म 'रामायण' को लेकर भी चर्चा में हैं। ये महागाथा 2 भागों में रिलीज की जाएगी, जिसमें सनी 'भगवान हनुमान' के बेहद शक्तिशाली अवतार में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनके साथ रणबीर कपूर (राम), साईं पल्लवी (सीता), रवि दुबे (लक्ष्मण) और यश (रावण) जैसे दिग्गज कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## भारतीय सिनेमा के शौकीनों के लिए अप्रैल महीने में उत्सव

# रामचरण का टशन और अक्षय की कॉमेडी, इन फिल्मों पर टिकीं सबकी निगाहें

*मुंबई। अप्रैल का महीना भारतीय सिनेमा के शौकीनों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं होने वाला है। इस महीने बॉक्स ऑफिस पर अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित हॉरर-कॉमेडी 'भूत बंगला' के साथ हंसी का तड़का लगेगा, तो वहीं ग्लोबल स्टार राम चरण और जाह्नवी कपूर की फिल्म 'पेड्डी' से एक्शन का तूफान आएगा। अप्रैल यानी इस महीने कुल 7 ऐसी बड़ी फिल्में दर्शकों के बीच होंगी, जिन पर दर्शकों और ट्रेड पंडितों की पैनी निगाहें टिकी हुई हैं।*

### 'डकैत' और 'लव इंश्योरेंस कंपनी'

अदिवी शेष और मृणाल ठाकुर अभिनीत 'डकैत' 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है। ये मूल रूप से तेलुगू फिल्म है, जिसे बड़े स्तर पर हिंदी में भी रिलीज किया गया है। 'डकैत' के साथ ही निर्देशक विग्नेश शिवन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'लव इंश्योरेंस कंपनी' भी रिलीज हुई है, जिसमें प्रदीप रंगनाथन और कृति शेट्टी मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'लव टूडे' की ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद प्रदीप रंगनाथन फिर अपने अनूठे अंदाज में लौट आए हैं।

### 'भूत बंगला'

सिनेमा प्रेमियों के लिए 17 अप्रैल की तारीख भी बेहद खास होने वाली है, क्योंकि इस दिन 'भूत बंगला' के साथ बॉलीवुड की सबसे सफल जोड़ियों में से एक अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन पूरे 14 साल के लंबे इंतजार के बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। बालाजी मोशन पिक्चर्स द्वारा निर्मित ये फिल्म हॉरर-कॉमेडी जॉनर की है, जिसमें अक्षय दर्शकों को हंसाने के साथ-साथ डराएंगे भी। राजपाल यादव और परेश रावल भी इसका हिस्सा हैं।



### 'पेड्डी'

आरआरआर की वैश्विक सफलता के बाद राम चरण फिर अपनी जबरदस्त एक्टिंग और शारीरिक कायाकल्प से दर्शकों को हैरान करने आ रहे हैं। इस फिल्म में वो एक पहलवान की भूमिका में हैं। जाह्नवी कपूर फिल्म की हीरोइन हैं। ये फिल्म भी 30 अप्रैल को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता बुची बाबू सना के निर्देशन में बनी इस फिल्म में राम चरण का अलग अवतार पहले ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा चुका है।

### 'कारा' और 'केडीः द डेविल'

उधर 30 अप्रैल को आ रही 'कारा' एक ऐसी क्राइम एक्शन थ्रिलर है, जिसमें धनुष की कलाकारी और विग्नेश राजा की बेहतरीन रोमांचक मेकिंग का तालमेल दिखेगा। 'रायन' के बाद धनुष की इस फिल्म पर पूरे दक्षिण भारतीय सिनेमा की नजरें टिकी हुई हैं। दूसरी ओर कन्नड़ इंडस्ट्री अपना अगला बड़ा पैन-इंडिया दांव 'केडीः द डेविल' के रूप में चलने जा रही है। फिल्म में ध्रुव सरजा और बॉलीवुड से संजय दत्त और शिल्पा शेट्टी भी अहम भूमिका में हैं।

## सिद्धबाबा वार्ड में जर्जर बिल्डिंग ने ली महिला की जान

# पीएम आवास योजना के मकानों की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल!

हरिभूमि जबलपुर।

गरीबों को पक्की और सुरक्षित छत देने के उद्देश्य से बनाई गई प्रधानमंत्री आवास योजना की जमीनी हकीकत सिद्धबाबा वार्ड में दर्दनाक रूप में सामने आई है। करिया पाथर श्मशान भूमि के पास स्थित पीएम आवास योजना की बहुमंजिला बिल्डिंग में 16 मार्च की रात छत का मलबा गिरने से 50 वर्षीय संतों बाई कोरी की मौत हो गई। इस घटना ने निर्माण गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार चौथी मंजिल पर रहने वाले अशोक कोरी अपनी पत्नी संतों बाई और बच्चों के साथ यहां निवास करते थे। 16 मार्च की रात संतों बाई रसोई में खाना बना रही थीं, तभी अचानक छत का एक हिस्सा टूटकर उनके ऊपर गिर गया। मलबा गिरने से उनका सिर फट गया और शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आईं। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत 108 एम्बुलेंस बुलाकर उन्हें विक्टोरिया अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतका के पति अशोक कोरी का कहना है कि यह पहली घटना नहीं थी। कुछ वर्ष पहले भी छज्जा गिरने से संतों बाई घायल हो चुकी थीं। उस समय मरम्मत का आश्वासन मिला, लेकिन हालात जस के तस बने रहे। इस बार हादसा जानलेवा साबित हुआ।




### सभी मकानों की हालत खराब

स्थानीय निवासियों के मुताबिक सिद्धबाबा वार्ड स्थित पीएम आवास योजना की अधिकांश बिल्डिंगों की हालत जर्जर है। छतों से प्लास्टर झड़ रहा है, दीवारों में गहरी दरारें पड़ चुकी हैं और कई स्थानों पर लोहे की सरिया बाहर दिखाई देने लगी है। बरसात में पानी भरने की समस्या अलग है। रहवासी बताते हैं कि छत पर तेज चलने से सीमेंट और लोहे की कतरन नीचे गिरती है। कई परिवारों ने रसोई के ऊपर कपड़ा बांध रखा है ताकि छत से गिरने वाले टुकड़े खाने में न गिरें।

### निर्माण गुणवत्ता पर सवाल

घटना के बाद सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि क्या निर्माण कार्य की गुणवत्ता की सही जांच हुई थी? क्या बिल्डिंग बनने के बाद तकनीकी निरीक्षण और स्ट्रक्चरल ऑडिट किया गया? यदि पहले भी छज्जा गिरने की घटना हुई थी तो समय रहते स्थायी मरम्मत क्यों नहीं कराई गई? स्थानीय लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने गंभीरता नहीं दिखाई। यदि समय पर निरीक्षण और मरम्मत होती, तो शायद एक महिला की जान बचाई जा सकती थी।

### कौन लेगा जवाबदेही

यह मामला केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि योजना के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत उजागर करता है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य गरीबों को सुरक्षित आवास देना है, लेकिन यदि निर्माण मानकों से समझौता हुआ है तो इसकी जांच जरूरी है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस घटना को महज एक हादसा मानकर छोड़ देता है या फिर निर्माण गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच कर दोषियों की जवाबदेही तय करता है। फिलहाल सिद्धबाबा वार्ड के निवासी डर के साये में जीने को मजबूर हैं और हर गिरते प्लास्टर के साथ एक नए हादसे की आशंका बढ़ती जा रही है।

**एक सीट पर 6 से ज्यादा दावेदार**

## स्टेट बार काउंसिल चुनाव में कड़ी टक्कर तय



**जबलपुर।** स्टेट बार काउंसिल ऑफ मध्य प्रदेश के चुनाव में इस बार मुकाबला बेहद दिलचस्प होने जा रहा है। 23 पदों के लिए कुल 148 उम्मीदवार मैदान में हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो औसतन हर एक सीट पर 6 से अधिक दावेदार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। ऐसे में साफ है कि इस बार चुनावी जंग कड़ी और रोमांचक होगी। नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। जबलपुर स्थित मुख्य केंद्र पर कुल प्रत्याशियों की संख्या 148 तक पहुंच गई। इस वर्ष 23 पदों के लिए मतदान होना है, जिसमें 18 पुरुष और 5 महिला सदस्यों का चयन किया जाएगा। हालांकि नाम वापसी अभी बाकी है जिसके बाद अंतिम सूची का प्रकाशन होगा। इतनी बड़ी संख्या में उम्मीदवारों के मैदान में उतरने से वोटों का बिखराव तय माना जा रहा है। अधिवक्ताओं के बीच व्यक्तिगत संपर्क, बार की राजनीति और क्षेत्रीय समीकरण इस चुनाव में अहम भूमिका निभाएंगे। जानकारों का मानना है कि कम अंतर से जीत-हार तय होने की संभावना है। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 15 और 16 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 17 अप्रैल को पात्र उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद 20 से 22 अप्रैल तक नाम वापसी का समय रहेगा और 22 अप्रैल की शाम 5 बजे अंतिम सूची जारी की जाएगी। मतदान 12 मई को होगा। निर्वाचन 2026 के लिए अंतिम मतदाता सूची 1 अप्रैल को जारी की जा चुकी है, जिसमें अब कोई बदलाव संभव नहीं है। अधिवक्ताओं को मतदान के लिए अपने पहचान पत्र संबंधित जिला अधिवक्ता संघ से समय रहते प्राप्त करने की सलाह दी गई है। चुनाव की तारीख नजदीक आते ही कानूनी हलकों में सरगर्मी बढ़ गई है। बार रूम से लेकर कोर्ट परिसर तक चुनावी चर्चाएं तेज हैं। अब सबकी नजर इस बात पर है कि स्क्रूटनी और नाम वापसी के बाद अंतिम सूची में कितने उम्मीदवार रहेंगे और 12 मई को होने वाला मतदान किसे बार काउंसिल की कुर्सी तक पहुंचाएगा।

## मारुति शोरूम शुभ मोटर्स पर सेंट्रल जीएसटी का छापा

**जबलपुर।** शहर के मदन महल क्षेत्र स्थित मारुति शुभ मोटर्स एरिना शोरूम पर गुरुवार देर शाम केंद्रीय जीएसटी विभाग की टीम ने जांच कार्रवाई शुरू की। यह कार्रवाई शोरूम में कथित टैक्स गड़बड़ी की लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर की गई। जांच के दौरान विभागीय अधिकारियों ने शोरूम के विभिन्न दस्तावेजों और वित्तीय अभिलेखों को खंगाला। जानकारी के अनुसार, केंद्रीय जीएसटी के सुपरिंटेंडेंट अनूप सिंह गौर टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे और पूरी कार्रवाई की निगरानी की। टीम ने शोरूम में बिक्री से संबंधित रजिस्टर, बिलिंग रिकॉर्ड, जीएसटी रिटर्न, टैक्स भुगतान विवरण और अन्य वित्तीय दस्तावेजों का मिलान शुरू किया है। विशेष रूप से यह देखा जा रहा है कि वाहन बिक्री के दौरान जारी किए गए बिल और जमा किए गए टैक्स में किसी प्रकार की विसंगति तो नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, विभाग को पिछले कुछ समय से इस शोरूम में टैक्स भुगतान में अनियमितता और बिलिंग में गड़बड़ी की शिकायतें मिल रही थीं। प्रारंभिक जांच के बाद इन शिकायतों को गंभीर मानते हुए विस्तृत जांच का निर्णय लिया गया। इसी क्रम में गुरुवार को टीम ने शोरूम पहुंचकर दस्तावेजों की पड़ताल शुरू की। छापे में क्या मिला इसकी विस्तृत रिपोर्ट सामने आना अभी बाकी है. जांच के दौरान शोरूम प्रबंधन से भी आवश्यक कागजात और स्पष्टीकरण मांगा गया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि वास्तव में टैक्स नियमों का उल्लंघन हुआ है या नहीं। यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो जीएसटी अधिनियम के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### घमापुर में बाइक डिवाइडर से टकराई, 2 युवक गंभीर

## लगातार सड़क हादसे दे रहे चेतावनी

**जबलपुर।** शहर में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गत दिवस रांझी क्षेत्र में गड्ढे में बाइक गिरने की घटना के बाद अब घमापुर थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस भीषण सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक की रफ्तार काफी तेज थी। अचानक संतुलन बिगड़ने से बाइक सीधे डिवाइडर से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर तक घिसटते चले गए। हादसे के तुरंत बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। क्षेत्रीय नागरिकों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि दोनों युवक शराब के नशे में थे और नशे की हालत में वाहन चला रहे थे। प्राथमिक जानकारी के अनुसार यही हादसे की बड़ी वजह मानी जा रही है। घटना पास में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि बाइक तेज गति से आ रही थी और सीधे डिवाइडर से टकरा गई। सूचना मिलते ही घमापुर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। क्षतिग्रस्त बाइक को सड़क से हटाकर यातायात सुचारू कराया गया।



### जागरूकता की जरूरत

लगातार हो रहे सड़क हादसे कई सवाल खड़े कर रहे हैं। तेज रफ्तार और नशे में वाहन चलाना न केवल चालक बल्कि राहगीरों के लिए भी जानलेवा साबित हो रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार नशे की हालत में वाहन चलाना कानूनन अपराध है। तेज रफ्तार पर वाहन का नियंत्रण मुश्किल हो जाता है। हेलमेट और सुरक्षा नियमों की अनदेखी हादसे को और घातक बना देती है। प्रशासन द्वारा समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं, लेकिन जब तक लोग स्वयं जिम्मेदारी नहीं समझेंगे, ऐसे हादसे रुकना मुश्किल है।

*ज्ञान से भगवान पूरे नहीं जाने जा सकते, उन्हें हम भक्ति से ही जान सकते हैं*

## श्रीरामकथा में तुलसी पीठाधीश्वर रामभद्राचार्यजी ने बताई भक्ति और ज्ञान की महिमा

**जबलपुर।** बिना ईश्वर की कृपा के विद्या नहीं मिलती। लेकिन यह भी सही है कि यदि विद्या भगवान की बजाय संसार से जुड़ती है, तो विवाद, मद, अहंकार उत्पन्न करती है। इससे उलट विद्या यदि भगवान से जुड़ जाती है, तो वह ब्रम्हविद्याा बन जाती है। इस आशय के वचन तुलसी पीठाधीश्वर, पद्म विभूषण जगद्गुरू, रामानंदाचार्य स्वामी श्री रामभद्राचार्य जी ने आयुर्वेद कॉलेज मैदान स्थित अवधपुरी पंडाल में चल रही श्रीरामकथा के सप्तम दिवस पर उमड़े श्रोताओं से कहे। भगवान श्रीराम की वनलीला में आए केवट प्रसंग की चर्चा करते हुए महाराजश्री ने भक्ति और ज्ञान की अद्भुत व्याख्या की। समरसता सेवा संगठन के तत्वावधान में चल रही श्रीरामकथा में 'राम जनम जग मंगल हेतू' विषय पर चल रही कथा में कहा महाराजश्री ने कहा कि विद्या से यदि भक्ति न आए तो विद्या किसी काम की नहीं। उन्होंने कहा कि श्रीरामजी की भक्ति ही गंगा है। जीव जब अपने जीवन की नाव इस गंगा में उतारता है तो भवसागर पार हो जाता है।





**कथा पूर्व रामानंदाचार्य पीठ की पादुकाओं का पूजन**

विधायक संतोष बरकड़े, पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी , विनोद गोटियां, इंदर मोहन भाटिया , श्रीमती स्वाति सदानंद गोडवोले , डॉ दीपक बहरानी, डॉ सुनील मिश्रा, पं.संजय गोस्वामी , अभय सिंह, डॉ संजय चौधरी , राजू चक्रवर्ती ने किया। तुलसी पीठ के आचार्य रामचंद्रदासजी ने चरण पादुका पूजन का मंगल विधान संपन्न कराया। पूजनोपरांत आगंतुम अतिथियों उमेश पांडे , के डी सिंह, नन्द कुमार दुबे, रजनी यादव, स्वामी योग रचित जी, सुदर्शन जगदीश चौहटेल, आकाश मालपानी , गौरव भंडारी , श्रीमती संध्या दुबे ने व्यास पीठ और महाराजश्री का पूजन-अर्चन कर माल्यार्पण किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कृष्ण मूर्ति मिश्रा, श्रीमती श्वेता कृष्णमूर्ति , अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश यादव , रजिस्ट्रार एवं जिला न्यायाधीश ऋषि राज मिश्रा , जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती मेघा पुरोहित, सिटी मजिस्ट्रेट पंकज सविता, उमेश पारवानी , कमल ग्रोवर, रविन्द्र वाजपेई, धीरज पटेरिया, वीरेन्द्र चौकसे , नितिन बरसैंया, राजनीत जैन , पंकज गोयल, रज्जन मोती श्रीपाल ने आरती पूजन किया। मंच पर उपस्थित संतों का आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ जितेन्द्र जामदार, समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने पुष्पमाला पहना कर स्वागत किया।

**विद्या वाचन**

- खल की विद्या से विवाद उत्पन्न होता है, खल का धन मद के लिए होता है।
- जो जितना छोटा होता है, प्रभु श्रीराम उसको उतना ही बड़ा बना देते हैं।
- मंत्र कंठस्थ का आशय मनन करना और उसके अनुरूप व्यवहार करना।
- 108 दिन तक लगातार 108 बार हनुमान चालीसा पढ़ने से सिद्धि आती है।
- रामकथा का सूत्र है कि हमारा बचपन प्रबुद्ध हो जवानी शुद्ध हो बुढ़ापा सिद्ध हो।
- भक्त भगवान का चरणोदक पीता है, ज्ञानी चरणोदक सिर पर रख लेता है।
- जो भगवान को दंडवत कर लेता है, उसे जीवन में दंड नहीं मिल सकता।
- जब तक मुझमें रक्त का एक भी बूंद रहेगी तब तक वैदिक संस्कृति का प्रचार करूंगा

### मुख्य अभियंता कॉन्फ्रेंस में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने विभाग की प्राथमिकताओं, कार्यप्रणाली में सुधार एवं इंफ्रास्ट्रक्चर पर अभियंताओं के साथ की विस्तृत चर्चा

## प्रदेश में सड़क अधोसंरचना विकास अब केवल आवागमन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे पर्यटन विकास से भी जोड़ा जा रहा

ओरछा, जबलपुर।

लोक निर्माण विभाग द्वारा ऐतिहासिक नगरी ओरछा में आयोजित मुख्य अभियंता कॉन्फ्रेंस में प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने विभाग की प्राथमिकताओं, कार्यप्रणाली में सुधार एवं इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की भावी दिशा पर समस्त मुख्य एवं प्रमुख अभियंताओं के साथ विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी द्वारा दिनांक 10 दिसंबर 2025 को विभागीय समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन के दिशा में यह बैठक महत्वपूर्ण रही। बैठक में प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग श्री सुखवीर सिंह, प्रबंध संचालक सड़क विकास निगम श्री भरत यादव, प्रबंध संचालक भवन विकास निगम श्री सिबी चक्रवर्ती, प्रमुख अभियंता श्री के.पी.एस. राणा और श्री एस आर बघेल सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं अभियंता उपस्थित रहे। मुख्य अभियंता कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ मंत्री श्री सिंह द्वारा श्री रामराजा सरकार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रमुख सचिव श्री सुखवीर सिंह ने पुष्पगुच्छ एवं श्रीराम दरबार भेंट कर मंत्री जी का स्वागत किया।अपने संबोधन में मंत्री श्री सिंह ने कहा कि यह कॉन्फ्रेंस समीक्षा का मंच नहीं बल्कि खुली परिचर्चा का माध्यम है, जहां सभी अधिकारी अपने अनुभव साझा कर विभाग को नई दिशा देने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि हर दो माह में इस प्रकार की परिचर्चा आयोजित की जाएगी, जिससे कार्यों की गुणवत्ता एवं परिणाम बेहतर हो सकें। मंत्री श्री सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि परिचर्चा के माध्यम से ही अनेक जटिल समस्याओं का समाधान संभव है और सभी अधिकारियों को एक सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व में प्रदेश में सड़क अधोसंरचना विकास अब केवल आवागमन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे पर्यटन विकास से भी जोड़ा जा रहा है। इसी क्रम में बबीना बाईपास से ओरछा मार्ग को उन्नत करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि चौड़ीकरण के साथ साथ इस मार्ग को प्रभु श्रीराम के जीवन प्रसंगों की थीम पर विकसित किया जाएगा। इसके लिए विशेष DPR तैयार की जाएगी, जिससे यह मार्ग स्वयं में एक आध्यात्मिक एवं पर्यटन अनुभव प्रदान कर सके। मंत्री श्री सिंह ने NHAI को पत्र लिखकर बबीना बाईपास पर ओरछा हेतु अंडरपास निर्माण का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए, जिससे सागर-झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग से आने वाले पर्यटकों को निर्बाध एवं सुरक्षित कनेक्टिविटी मिल सके। उन्होंने अमरकंटक पहुंच मार्ग के उन्नयन का उदाहरण देते हुए निर्देशित किया कि उसी तर्ज पर ओरछा मार्ग को भी आधुनिक डिजाइन, बेहतर संकेतक, सुरक्षा उपाय एवं पर्यटक सुविधाओं के साथ विकसित किया जाए। बैठक में विभागीय कार्यों में गुणवत्ता नियंत्रण, समयबद्धता, नवीन तकनीकों के उपयोग, पर्यावरण अनुकूल निर्माण एवं विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय पर भी विस्तार से चर्चा की गई। 10 दिसंबर 2025 को विभागीय समीक्षा बैठक में माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी निर्देश अनुसार अब सभी शासकीय भवनों को ग्रीन बिल्डिंग मानकों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। इन निर्देशों का समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण पालन सुनिश्चित करने के मंत्री राकेश सिंह ने निर्देश दिए कि सभी नवीन भवनों का GRIHA रेटिंग हेतु पंजीयन कराया जाए तथा GRIHA काउंसिल के साथ MOU करके ग्रीन बिल्डिंग हेतु तकनीकी सहयोग प्राप्त किया जाए। इसी के साथ मंत्री श्री सिंह ने विभागीय सड़कों की उपयोगिता और यातायात भार के आधार पर नवीन श्रेणियों विभाजित करने और इनके युक्तियुक्त वर्गीकरण के निर्देश दिए। मंत्री श्री सिंह ने बताया कि वर्गीकरण उपरांत इन सड़कों को चरणबद्ध रूप से अपग्रेड किया जाएगा तथा प्रत्येक वर्ष जुलाई और अगस्त माह में उनका मूल्यांकन कर आवश्यक सुधार सुनिश्चित किए जाएंगे। देश में पहली बार लोक निर्माण विभाग द्वारा कैपेसिटी बिल्डिंग फ्रेमवर्क तैयार किया गया है, जिसका शुभारंभ 10 जनवरी 2026 को माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी द्वारा किया गया। मंत्री श्री सिंह ने बताया कि कैपेसिटी बिल्डिंग फ्रेमवर्क के तहत विभागीय कार्यालयों और अभियंताओं के परफॉर्मेंस मूल्यांकन हेतु लोक कल्याण सूचकांक तैयार करने की व्यवस्था प्रारंभ की गई है। अब इंजीनियरों की सीआर तैयार करने और लोक निर्माण पुरस्कारों के निर्धारण में लोक कल्याण सूचकांक का उपयोग किया जाएगा। सड़क निर्माण में प्रयुक्त होने वाले बिट्यूमिन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए केवल सरकारी रिफाइनरी से बिट्यूमिन लेने का निर्णय लिया गया था।



**मुख्य बिन्दु**

1. पीडब्ल्यूडभ् की नई दिशाः ग्रीन बिल्डिंग, रोड क्लासिफिकेशन और थीम आधारित मार्ग विकास
2. बबीना ओरछा मार्ग 'प्रभु श्रीराम जी पर आधारित थीम' पर होगा विकसित : राकेश सिंह
3. भुगतान के पहले बिट्यूमिन सप्लाई बिलों का होगा शतप्रतिशत सत्यापन।
4. लोक निर्माण विभाग के सर्किट हाउस एवं रेस्ट हाउस के प्रबंधन को बेहतर बनाने पर जोर।
5. लोक कल्याण सूचकांक के आधार दिए जायेंगे लोक निर्माण पुरस्कार।

## *जबलपुर में 5 अस्पतालों का पंजीयन निरस्त*

**जबलपुर।** स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शहर के 5 निजी अस्पतालों और 121 क्लीनिकों का पंजीयन निरस्त कर दिया है। इन सभी संस्थानों में मरीजों के इलाज और भर्ती पर भी रोक लगा दी गई है। कार्रवाई के बाद निजी स्वास्थ्य संस्थानों में हड़कंप की स्थिति है। जानकारी के अनुसार अस्पताल और क्लीनिकों को संचालन के लिए 1 जनवरी से 28 फरवरी के बीच अपना पंजीयन नवीनीकरण कराना अनिवार्य था। इसके लिए विभाग ने पूर्व में सूचना जारी कर पर्याप्त समय भी दिया था। इसके बावजूद कई संस्थानों ने निर्धारित समय सीमा में आवेदन नहीं किया। इसके चलते स्वास्थ्य विभाग ने सख्त कदम उठाते हुए उनके पंजीयन रद्द कर दिए। 1 अप्रैल से इन संस्थानों का संचालन अवैध माना जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत कोठारी द्वारा जारी आदेश में बताया गया कि जांच के दौरान कुछ अस्पतालों में पर्याप्त स्टाफ नहीं मिला। वहीं कुछ संस्थानों के दस्तावेज नगर निगम से सत्यापित नहीं पाए गए। जिन पांच अस्पतालों पर कार्रवाई हुई है उनमें एसएन गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल में पर्याप्त स्टाफ नहीं मिला, संकल्प हॉस्पिटल के दस्तावेज नगर निगम से सत्यापित नहीं थे और नामदेव नर्सिंग होम ने नवीनीकरण नहीं कराया था।

पमरे ने नई लाइन दोहरीकरण, तिहरीकरण में 100 किमी से अधिक इन्फ्रास्ट्रक्चर कमीशनिंग कर नेटवर्क का विस्तार किया

# पमरे ने 2025-26 में आधारभूत संरचना विकास में हासिल की उल्लेखनीय उपलब्धियां

हरिभूमि जबलपुर।

पश्चिम मध्य रेल द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान आधारभूत संरचना विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए रेल नेटवर्क के विस्तार एवं क्षमता वृद्धि में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की गई हैं। विभिन्न नई लाइन, दोहरीकरण एवं तिहरीकरण परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूर्ण कर क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को सुदृढ़ बनाया गया है। इस अवधि में पश्चिम मध्य रेल द्वारा नई लाइन निर्माण (64 किमी), दोहरीकरण (12 किमी) एवं तिहरीकरण (25 किमी) का कार्य पूर्ण कर परिचालन हेतु समर्पित किया गया है।

## नई लाइन परियोजनाओं के अंतर्गत प्रमुख उपलब्धियां

ललितपुर-सिंगरौली नई लाइन परियोजना (541 किमी)- ललितपुर, खजुराहो, सतना, पन्ना, रीवा, सीधी, सिंगरौली नई रेल लाइन परियोजना प्रगति पर है। ललितपुर, खजुराहो खंड (229 किमी) पूर्ण कर एनसीआर को हस्तांतरित किया जा चुका है। शेष 312 किमी में से पश्चिम मध्य रेल ने अब तक 84 किमी रेलखंड कमीशन किया जा चुका है। पश्चिम मध्य रेल द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान इस परियोजना के 03 महत्वपूर्ण सेक्शन सफलतापूर्वक चालू कर कमीशन किए गए जो इस प्रकार है- बघवार-रामपुर नैकिन (9 किमी) अक्टूबर 2025, बरेठिया-नागौद (11.50 किमी), नवंबर 2025, नागौद-फुलवारी (15 किमी), मार्च 2026 । रामगंजमंडी-भोपाल नई लाइन परियोजना (276.5 किमी)- रामगंजमंडी-भोपाल नई रेल लाइन परियोजना कार्य प्रगति पर है। यह परियोजना रामगंजमंडी, अकलेरा, नयागांव, सोनकच्छ, नरसिंहगढ़, भोपाल मार्ग को जोड़ती है, जिससे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को




सुदृढ़ बनाया जा रहा है। परियोजना के अंतर्गत कुल 276.50 किमी में से 186.70 किमी लंबाई के विभिन्न खंडों को अब तक चालू (कमीशंड) किया जा चुका है। शेष 89 किमी भाग पर कार्य तीव्र गति से जारी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान इस परियोजना के 02 महत्वपूर्ण सेक्शन सफलतापूर्वक चालू कर कमीशन किए गए जो इस प्रकार है।

**जरखेड़ा-श्यामपुर (11 किमी), 31 जुलाई 2025, खिलचीपुर-राजगढ़ (18 किमी), मार्च 2026.**

## दोहरीकरण के अंतर्गत प्रमुख उपलब्धियां

बीना-कटनी तृतीय लाइन (3rd Line)- बीना, खुरई, सागर, दमोह, कटनी खंड (259.91 किमी) पर तृतीय लाइन परियोजना के विभिन्न सेक्शनों में 234.91 किमी कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष 25 किमी का कार्य लक्ष्य अवधि 2025-26 में पूर्ण करते हुए पूरी 259.91 किमी परियोजना का कमीशनिंग कर दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान इस परियोजना के 02 महत्वपूर्ण सेक्शन सफलतापूर्वक चालू कर कमीशन किए गए जो इस प्रकार है।

**असलाना-पथरिया (14 किमी), जनवरी 2026, घटेरा-बांदकपुर (11 किमी), जनवरी 2026.**

## सतना-रीवा दोहरीकरण परियोजना

सतना-हिनौतारामबन-बघई रोड-तुर्की रोड रीवा (कुल 50 किमी) डबल लाइन परियोजना के अंतर्गत 41 किमी कार्य पूर्ण किया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान इस परियोजना के 01 महत्वपूर्ण सेक्शन सफलतापूर्वक चालू कर कमीशन किए गए जो इस प्रकार है।

**बघई रोड-तुर्की रोड (10 किमी), मार्च 2026.**

## कटनी-सिंगरौली दोहरीकरण परियोजना

कटनी, खन्नाबंजारी, ब्योहारी, निवास रोड, सिंगरौली (कुल 264.60 किमी) परियोजना में 220.88 किमी कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान इस परियोजना के 01 महत्वपूर्ण सेक्शन सफलतापूर्वक चालू कर कमीशन किए गए जो इस प्रकार है।

**झलवारा-कटंगी खुर्द (1.80 किमी), जून 2025**

इन परियोजनाओं के चालू होने से क्षेत्रीय रेल संपर्क में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधाएं एवं माल परिवहन को नई गति प्राप्त हुई है। यह उपलब्धियां क्षेत्रीय आर्थिक विकास, औद्योगिक गतिविधियों एवं व्यापार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। पश्चिम मध्य रेल द्वारा किए गए ये प्रयास भारतीय रेल को आधुनिक, सुरक्षित एवं अधिक सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। भविष्य में भी इस प्रकार की परियोजनाओं के माध्यम से रेल अवसंरचना को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा।

जहां भक्ति होती वहां प्रगट होते हैं भगवान : नृसिंह देवाचार्य

# श्रीकृष्ण रुकमणी का हुआ मंगल विवाह

### हरिहर धाम प्रज्ञा विहार में भागवत कथा



**सिहोरा-** जहां भक्ति होती वहां भगवान प्रगट होकर भक्त पर अनुग्रह करते हैं।कृपा करते हैं उक्ताशय के उदगार प्रज्ञा विहार कालोनी हरिहर धाम में



मनेन्द्र अग्निहोत्री,जनपद पंचायत सिहोरा अध्यक्ष रश्मि अग्निहोत्री के संयोजन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में छठवें दिवस श्रीकृष्ण रुकमणि के मंगल विवाह की मीमांसा करते हुए व्यासपीठ से व्यक्त किए। आगे कहा श्रीमद भगवत महापुराण भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य-चरित्रों से परिपूर्ण ज्ञान वैराग्य के समेत भक्ति का भण्डार है। जो इसे सुनता है,आत्मसात करता है,उसके जीवन में भागवत भक्ति सहज ही सुलभ हो जाती है। जब देवराज इन्द्र ने मूसलाधार जल वृष्टि कर ब्रज को डुबाना चाहा तब श्रीकृष्ण ने सात वर्ष की अवस्था में सात कोस के विशाल गिरिराज गोबर्द्धन को सात दिवस पर्यन्त कनिष्ठिका उगली पर धारण कर परम समर्पित परम भक्त ब्रजजनों के प्राणों की रक्षा किया व इन्द्र कुछ बिगाड़ नहीं सका। महराज श्री ने व्याख्या करते हुए कहा, यह गोवर्धन क्या है, (गो -इन्द्रियाँ, बर्दन-सम्वर्द्धनो जहाँ इन्द्रियों का संवर्धन संरक्षण होता है ऐसा यह हमारा आपका शरीर ही गोवर्धन है, जिसे सातों दिन (रविवार से शनिवार तक) वही परमात्मा धारण कर हमें जीवन दान देता है। पर अभागे जीव भगवान को भुला देते हैं। महराज श्री ने दिव्य रास लीला का वर्णन करते हुए कहा जीवात्मा व परमात्मा के दिव्य मिलन का नाम रास है। विविध चरित्रों के सहित पापी कंश के बध की कथा कह कर व्याख्या हुई अधर्म पथ का अनुयायी सदा मारा जाता है।अन्त में श्रीकृष्ण रुकमणी विवाह की सुंदर झांकी ने सबका मन मोह लिया। भगवान के विवाह के साक्षी बने श्रोता दर्शकों ने जी भरकर इस मौके पर नाच गाकर खुशियां मनाई। कथा के पूर्व आयोजक मंडल के देववती अग्निहोत्री, नरेन्द्र कुमार अग्निहोत्री, रघुनाथ, देवेन्द्र, संतोष, समीर, शिवशक्ति, अतिन, वैभव, सचिन, अनुज अग्निहोत्री आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया।

## मझौली में लोकतंत्र सेनानी प्रहरी संघ की बैठक सम्पन्न

**मझौली**। नगर में आज लोकतंत्र सेनानी प्रहरी संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता लोकतंत्र सेनानी जबलपुर के अध्यक्ष अंजनी सिंह ठाकुर द्वारा की गई। बैठक के दौरान लोकतंत्र सेनानी (मीसाबंदी) परिवारों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही ताम्रपत्र प्रदान किए जाने के विषय पर भी विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित सदस्यों ने शासन से मांग की कि लोकतंत्र सेनानियों एवं उनके परिवारों को उचित सम्मान एवं सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. सुभाष सराफ, राजू साहू, जितेंद्र ताम्रकार, गंगाराम कोस्टा, लाला साहू, मुन्ना नेमा, मूलचंद यादव, गिरीश विश्वकर्मा, जगत लोधी सहित बड़ी संख्या में लोकतंत्र प्रहरी संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

अपात्र कर्मचारियों को राशि देने का आरोप

# मेडिकल कॉलेज में प्रोत्साहन राशि भुगतान पर उठे सवाल

**जबलपुर**। नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में आयुष्मान भारत योजना के तहत वितरित की जाने वाली प्रोत्साहन राशि को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ ने कॉलेज प्रबंधन पर गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। संघ ने डीन नवनीत सक्सेना को ज्ञापन सौंपते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। संघ के पदाधिकारियों का आरोप है कि आयुष्मान योजना की राशि ऐसे व्यक्तियों और आउटसोर्स कर्मचारियों को दी गई है, जिनका मरीजों के उपचार या अस्पताल की प्रत्यक्ष सेवा से कोई सीधा संबंध नहीं है। बताया जा रहा है कि हॉस्टल और अन्य असंबंधित विभागों में कार्यरत कुछ कर्मचारियों के खातों में भी भुगतान किया गया है। इसे लेकर कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। वहीं दूसरी ओर, अस्पताल के वार्डों में 24 घंटे मरीजों की सेवा में लगे चतुर्थ श्रेणी के शासकीय कर्मचारी इस लाभ से वंचित रह गए हैं। संघ का कहना है कि जो कर्मचारी सीधे मरीजों की देखभाल करते हैं, उन्हें ही प्रोत्साहन राशि मिलनी चाहिए थी, लेकिन नियमों को दरकिनार कर अपात्र लोगों को भुगतान किया गया। कर्मचारी संघ ने इसे शासन के निर्देशों का उल्लंघन बताते हुए भ्रष्टाचार की श्रेणी में रखा है। उनका आरोप है कि यह पूरी प्रक्रिया कुछ खास लोगों और निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से की गई है। संघ ने मांग की है कि अपात्र व्यक्तियों को किए गए भुगतान पर तत्काल रोक लगाई जाए और पात्र कर्मचारियों को उनका अधिकार दिया जाए।

इसके साथ ही मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराने की भी मांग उठाई गई है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो मेडिकल कॉलेज परिसर में उग्र प्रदर्शन और कार्य बहिष्कार किया जाएगा। ऐसी स्थिति में अस्पताल की व्यवस्थाएं प्रभावित हो सकती हैं, जिसकी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। अब देखना यह है कि कॉलेज प्रशासन इन आरोपों पर क्या जवाब देता है और क्या शासन स्तर पर इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई की जाती है। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष रविन्द्र राय, ओमप्रकाश पनगरहा, राजू मेहतो, मोहित वर्मा, सुनील पाठक, कृष्णकुमार पांडे, सुरेश, अनिल, विकास डेहरिया, अभिजीत पूनम, दीपिका मयंक आजाद, ममता, आरती सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

# नगर पालिका परिषद सिहोरा ने प्रारम्भ किया प्राचीन बावड़ी के जीर्णोद्धार का कार्य



**सिहोरा**। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना "जलसंचय जन भागीदारी 2.0" के अंतर्गत सिहोरा नगर में जल संरक्षण एवं पारंपरिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के आदेशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक गहलोत के मार्गदर्शन में, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ज्योति परस्ते के निर्देशन में आज शनिवार को नगर पालिका परिषद सिहोरा द्वारा आर्मी मिलिट्री पड़ाव स्थित प्राचीन बावड़ी के जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ किया गया। इस अभियान का नेतृत्व नगर पालिका परिषद सिहोरा की अध्यक्ष श्रीमती संध्या दिलीप दुबे द्वारा किया जा रहा है। बावड़ी के जीर्णोद्धार के अंतर्गत उसकी साफ-सफाई,गाद निकालने, संरचनात्मक मरम्मत एवं जल संरक्षण के अनुकूल आवश्यक कार्य किए जा रहे हैं जिससे वर्षा जल का संचयन बेहतर तरीके से हो सके और भूजल स्तर में सुधार लाया जा सके। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। आमजन में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु भी विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि लोग इस अभियान से जुड़कर अपने आसपास के जल स्रोतों के संरक्षण में योगदान दे सकें। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी जयश्री चौहान,नमन श्रीवास्तव, परियोजना नोडल अधिकारी सहित नगर पालिका का अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहा और सभी ने मिलकर श्रमदान करते हुए इस कार्य को सफल बनाने में योगदान दिया। प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे जल संरक्षण के इस जन अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें तथा जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। यह पहल न केवल वर्तमान में जल संकट के समाधान की दिशा में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों के संरक्षण का एक सशक्त आधार भी तैयार करेगी।

पुराने बस स्टेंड सिहोरा में प्रदर्शन

# सड़क पर उतरे सैकड़ों शिक्षक टीईटी अनिवार्यता का विरोध तेज

**सिहोरा**। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले सैकड़ों शिक्षक सड़क पर उतर आए और शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। आंदोलन में बड़ी संख्या में महिला शिक्षकों की भी भागीदारी रही। शिक्षक सबसे पहले पुराने बस स्टैंड पर एकत्रित



हुए, जहां से रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय तक पहुंचे।रैली के दौरान शिक्षकों ने "भूतलक्षीय प्रभाव" से लागू की गई टीईटी अनिवार्यता को निरस्त करने की मांग उठाई। उनका कहना है कि पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर यह नियम लागू करना अन्यायपूर्ण है। इसके साथ ही उन्होंने प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना किए जाने की मांग भी प्रमुखता से रखी। प्रदर्शन के बाद संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सिहोरा के नायब तहसीलदार जगत भान सिंह को सौंपा। ज्ञापन में शिक्षकों की प्रमुख मांगों का उल्लेख करते हुए जल्द समाधान की अपील की गई। संयुक्त मोर्चा ने दावा किया है कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो 18 अप्रैल को भोपाल में होने वाले आंदोलन में प्रदेश भर से करीब तीन लाख शिक्षक शामिल होंगे जिससे आंदोलन और भी व्यापक रूप ले सकता है। इस अवसर पर राज्य शिक्षक संघ अध्यक्ष नरेन्द्र त्रिपाठी,तहसील अध्यक्ष अरविंद उपाध्याय,संदीप सोनी,अशोक पटेल,दीपक गौतम,गोपाल महोबिया, रहीम खान, मोहनी उपाध्याय, पीयूषा पाण्डेय, करुणा तिवारी, कार्तिका गुप्ता
सपना गौतम, रागनी चौरसिया, धर्मशिला दुबे, भाग्यश्री पहारिया, निधि शुक्ला, सुरेश यादव, प्रेम प्रकाश चतुर्वेदी, मथुरा उपाध्याय, अखिलेश दाहिया,रवि दुबे, सुनील तिवारी, सतीश गर्ग, नारायण तिवारी, गोपाल पाठक, प्रदीप प्यासी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

## जबलपुर संभाग की कानून व्यवस्था अब सीधे वरिष्ठ आईपीएस की निगरानी में

*जबलपुर। मध्य प्रदेश शासन ने कानून व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए बड़ा फैसला लिया है। अब जबलपुर संभाग की सुरक्षा और पुलिस व्यवस्था की निगरानी सीधे वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी करेंगे। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक के बाद यह नई व्यवस्था लागू की गई है। जबलपुर संभाग की निगरानी का जिम्मा 1993 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी पंकज कुमार श्रीवास्तव को दिया गया है। वे वर्तमान में विशेष पुलिस महानिदेशक सीआईडी और विशेष पुलिस महानिदेशक सतर्कता के पद पर कार्यरत हैं। शासन ने उन्हें जोनल आईजी के कार्यों की समीक्षा और पर्यवेक्षण की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इस नई व्यवस्था के तहत अब जबलपुर संभाग में पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सीधे वरिष्ठ स्तर से नजर रखी जाएगी। माना जा रहा है कि इससे अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था और पुलिस की जवाबदेही में सुधार होगा। सरकार का उद्देश्य पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाना और अपराधों पर सख्त नियंत्रण करना है। अनुभवी अधिकारी की तैनाती से जबलपुर संभाग में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आम* जनता का विश्वास और मजबूत होने की उम्मीद है।

# संयुक्त मोर्चा द्वारा शिक्षकों की टीईटी परीक्षा रद्द करने रैली निकालकर सौंपा गया ज्ञापन



**बरेला**। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा म. प्र. के प्रांतीय आवाहन पर बरेला में शिक्षकों की टीईटी परीक्षा रद्द करने एवं अध्यापक शिक्षकों की नियुक्ति दिनांक से सेवाअवधि गणना की मांग को लेकर श्री दादा ठनठनपाल मंदिर बस स्टेण्ड बरेला से तहसील कार्यालय बरेला तक रैली निकालकर तहसील कार्यालय बरेला में माननीय मुख्यमंत्री जी एवं माननीय प्रधानमंत्री जी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर बरेला, धनपुरी, सालीवाडा एवं नर्रई नाला परिक्षेत्र के शिक्षक शिक्षिकाऐं भारी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के साथ राज्य कर्मचारी संघ म. प्र., अज्जाक्स संघ, जागरूक अधिकारी कर्मचारी मंच एवं शिक्षक कांग्रेस आदि कई संघ संगठनों का समर्थन रहा।

# किसानों की बैठक में गेहूं उपार्जन एवं स्लॉट बुक पर हुई चर्चा

बरेला।



किसानों को शासकीय योजनाओं की जानकारी देने हेतु भारत कृषक समाज बरेला ब्लॉक के तत्वाधान में ग्राम लहंगी में किसानों की एक अतिआवश्यक बैठक आयोजित की गई बैठक में शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई इसके साथ-साथ गेहूं उपार्जन एवं स्लॉट बुक पर भी चर्चा की गई बैठक में मुख्य रूप से भारत कृषक समाज के बरेला ब्लॉक संयोजक योगेश पटेल, सरमन पटेल, जगदेव पटेल, लोटन पटेल, सोतम पटेल, लटोरी यादव, पुरुषोत्तम पटेल, रमेश पटेल, सुशील पटेल, राकेश पटेल, सुरेंद्र पटेल , बबलू पटेल, अमित पटेल, देवेंद्र पटेल, रामकेश पटेल, मानक लाल सहित बड़ी संख्या में कृषक गण उपस्थित थे।

# भीषण गर्मी को देखते हुए भंवरताल पार्क में हुआ सकोरों का वितरण



**जबलपुर**। रोटरी क्लब एक्सीलेंस के प्रेसिडेंट श्री अशोक कुमार साहू और क्लब के सभी मेंबरों द्वारा इस कार्य का आयोजन किया गया प्रकृति और जीवों के प्रति हमारी जिम्मेदारी के निर्वहन हेतु "रोटरी क्लब जबलपुर एक्सीलेंस द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए भंवरताल पार्क में सकोरों का वितरण सफलतापूर्वक किया गया। इस सेवा कार्य के माध्यम से पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का एक सार्थक प्रयास किया गया, जिसमें सभी सदस्यों एवं सहयोगियों का सराहनीय योगदान रहा। इस कार्य हेतु डॉक्टर विकास सावला, अभिषेक ओसवाल, योगेश दत्त शर्मा, सीमा शर्मा, श्रीमती सरोज चौकसे ने वी महत्वपूर्ण योगदान दिया। सुनील खत्री आशीष जैन अखिलेश बादशाह जी और संतोष गुप्ता, डॉ अंकित साहू ने भी अपना योगदान दिया। सभी सदस्यों का सहयोग रहा भंवर ताल गार्डन में सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए जो सदस्य आते हैं उन सभी को हम लोगों ने स्कोर प्रदान किया और उनको प्रेरित किया कि वह पक्षियों के लिए इस कार्य का श्रमदान करें।




**श्री सत्य प्रकाश दीक्षित-** कमला नेहरू नगर चेतराम की मढिया के पीछे निवासी श्री सत्य प्रकाश दीक्षित (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चेतन स्वरूप गुलाटी-** कौशल्या वाटिका गोरखपुर नेपियर टाउन निवासी श्री चेतन स्वरूप गुलाटी (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री मन बहादुर खत्री-** सुहागी बीजासेन मंदिर के पास निवासी श्री मन बहादुर खत्री (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**डॉ.सत्य प्रकाश नेमा-** न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री सत्य प्रकाश नेमा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी देवी रैकवार-** अतुल परिसर संजीवनी नगर निवासी श्री मोती लाल रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी देवी रैकवार (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कृष्णा देवी वाधवा-** धनवंतरी नगर निवासी श्री सत्यपाल वाधवा की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा देवी वाधवा (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री हरीश कुमार मोटवानी-** सुखसागर वैली गौरीघाट रोड निवासी श्री हरीश कुमार मोटवानी (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रमा चौरसिया-** त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री सुजीत चौरसिया की धर्मपत्नी श्रीमती रमा चौरसिया (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अशोक राव-** गोरा बाजार केंट निवासी श्री नरसिंह राव के पुत्र श्री अशोक राव (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री श्याम लाल राजपूत-** रतन कॉलोनी अभिषेक विहार निवासी श्री श्याम लाल राजपूत (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सरस्वती राव-** बिलहरी पोस्ट आफिस के पास निवासी श्री सुरेश कुमार राव की धर्मपत्नी श्रीमती सरस्वती राव (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जय प्रकाश बर्मन-** महानद्दा खालसा कॉलेज के पास निवासी श्री जय प्रकाश बर्मन (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री कृष्ण कुमार नामदेव-** समदड़िया ग्रीन कॉलोनी विजय नगर निवासी श्री कृष्ण कुमार नामदेव (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति वर्ग से.मी.
सिंगल कॉलम साइज:- 10x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
डबल कॉलम साइज:- 10x4 से.मी. रंगीन 400/-
ट्रिपल कॉलम साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160

**भोपाल में ऐसी करीब 62 बसें थी, अधिकांश संचालकों ने पुरानी की जगह नई बसें लाई**

# हाई कोर्ट के आदेश के बाद परिवहन विभाग की सख्ती शुरू, 15 साल पुरानी खटारा बसें सड़कों पर मिलीं तो होगी जब्त करने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश की सड़कों से जल्द ही 15 साल पुरानी कमर्शियल बसें हटेंगी। सरकार के इस आदेश पर हाईकोर्ट ने सही बताते हुए। ऐसी बसों के संचालन पर रोक लगाने की बात कहीं थी। इसके बाद से परिवहन विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि भोपाल सहित मप्र में करीब 15 साल से अधिक पुरानी 899 बसों का संचालन हो रहा था। ये बसें खटारा हो चुकी हैं, इसके बावजूद भी प्रदेश के शहरों के बीच सवारियां ढोने का काम कर रही हैं। मामले में सरकार ने सख्त कदम उठाया तो बस ऑपरेटर्स ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। 14 नवंबर 2025 को शासन ने आदेश जारी किया था, जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी।

■ खटारा बसें शहर में ढो रही थीं सवारियां

### भोपाल में 15 साल से पुरानी 62 बसों का हो रहा था संचालन

भोपाल आरटीओ सूत्रों के अनुसार 15 साल से पुरानी बसों का लेखा-जोखा तैयार किया गया था। जिसमें आरटीओ से जारी हुए परमिट में 62 बसें ऐसी पाई गईं थीं, जो 15 साल से ज्यादा पुरानी हैं। ऐसी बसों में बस ऑपरेटर्स ने उन बसों का बदलकर अब नई बसों के रूप में बदल दी है। पुरानी बसों का परमिट नई बसों को जारी कर दिया गया। ऐसी स्थिति मप्र के अन्य जिलों में भी देखने को मिल रही है। भोपाल आरटीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि आरटीओ अमला 15 साल पुरानी बसों को लेकर लगातार नजर रखे हुए। चेकिंग की जा रही है। भोपाल में अगर कोई बस संचालक 15 साल पुरानी बसों का संचालन करने मिलता है। तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### किस संभाग में कितनी 15 साल पुरानी बसों का हो रहा था संचालन

| संभाग | बसों की संख्या जबलपुर |
|---|---|
| सागर | 209 |
| ग्वालियर | 139 |
| इंदौर | 156 |
| भोपाल | 62 |
| उज्जैन | 64 |
| रीवा | 54 |

### विभाग ने यह निर्णय लिया है

- 15 साल से अधिक पुरानी बसों का संचालन बंद किया जाएगा।
- सुरक्षा और प्रदूषण नियंत्रण के लिए उक्त बसों का संचालन रोकना बहुत जरूरी है।
- यह कदम मानव संसाधन और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए उठाया जा रहा है।
- 15 साल से अधिक पुरानी बसों के स्टेज कैरिज परमिट रद्द किए जाएंगे।

### देर रात सड़कों पर उतरा आरटीओ अमला: नियम विरुद्ध मिली पांच बसें, फिटनेस व बिना परमिट के दौड़ रही थीं

**भोपाल।** अंतरराज्यीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी) पर गुरुवार देर रात आरटीओ की टीम ने अचानक दबिश दी। इस औचक कार्रवाई के दौरान बसों के दस्तावेजों, फिटनेस और सुरक्षा मानकों की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर आरटीओ ने मौके पर ही पांच बसों को जब्त कर स्टैंड पर खड़ा करवा दिया। विभाग की इस अचानक हुई कार्रवाई से बस संचालकों और स्टाफ में हड़कंप मच गया। स्टैंड से बाहर निकल रही बसों को रोककर उनकी जांच की गई। इस दौरान कुछ बसों में टैक्स बकाया मिला, तो कुछ के पास वैध परमिट और फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं थे। आरटीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि परिवहन आयुक्त के दिशा निर्देश पर बसों की चेकिंग की गई। इस दौरान बस क्रमांक एमपी 04 एई 4728 को परमिट शर्तों का उल्लंघन करते हुए पाए जाने पर जब्त कर लिया गया। वहीं, दो अन्य बसों पर गंभीर खामियां मिलने के कारण उनकी फिटनेस निरस्त कर दी गई। बस क्रमांक एमपी 28पी 0738 में इमरजेंसी एग्जिट ब्लॉक मिला, जो यात्रियों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। इसके अलावा एमपी 04 पीए 3676 में सीट खराब होने के साथ फायर एक्सटिंग्विशर नहीं पाया गया। कार्रवाई के दौरान पांच अन्य बसों पर भी मोटर यान अधिनियम की विभिन्न धाराओं में कार्रवाई करते हुए कुल 1 लाख 7 हजार रुपए का समन शुल्क वसूला गया।

---

**भोपाल मेट्रो के लिए अंडरग्राउंड टनल बनाने का मामला, मैनिट की टीम ने पिछले दिनों किया था सर्वे**

# 15 दिन बाद तय होगा शालीमार ट्रेड सेंटर खाली होगा या नहीं, नॉन डिस्ट्रिक्टिव रिपोर्ट का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के रेलवे स्टेशन के पास अंडरग्राउंड टनल बनाने का काम 15 दिन के बाद ही शुरू हो सकेगा। दरअसल 45 साल पुराने जर्जर शालीमार सेंटर के नीचे अंडरग्राउंड टनल का काम शुरू होना है, लेकिन एसबीएम से खुदाई शुरू होने के पूर्व भवन की सुरक्षा को लेकर उठे सवालों के बीच शुरू नहीं हो सका। मैनिट के विशेषज्ञों की टीम ने गत दिवस स्ट्रक्चरल सर्वे किया था। जिसके तहत सैंपल लिए गए थे।

भवन की नान डिस्ट्रिक्टिव टेस्ट (एनडीटी) की रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि शालीमार ट्रेड सेंटर और होटल राजश्री की इमारत कितनी मजबूत है या नहीं। मैनिट सिविल विभाग के एचओडी एमएस चौहान ने बताया कि नान डिस्ट्रिकिटव टेस्ट की रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा कि शालीमार ट्रेड सेंटर और होटल राजश्री की इमारत कितनी मजबूत है। रिपोर्ट आने में 15 से 20 दिन लगेंगे। इसके बाद ही टनल बोरिंग मशीन से बोरिंग का काम शुरू हो सकेगा।

**टनल बोरिंग मशीन से खुदाई का काम भी रिपोर्ट के बाद ही होगा शुरू रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा संबंधित इमारतें कितनी मजबूत**

**45 साल पुराने जर्जर भवन में 80 से ज्यादा कार्यालय, होटल, मैनिट ने इमारत के दस्तावेज मांगे**



खस्ताहाल शालीमार ट्रेड सेंटर।



### दस्तावेजों भवनों का भी होगा आंकलन

मैनिट सिविल विभाग की टीम ने नगर निगम से शालीमार ट्रेड सेंटर और होटल राजश्री इमारत के दस्तावेज मांगें हैं। इनका का भी आंकलन किया जाना है। मैनिट को निगम उक्त दोनों इमारतों के दस्तावेज उपलब्ध करवाएगा।

### शहर में एक बड़ी लापरवाही यह भी...

शहर में 700 से ज्यादा जर्जर भवन, डेंजर घोषित, लेकिन हटाए नहीं गए राजधानी भोपाल में पांच हजार से ज्यादा मकान जर्जर हैं। इनमें से 700 से ज्यादा ऐसे हैं जिन्हें डेंजर घोषित किया गया है, लेकिन उन्हें न तो खाली करवाया गया न ही विस्थापन की योजना बनी। लोग जान जोखिम में डालकर रहने को मजबूर हैं।

### कहां-कहां हैं जर्जर आवास

- बैरसिया रोड, बुधवारा, इतवारा, जहांगीराबाद, सुल्तानिया रोड, हमीदिया रोड पर करीब 1500 जर्जर इमारतें
- 242 जर्जर आवास ऐसे हैं जो कभी भी गिर सकते हैं
- 2004 में निगम के सर्वे में 977 जर्जर मकानों हुए थे चिन्हित
- शहर में 700 इमारतें अति जर्जर श्रेणी में हैं।
- 1500 से अधिक जर्जर आवासों को जारी किए थे नोटिस
- सबसे अधिक खतरनाक मकान पीर गेट, चौक बाजार, ऐशबाग और सेकेंड स्टॉप क्षेत्रों में हैं।
- नए शहर में 225 मकान-दुकानें जर्जर हैं, जिन्हें तोड़ा जाना है।

**पुरानी इमारत में सॉफ्टवेयर कंपनी, फायर इक्यूपेंटस, होटल**



शहर के रेलवे स्टेशन से पुल पातरा तक मेट्रो के लिए अंडरग्राउंड टनल के लिए टीबीएस से खुदाई को लेकर मामला सुरक्षा और सावधानी से जुड़ा है। जिन भवनों के नीचे खुदाई होना है उसमें लोहे की सेंटिंग और दरारों को मापने के लिए स्कैल लगा दिए गए थे, लेकिन भवन में कार्यरत लोग भय के बीच व्यवसाय का संचालन कर रहे थे। शालीमार ट्रेड सेंटर में कई होटल, साफटवेयर कंपनी के कार्यालय, फायर इक्यूपमेंटस की एजेंसी व अन्य व्यवसायी केंद्र हैं।

---

**श्रमिकों के लिए बनी सुविधा खुद बेहाल**

# पूरी तरह खंडहर में तब्दील हुआ श्रम कल्याण मंडल



श्रम कल्याण मंडल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पटेल नगर स्थित श्रम कल्याण मंडल, जो कभी श्रमिकों के कल्याण और उनकी जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से बनाया गया था, आज बदहाल स्थिति में खंडहर में तब्दील हो चुका है। यह केंद्र श्रमिकों के लिए शादी सहायता, शिक्षा प्रोत्साहन राशि, छात्रवृत्ति और अंतिम संस्कार जैसी योजनाओं के संचालन के लिए स्थापित किया गया था, लेकिन वर्तमान में यहां न तो कोई नियमित गतिविधि हो रही है और न ही श्रमिकों की आवाजाही।

हरिभूमि ने जब यहां स्थिति का निरीक्षण किया तो भवन वीरान मिला, गेट में जंग लगा था और परिसर में अतिक्रमण और गंदगी, जिसे देखने वाला भी कोई नहीं है। जानकारी के अनुसार, मंडल का संचालन पिछले कई वर्षों से लगभग ठप पड़ा हुआ है। जिसको एमपी सरकार ने 26 जुलाई 2023 को कल्याण मंडल का संचालन मंडल का पुनः निर्माण किया गया था। परिसर में अतिक्रमण की स्थिति बन गई है, जहां लोगों ने अपने वाहन खड़े करना शुरू कर दिए हैं। भवन के दरवाजों पर जंग लगे ताले लटके हुए हैं, जबकि अंदर टेबलों पर वर्षों पुरानी फाइलें धूल खा रही हैं।

मंडल के कर्मचारी केशव मिश्रा के अनुसार, यहां साल में केवल एक-दो महीने ही काम होता है। बाकी समय न तो कोई अधिकारी निरीक्षण के लिए आता है और न ही श्रमिक यहां पहुंचते हैं।

**सालों से बंद पड़ा संचालन, परिसर पर अतिक्रमण और मूलभूत सुविधाओं का अभाव**

### ऐसी स्थिति क्यों हुई

लगभग 40 साल पहले जब भवन बनाया गया था तब यहां श्रमिक परिवारों की संख्या अधिक थी। जब फैक्ट्रियां यहां से गोविंदपुरा सिफ्ट हो गई तब श्रमिकों की संख्या भी कम हो गई और श्रमिक परिवार यहां नहीं बचें। ऐसे में विभाग द्वारा संचालित राज्य सरकार की योजनाएं भी सिमटकर रह गईं। अब यहां हो रहा है यह कामअब यहां एक साल में केवल दो माह की काम होता है वो भी स्कॉलरशिप के लिए पंजीयन का। इस दौरान 400 से 500 लोग पंजीयन करवाते हैं, लेकिन खास बात यह कि यह पंजीयन भी आनलाइन होता है।

### चार दिन बाद देंगे जवाब

श्रम कल्याण मंडल पटेल नगर के क्षेत्रीय अधिकारी, मनीष श्रीवास्तव से इस मामले में जानकारी मांगने के लिए फोन लगाया तो उन्होंने कहा कि, मै इसकी जवाब चार दिन बाद दूंगा।

---

### जनगणना प्रशिक्षण में नहीं आने पर नोटिस

**गौरेला पेंड्रा मरवाही।** जनगणना 2027 के प्रशिक्षण में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर दो सहायक शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है। जवाब संतोषप्रद नहीं होने पर उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। तहसीलदार एवं ग्रामीण चार्ज जनगणना अधिकारी द्वारा सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला डोंगराटोला इजहार सिंह ओटी और सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला बगड़ी पवन कुमार कश्यप को जारी नोटिस में कहा, 'जनगणना 2027 के संबंध में प्रगणक एवं सुपरवाईजर का प्रशिक्षण 10 अप्रैल को पीएमश्री सेजेस विद्यालय मरवाही में सुबह 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक निर्धारित किया गया था। प्रशिक्षण में आप बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाये गये हैं।

---

**गिरोह में शामिल थीं 7 महिलाएं और एक युवक**

# सोने की चेन पार करने वाले शातिर गिरोह का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पुलिस ने एक ऐसे शातिर गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो सुनियोजित तरीके से भीड़भाड़ वाले बाजारों में महिलाओं को निशाना बनाकर उनके गले से सोने की चेन पार कर रहा था। इस गिरोह की खास बात यह रही कि इसमें अधिकांश सदस्य महिलाएं थीं, जो शक से बचने के लिए खुद ही वारदात को अंजाम देती थीं। पुलिस ने इस मामले में 7 महिलाओं और एक युवक को गिरफ्तार किया है, साथ ही उनके इस्तेमाल में लाई जा रही इनोवा कार भी जब्त कर ली गई है।

इस पूरे मामले का खुलासा तब हुआ जब डीडी नगर इलाके में एक महिला के साथ चेन स्नैचिंग की घटना सामने आई। पीड़िता अपने घर के पास सब्जी लेने गई थी, तभी भीड़ का फायदा उठाकर बदमाशों ने उनके गले से सोने की चेन उड़ा ली। इसी तरह की घटनाएं शहर के सरस्वती नगर और गोलबाजार क्षेत्र में भी सामने आईं, जिससे पुलिस को शक हुआ कि इसके पीछे कोई संगठित गिरोह सक्रिय है।



### सीसीटीवी कैमरों से मिला पुलिस को सुराग

जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसमें कुछ महिलाएं संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त नजर आईं। इसके बाद पुलिस ने उनकी तलाश तेज की और मुखबिर की सूचना पर भाठागांव बस स्टैंड के पास एक संदिग्ध इनोवा वाहन को रोका गया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें सवार सभी आरोपियों को हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संध्या सकटे, सोनिया हातागले, उज्वाला हातागले, साखराबाई, ज्योति सकटे, सरिता ज्वरे, सपना हातागले और अभय हातागले के रूप में हुई है। सभी आरोपी मध्यप्रदेश के इंदौर के निवासी हैं और आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि वे अलग-अलग शहरों में घूमकर इसी तरह चेन स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देते थे।

### *गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान सहित कई राज्यों में फैला था रैकेट*

*पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि यह गिरोह केवल रायपुर तक सीमित नहीं था, बल्कि गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में भी इसी तरीके से कई वारदात कर चुका है। ये लोग पहले शहर के भीड़भाड़ वाले बाजारों और धार्मिक स्थलों की रेकी करते थे, फिर दो-दो के समूह में बंटकर बुजुर्ग महिलाओं को निशाना बनाते थे। मौका मिलते ही वे तेजी से चेन काटकर फरार हो जाते थे। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 10,500 रुपये नकद, एक सोने की चेन, चेन काटने वाला कटर, चार मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल की गई इनोवा कार बरामद की है। पुलिस अब इस गिरोह के अन्य संभावित साथियों और अलग-अलग राज्यों में दर्ज मामलों से इनके संबंधों की जांच कर रही है। इस कार्रवाई को लेकर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शहर में सक्रिय अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और ऐसे गिरोहों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।*

---

**चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का मामला**

# स्टील प्लांट से लाखों के गबन का फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले में शिव शक्ति स्टील प्लांट से लाखों रुपये गबन कर फरार हो जाने वाले ऑटोमोबाईल एक्जीक्यूटिव मैनेजर को रायगढ़ पुलिस ने मध्यप्रदेश से गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। मामला चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार 3 सितंबर 2025 को विपुल माली ने चक्रधर नगर थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया था कि शिव शक्ति प्लांट में ऑटोमोबाईल एक्जीक्यूटिव मैनेजर के पद पर कार्यरत मनीष कुमार शर्मा को कंपनी के वाहनों की देखरेख एवं ट्रांसपोर्टरों के माध्यम से वाहनों को चलवाकर किराया वसूलने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसी बीच 1 अप्रैल से 30 जून 2025 के बीच वाहनों से प्राप्त किराया कंपनी में जमा न करके स्वयं के बैंक खाते में एवं नगदी रकम के रूप में 11 लाख 35 हजार 861 रुपये की राशि गबन कर लिया। इतना ही नही आरोपी ने ट्रांसपोर्टरों को कंपनी के वाहनों को किसी अन्य का वाहन बताकर चलवाया गया और फर्जी बिल्टी तैयार कर धोखाधड़ी की गई।

---

**दुष्कर्म व हत्या की सनसनीखेज घटना के आरोपी ने किया खुलासा, 35 हजार रुपए का आरोपी पर था इनाम घोषित**

# प्रेमिका के अवैध संबंधों के शक के चलते आरोपी प्रेमी ने दिया था जघन्य वारदात को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरगुजा

जिले के अंबिकापुर शहर में महिला की हत्या और दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया था। पुलिस ने इस मामले में 35 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अवैध संबंध के शक में आरोपी ने महिला से जबरन दुष्कर्म कर उसकी जान ले ली थी।

यह घटना 3 अप्रैल को सद्भावना चौक क्षेत्र में हुई, जहां एक महिला का खून से लथपथ शव मिला था। सूचना पर पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने पर कोतवाली थाना में मामला दर्ज हुआ। पुलिस ने चार विशेष टीमों का गठन किया।



### पुलिस ने चिरमिरी से आरोपी को दबोचा

सीसीटीवी फुटेज और परिजनों से मिली जानकारी के आधार पर आरोपी की पहचान की गई। पुलिस महानिरीक्षक ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 30 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। डीआईजी और एसएसपी ने भी पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस को चिरमिरी क्षेत्र में आरोपी के छिपे होने की सूचना मिली। घेराबंदी कर पुलिस ने आरोपी छोटू उर्फ मिथुन उर्फ राम सिंह (30 वर्ष) को चिरमिरी से दबोच लिया। वह मकनपुर थाना प्रतापपुर, जिला सूरजपुर का निवासी है।

### मृतका और आरोपी करते थे मजदूरी

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने चौंकाने वाला खुलासा किया। उसने बताया कि वह और मृतका मजदूरी करते थे और साथ रहते थे। उसे महिला के किसी अन्य व्यक्ति से संबंध होने का शक था, जिससे वह नाराज था। दो अप्रैल को शराब पीने के बाद उनका विवाद बढ़ गया। गुस्से में आरोपी ने महिला से जबरन दुष्कर्म किया और हाथ-पैर व मुक्कों से पीटकर उसकी हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी रेलवे पटरी के रास्ते भाग निकला। वह विश्रामपुर होते हुए नागपुर पहुंचा। वहां से सवारी वाहन से चिरमिरी पहुंचकर छिपकर रह रहा था। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना के समय पहने गए कपड़े भी बरामद किए हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।


**कार्यालय अधीक्षक सबजेल सिहोरा , जिला- जबलपुर (म.प्र.)**

ई-मेल आई.डी.issisihora@mp.gov.in संपर्क नं.07624-299298

क्रमांक-02/निर्वाह /2026 — जबलपुर, दिनांक 07/04/2026

**द्वितीय वार्षिक ई-निविदा सूचना वर्ष - 2026-27**

सबजेल सिहोरा में परिरूध्द बंदियों के उपयोग हेतु खण्ड -1 (खाद्यान सामग्री ) खण्ड -2 (सब्जी एवं फल ) खण्ड-3 (स्वच्छता सामग्री) खण्ड-4 (भवन निर्माण जल विद्युत सामग्री एवं विविध) द्वितीय वार्षिक ई- निविदा वर्ष 2026-2027 आमंत्रण की जाती है । निविदा कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार हैं :-

| क्र. | विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | प्री-बीड मिटिंग की तिथि | 13.04.2026 को समय प्रात: 11:00 बजे तक | कार्यालय अधीक्षक सबजेल सिहोरा |
| 2 | ऑनलाईन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि, निविदा फार्म का मूल्य 500/- रुपये प्रति फार्म राशि ऑनलाईन शीर्ष 0056-800 अन्य प्राप्तियों में जमा किया जाएगा। | 28.04.2026 को शाम 05:30 बजे तक | वेबसाईट https://mptenders.gov.in |
| 3 | नमूने जमा करने की अंतिम तिथि | 28.04.2026 को शाम 05:30 बजे तक | कार्यालय अधीक्षक सबजेल सिहोरा |
| 4 | तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) परीक्षण | 29.04.2026 को दोपहर 12:00 बजे | कार्यालय अधीक्षक सबजेल सिहोरा |
| 5 | वितीय निविदा खोलने की तिथि | 30.04.2026 को दोपहर 12:00 बजे | ---------"-------- |

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधितजानकारी वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर भी प्राप्त की जा सकती है। निविदा फार्म दर्शित वेवसाईट पर ऑनलाईन पेमेन्ट कर क्रय किया जा सकता है।

अधीक्षक
सबजेल सिहोरा
जिला जबलपुर म.प्र

G-11364/26 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

**ईरान और अमेरिका के मध्य युद्धविराम समझौते का बाकायदा ऐलान हो जाने के तत्पश्चात ऐसा प्रतीत हो रहा था कि मध्य एशिया संभवतः विनाशकारी युद्ध से मुक्ति पा ही जाएगा, किंतु प्रस्तावित कूटनीतिक वार्ता में प्रबल अवरोध उत्पन्न हो जाने के कारण और ईरान द्वारा होर्मुज स्ट्रेट को नहीं खोले जाने से अब ऐसा दिखाई दे रहा है कि सुधरते हुए हालात फिर से बिगड़ने लगे हैं। इजराइल के द्वारा अंजाम दिए गए आक्रमणों के चलते युद्ध विराम समझौते के भविष्य पर विकट सवाल खड़े कर दिए हैं। इस बीच, पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद आजकल अंतरराष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में है। यहां ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता केवल एक सामान्य कूटनीतिक बैठक नहीं, बल्कि मध्य पूर्व के बदलते समीकरणों का निर्णायक मोड़ मानी जा रही है। पाक के लिए यह एक बड़ी परीक्षा है, जिसमें उसकी कूटनीतिक क्षमता और सुरक्षा व्यवस्था दोनों की कसौटी परख ली जाएगी। उधर, जहां तक भारत का सवाल है तो ईरान पर हमले के पहले तक भारत आयात होने वाले कच्चे तेल के आधे हिस्से की आपूर्ति इसी रास्ते होती थी। इससे भारत की चिंताएं बढ़ना स्वाभाविक थी। भारत ने ना सिर्फ होमुर्ज के जरिए अपनी आपूर्ति को बनाए रखने की कूटनीतिक कोशिशें जारी रखीं, बल्कि वैकल्पिक रास्ते की भी तलाश तेज कर दी। इन्हीं हालातों की पड़ताल करता आजकल का यह खास अंक...**

# युद्ध विराम के कगार पर खड़ी जंग



**विश्लेषण**

प्रभात कुमार रॉय
विदेशी मामलों के जानकार

**इजराइल और ईरान के मध्य सैन्य संघर्ष की पृष्ठभूमि में फ़िलिस्तीन की जटिल समस्या विद्यमान रही है। प्रारम्भिक काल में इजराइल के अस्तित्व को अरब देशों द्वारा कदाचित स्वीकार नहीं किया गया था। अनेक युद्धों में पराजित होने के बाद प्रायः सभी अरब देशों ने इजराइल से समझौता कर लिया। 1978 में ईरान में इस्लामिक इंकलाब के बाद फ़िलिस्तीन के लिए ईरान की हुकूमत ने संघर्ष करने का संकल्प ले लिया। इस्लामिक ईरान ने इजराइल के वजूद को ही स्वीकार करने से इनकार कर दिया।**

वस्तुतः इजराइल और ईरान के मध्य सैन्य संघर्ष की पृष्ठभूमि में फ़िलिस्तीन की जटिल समस्या विद्यमान रही है। प्रारम्भिक काल में इजराइल के अस्तित्व को अरब देशों द्वारा कदाचित स्वीकार नहीं किया गया था। अनेक युद्धों में पराजित होने के बाद प्रायः सभी अरब देशों ने इजराइल से समझौता कर लिया। 1978 में ईरान में इस्लामिक इंकलाब के बाद फ़िलिस्तीन के लिए ईरान की हुकूमत ने संघर्ष करने का संकल्प ले लिया। इस्लामिक ईरान ने इजराइल के वजूद को ही स्वीकार करने से इनकार कर दिया। चालीस दिनों के विध्वंसक युद्ध के तत्पश्चात केवल पंद्रह दिनों के लिए ईरान और अमेरिका के मध्य युद्ध विराम समझौता अंजाम दिया गया। युद्ध विराम समझौते पर किए गए हस्ताक्षरों की स्याही अभी सूखी नहीं है कि युद्ध विराम समझौते के कगार पर जंग खड़ी है। समझौते के अगले दिन इजराइल द्वारा लेबनान की हिज़्बुल्ला तंजीम के ठिकानों पर जबरदस्त सैन्य आक्रमण अंजाम दिए। परिणामस्वरूप लेबनान की राजधानी बेरूत तथा लेबनान के अन्य कई नगरों में जबरदस्त तौर पर विध्वंसकारी नजारें देखने मे आए।



## युद्ध विराम समझौता

इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू का बयान आया कि युद्ध विराम समझौते के तहत लेबनान और इजराइल के मध्य युद्ध विराम कहीं शामिल नहीं था। अतः इजराइल द्वारा लेबनान पर अंजाम दिया गया आक्रमण वस्तुतः युद्ध विराम समझौते का उल्लंघन करार नहीं दिया जा सकता। इजराइल द्वारा लेबनान के विरुद्ध अंजाम दी गई सैन्य आक्रमण का ईरान द्वारा अत्यंत कड़ा विरोध किया गया और इसे युद्ध विराम समझौते का स्पष्ट उल्लंघन करार दिया गया है। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू के बयान पश्चात तकरीबन ऐसा ही बयान अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का बयान आया कि युद्ध विराम समझौते में लेबनान युद्ध विराम का कोई उल्लेख ही नहीं है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल असीम मुनीर की भूमिका का युद्ध विराम समझौते तक ले जाने में अमेरिका और ईरान ने उल्लेख किया। शरीफ ने फरमाया था कि लेबनान सहित सभी युद्ध स्थलों पर युद्ध विराम लागू करने के लिए ईरान और अमेरिका के मध्य सहमति हो गई और युद्ध विराम तत्काल तौर पर लागू कर दिया जाएगा।

## चीन और पाक की भूमिका

8 अप्रैल की सुबह प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का यह बयान दुनिया के सामने आया कि ईरान और अमेरिका के मध्य कूटनीतिक बातचीत में पाक प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ और फील्ड मार्शल मुनीर शामिल रहे और साथ ही चीन की भी बड़ी भूमिका इस युद्ध विराम समझौता संपन्न कराने के विषय में प्रकाश में आई है। चीन द्वारा ईरान को युद्ध विराम करने के लिए राजी किया गया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी अपने एक्स पोस्ट पर साझा किया कि ईरान पर अमेरिकी हमले बंद कर दिए हैं और हमारी शक्तिशाली सेनाएं भी अपने सैन्य अभियान को तत्काल रोक देंगी। शहबाज शरीफ और डोनाल्ड ट्रंप के युद्ध विराम ऐलानों के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने बयान जारी किया गया कि लेबनान को दो सप्ताह के युद्धविराम के तहत शामिल नहीं किया गया। ईरान द्वारा लेबनान पर अंजाम दिए गए इजराइली आक्रमण की कड़ी निंदा की गई। साथ ही पहले तो अमेरिका के साथ पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में प्रस्तावित कूटनीति वार्ता का बॉयकॉट करने की घोषणा की गई।

## बिगड़ते दिख रहे हालात

बाद में सोच-विचार के पश्चात ईरान हुकूमत ने अपना प्रतिनिधिमंडल इस्लामाबाद भेजने का फैसला लिया। अमेरिकन सरकार के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर इस्लामाबाद वार्ता में पेंटागन के सुरक्षा विशेषज्ञों के साथ शिरकत कर रहे हैं। ईरान की तरफ से इस्लामाबाद वार्ता में प्रतिनिधि मंडल की कयादत ईरान की संसद के अध्यक्ष मौहम्मद बगेर गालिबफ कर रहे हैं और उनके साथ ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची हैं।

ईरान का कूटनीतिक प्रतिनिधिमंडल अपने साथ मीनाब स्कूल सैन्य स्ट्राइक में मारे गए बच्चों और पीड़ितों की तस्वीरें और खून से लथपथ उनका स्कूल का सामान लेकर भी गया है। ईरान और अमेरिका के मध्य युद्धविराम समझौते का बाकायदा ऐलान हो जाने के तत्पश्चात ऐसा प्रतीत हो रहा था कि मध्य एशिया संभवतः विनाशकारी युद्ध से मुक्ति पा ही जाएगा, किंतु प्रस्तावित कूटनीतिक वार्ता में प्रबल अवरोध उत्पन्न हो जाने के कारण और ईरान द्वारा होर्मुज स्ट्रेट को नहीं खोले जाने के कारण, अब ऐसा दिखाई दे रहा है कि सुधरते हुए हालात फिर से बिगड़ने लगे हैं। इजराइल के द्वारा अंजाम दिए गए आक्रमणों द्वारा युद्ध विराम समझौते के भविष्य पर विकट सवाल खड़े कर दिए हैं।

ईरान के विदेशमंत्री अब्बास अगराची फरमाते हैं कि अमेरिका और ईरान के मध्य युद्ध विराम की शर्तें एकदम स्पष्ट और असंदिग्ध हैं। अमेरिका को युद्ध विराम अथवा इजराइल के माध्यम से जारी जंग में किसी एक को चुनना ही होगा। दूसरी तरफ इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ऐलान कर रहे हैं कि आवश्यकता पड़ने पर इजराइल द्वारा ईरान के विरुद्ध सैन्य संघर्ष को फिर शुरू कर दिया जाएगा। नेतन्याहू के अल्फाज हैं कि हमारी उंगलियां अभी बंदूक के ट्रिगर पर रखी हुई हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मक्रों ने इजराइल के आक्रमणकारी तेवरों की निंदा की है।

## लेबनान व फ्रांस की एकजुटता

लेबनान के साथ फ्रांस की एकजुटता व्यक्त करते हुए उन्होंने फरमाया कि सैन्य हमले यकीनन युद्ध विराम के लिए गंभीर खतरा बन गए हैं। अमेरिका को इजराइल का अंध समर्थन करते रहने की अपनी रणनीति से बाहर आकर फिलिस्तीन समस्या का समाधान निकालना ही होगा, अन्यथा ये संघर्ष भविष्य में भी चलते रहेंगे। इन समस्त सैन्य संघर्षों के कारणवश मध्य पूर्व के खाड़ी देश में विनाशकारी खतरा बरकरार बना रहेगा। फिलिस्तीन को जब तक एक खुदमुख़्तार राष्ट्र का दर्जा हासिल नहीं हो जाता और फिलिस्तीनियों को संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रदान की गई अपने हिस्से की सारी जमीन नहीं मिल जाती, तब तक न जाने कितने बेगुनाह नागरिकों कर रक्त धरा पर बहता ही रहेगा।

# जंग लंबी चली तो बदल जाएगा दुनिया का भविष्य



**समीकरण**

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच चल रही बातचीत इन दिनों पूरी दुनिया की नजरों में है। पाकिस्तान की मध्यस्थता से हो रही यह वार्ता खाड़ी युद्ध को खत्म करने का आखिरी मौका प्रतीत हो रही है। फरवरी 2026 में शुरू हुए इस संघर्ष ने पहले ही स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को प्रभावित कर दिया, हजारों लोगों की जान ले ली और तेल की कीमतें आसमान छूने लगीं। दो हफ्ते का सीजफायर फिलहाल टिका हुआ है, लेकिन अगर इस्लामाबाद में बातचीत नाकाम रही और जंग लंबी खिंच गई तो इसका असर सिर्फ मध्य पूर्व तक सीमित नहीं रहेगा। पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था, राजनीति और आम लोगों की जिंदगी बुरी तरह हिल जाएगी। सबसे बड़ा झटका ऊर्जा बाजार को लगेगा। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से दुनिया का करीब 20-25 प्रतिशत तेल गुजरता है। अगर ईरान ने फिर से इसे ब्लॉक किया या हमले बढ़ाए तो रोजाना 15-20 मिलियन बैरल तेल की सप्लाई रुक सकती है। अभी तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर पहुंच चुकी हैं। लंबी जंग की स्थिति में ये 130 से 170 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती हैं। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी ने इसे अब तक का सबसे गंभीर सप्लाई शॉक बताया है। गैस की कीमतें भी दोगुनी हो जाएंगी। नतीजा साफ है कि हर जगह महंगाई का कहर। पेट्रोल, डीजल, ट्रांसपोर्ट, खाने-पीने की चीजें-सब कुछ महंगा हो जाएगा। विकसित देशों में महंगाई की आशंका बढ़ जाएगी, जबकि उभरती अर्थव्यवस्थाएं जैसे भारत, चीन और दक्षिण कोरिया सबसे ज्यादा प्रभावित होंगी क्योंकि ये तेल के बड़े आयातक हैं। ग्लोबल इकोनॉमी पर असर और भी गहरा होगा। अर्थशास्त्री चेतावनी दे रहे हैं कि अगर युद्ध कुछ महीनों तक चला तो दुनिया की जीडीपी ग्रोथ 0.2 से 1.2 प्रतिशत तक गिर सकती है। शेयर बाजारों में भारी उथल-पुथल मचेगी, सप्लाई चेन बाधित होंगी और यूरोप तथा एशिया में गैस संकट और गहरा जाएगा। खाड़ी देशों की अर्थव्यवस्था तो बुरी तरह चोट खाएगी। सऊदी अरब, यूएई और कुवैत में बुनियादी ढांचे पर हमले हो चुके हैं।

**अगर युद्ध कुछ महीनों तक चला तो दुनिया की जीडीपी ग्रोथ 0.2 से 1.2 प्रतिशत तक गिर सकती है। शेयर बाजारों में भारी उथल-पुथल मचेगी, सप्लाई चेन बाधित होंगी और यूरोप तथा एशिया में गैस संकट और गहरा जाएगा।**

संयुक्त राष्ट्र के एक अध्ययन के अनुसार, अरब देशों की जीडीपी पर 120 से 194 बिलियन डॉलर का भारी असर पड़ सकता है। मानवीय संकट भी विकराल रूप ले लेगा। अभी तक हजारों मौतें हो चुकी हैं और लाखों लोग बेघर हो गए हैं। शरणार्थी संकट यूरोप और एशिया तक फैल सकता है। स्वास्थ्य सुविधाएं पूरी तरह चरमरा जाएंगी। इसके साथ ही पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचेगा, क्योंकि युद्ध में तेल सुविधाओं और रिफाइनरियों पर हमले से प्रदूषण बढ़ेगा। वैश्विक राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। अमेरिका-ईरान जंग से रूस और चीन को अप्रत्यक्ष फायदा हो सकता है। रूस यूक्रेन मोर्चे पर अपना ध्यान बंटा सकेगा, जबकि चीन सस्ते दामों पर तेल खरीदकर अपनी रणनीतिक स्थिति मजबूत करेगा। खाड़ी देश अमेरिका पर अपना भरोसा खो सकते हैं। नाटो गठबंधन में दरारें और गहरी होंगी। मध्य पूर्व में नए गठजोड़ बन सकते हैं। इजराइल-लेबनान फ्रंट एक बार फिर गर्म हो सकता है, जिससे क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ेगी। भारत पर इसका सीधा और गहरा असर पड़ेगा। हमारा लगभग 40 प्रतिशत तेल और 80 प्रतिशत गैस मध्य पूर्व से आता है। तेल की कीमतें बढ़ने से आयात बिल आसमान छू जाएगा, रुपया और कमजोर होगा तथा मुद्रास्फीति पर काबू पाना मुश्किल हो जाएगा। खाड़ी देशों में काम करने वाले लाखों भारतीय मजदूर पहले ही वापस लौट रहे हैं। लंबी जंग का मतलब सिर्फ ऊर्जा संकट नहीं, बल्कि खाद्य सुरक्षा पर भी गंभीर खतरा होगा। उर्वरक महंगे होने से फसलें प्रभावित होंगी, जिससे खाद्यान्न की कीमतें बढ़ेंगी। गरीब देशों में भुखमरी बढ़ेगी और विकासशील दुनिया में आर्थिक अस्थिरता फैल जाएगी। अगर इस्लामाबाद में चल रही बातचीत कामयाब हो गई तो पूरी दुनिया को बड़ी राहत मिलेगी। लेकिन अगर यह फेल हो गई तो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने साफ चेतावनी दे दी है – फिर से बड़े हमले हो सकते हैं। ईरान भी किसी भी कीमत पर पीछे हटने को तैयार नहीं दिख रहा। दोनों तरफ से सख्त रुख अपनाया जा रहा है। ऐसे में सारी दुनिया को दुआ करनी चाहिए कि वार्ता सफल रहे और खाड़ी क्षेत्र में शांति स्थापित हो। अन्यथा आने वाले समय में वैश्विक स्तर पर अभूतपूर्व संकट खड़ा हो सकता है।

# इस्लामाबाद वार्ता में हल निकलना मुश्किल



**संशय**

कांतिलाल मांडोत
स्वतंत्र पत्रकार

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद इन दिनों अंतरराष्ट्रीय राजनीति का केंद्र बनी हुई है। यहां प्रस्तावित ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता केवल एक सामान्य कूटनीतिक बैठक नहीं, बल्कि मध्य पूर्व के बदलते समीकरणों का निर्णायक मोड़ मानी जा रही है। शहर को जिस तरह से सुरक्षा घेरे में लिया गया है, वह इस बात का संकेत देता है कि इस बैठक से जुड़े जोखिम कितने गंभीर हैं। यह सब केवल एक बैठक के लिए नहीं, बल्कि उस संभावित खतरे के कारण है जो इसमें शामिल नेताओं पर मंडरा रहा है। इस वार्ता में अमेरिका की ओर से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल शामिल हो रहा है। वेंस को एक संतुलित और व्यावहारिक नेता माना जाता है, जिन्होंने इस पूरे संकट के दौरान अपेक्षाकृत शांत और संयमित रुख अपनाया है। उनके साथ स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर जैसे प्रभावशाली लोग भी मौजूद हैं, जो पहले भी मध्य पूर्व की जटिल कूटनीतिक प्रक्रियाओं में भूमिका निभा चुके हैं। दूसरी ओर, ईरान की ओर से विदेश मंत्री अब्बास अराघची इस वार्ता का नेतृत्व कर रहे हैं, जो अपने अनुभव और कूटनीतिक कौशल के लिए जाने जाते हैं। उनके साथ मोहम्मद बाघेर गालिबाफ जैसे प्रभावशाली नेता भी शामिल हैं, जिनकी भूमिका केवल राजनीतिक ही नहीं, बल्कि सैन्य और सुरक्षा मामलों में भी महत्वपूर्ण रही है। इस पूरी प्रक्रिया में सबसे दिलचस्प और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इजराइल को इस वार्ता से पूरी तरह अलग रखा गया है। यही कारण है कि इजराइल इस समझौते को लेकर न केवल असहज है, बल्कि खुलकर विरोध भी कर रहा है। इजराइल की चिंता यह है कि यदि अमेरिका और ईरान के बीच कोई समझौता होता है, तो इससे ईरान को क्षेत्र में और अधिक ताकत मिल सकती है। इजराइल लंबे समय से ईरान को अपने अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा मानता रहा है, और वह नहीं चाहता कि ईरान को किसी भी प्रकार की कूटनीतिक या सैन्य राहत मिले। इसके अलावा, लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ चल रही कार्रवाई भी इजराइल के लिए प्राथमिकता है, और वह इस संघर्ष को बीच में रोकने के पक्ष में नहीं दिखता। इसी कारण से इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का रुख काफी आक्रामक नजर आ रहा है। उन्होंने कई बार यह संकेत दिया है कि वे किसी भी ऐसे समझौते को स्वीकार नहीं करेंगे, जो इजराइल की सुरक्षा के हितों के खिलाफ हो। हाल ही में लेबनान में हुए हमले इस बात का प्रमाण हैं कि इजराइल अपनी रणनीति से पीछे हटने के मूड में नहीं है। यह स्थिति अमेरिका के लिए भी चुनौतीपूर्ण बन जाती है, क्योंकि उसे एक ओर अपने सहयोगी इजराइल के हितों का ध्यान रखना है और दूसरी ओर ईरान के साथ तनाव कम करने की कोशिश करनी है। पाकिस्तान इस वार्ता के जरिए खुद को एक प्रभावशाली मध्यस्थ के रूप में स्थापित करना चाहता है। लंबे समय से कूटनीतिक स्तर पर हाशिए पर रहे पाकिस्तान के लिए यह एक बड़ा अवसर है। यदि यह वार्ता सफल होती है, तो पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय छवि मजबूत होगी और उसे एक विश्वसनीय मध्यस्थ के रूप में देखा जाएगा। यदि यह प्रयास विफल होता है, तो इसका उल्टा असर भी पड़ सकता है और पाकिस्तान की साख को नुकसान पहुंच सकता है।

**इजराइल लंबे समय से ईरान को अपने अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा मानता रहा है। वह नहीं चाहता कि ईरान को किसी भी प्रकार की राहत मिले। हिजबुल्लाह के खिलाफ चल रही कार्रवाई भी इजराइल के लिए प्राथमिकता है।**

शहर में लागू लगभग बंद जैसे हालात इस बात का संकेत हैं कि सरकार कोई भी जोखिम उठाने को तैयार नहीं है। आम नागरिकों की आवाजाही सीमित कर दी गई है और केवल सुरक्षा बलों को ही प्रमुख क्षेत्रों में आने-जाने की अनुमति है। यह स्थिति एक तरह से यह भी दर्शाती है कि यह बैठक केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि सामरिक दृष्टि से भी अत्यंत संवेदनशील है। अंततः कहा जा सकता है कि इस्लामाबाद में होने वाली यह वार्ता केवल एक समझौते की कोशिश नहीं, बल्कि कई देशों के हितों, आशंकाओं और रणनीतियों का संगम है। जहां एक ओर अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने की उम्मीद है, वहीं दूसरी ओर इजराइल की नाराजगी और संभावित हस्तक्षेप इस प्रक्रिया को और जटिल बना रहे हैं। पाकिस्तान के लिए यह एक बड़ी परीक्षा है, जिसमें उसकी कूटनीतिक क्षमता और सुरक्षा व्यवस्था दोनों की कसौटी परख ली जाएगी। आने वाले समय में यह स्पष्ट होगा कि यह वार्ता मध्य पूर्व में शांति की दिशा में एक कदम साबित होती है या फिर एक और असफल प्रयास बनकर रह जाती है।

# खाड़ी में सीजफायर के भविष्य पर उठ रहे सवाल



**चुनौती**

रवि शंकर
स्वतंत्र स्तंभकार

अमेरिका और ईरान के बीच भले 14 दिनों का अस्थायी सीजफायर हो गया है, लेकिन अभी भी मिडिल ईस्ट में तनाव जारी है। सीजफायर की घोषणा होने के बाद जिस तरह की बयानबाजी सामने आई है और लेबनान पर हमला हुआ है, उससे सीजफायर के भविष्य पर सवाल उठने लगे हैं।

संघर्ष विराम पर अमेरिका और ईरान अलग-अलग दावे कर रहे हैं। इस फैसले के बाद उम्मीद थी कि कम से कम दो हफ्ते के लिए ही सही, लेकिन इस क्षेत्र में शांति आएगी, लेकिन वास्तव में ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है। कूटनीतिक पहल के बावजूद, ईरान के परमाणु कार्यक्रम, क्षेत्रीय प्रभाव और अमेरिका-इजराइल के साथ चल रहे तनाव सहित प्रमुख विवाद अभी तक हल नहीं हुए हैं। यही वजह है कि ईरान होर्मुज पर नियंत्रण बनाए रखने की कोशिश में है। इधर इजराइल की ओर से लेबनान पर कहर बरपाया जा रहा है। खाड़ी क्षेत्र में सैन्य गतिविधियां अभी भी जारी हैं और युद्ध से जुड़े प्रमुख मुद्दे फिलहाल अनसुलझे हैं, इसलिए स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या यह सीजफायर स्थायी शांति की ओर बढ़ेगा या सिर्फ एक अस्थायी विराम साबित होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहले ही कह चुके हैं कि अगर ईरान समझौते के लिए तैयार नहीं हुआ, तो बड़े हमले फिर शुरू हो सकते हैं। दूसरी ओर ईरान ने भी स्पष्ट किया है कि यह युद्ध खत्म नहीं हुआ है, बल्कि सिर्फ रोका गया है।

जाहिर है, सीजफायर के लिए ईरान ने अमेरिका के सामने जो 10 शर्तें रखी हैं, उनमें से हो सकता है कि कुछ पर सहमति बन जाए लेकिन ईरान सभी शर्तों को मनवाने पर अड़ा रहा तो सीजफायर के आगे बढ़ने पर संदेह है और इससे होर्मुज संकट भी जस का तस रहेगा। इन 10 शर्तों में एक शर्त ऐसी है जिस पर अमेरिका कभी राजी नहीं होगा। वह शर्त यह है कि मध्य पूर्व में अमेरिका के जितने भी सैन्य बेस हैं, वहां से वह निकल जाए। यानी मध्य पूर्व में सैन्य रूप में अमेरिका का कोई फुट प्रिंट्स ईरान देखना नहीं चाहता। सवाल है कि क्या



**मध्य पूर्व में सैन्य रूप में अमेरिका का कोई फुट प्रिंट्स ईरान देखना नहीं चाहता। सवाल है कि क्या अमेरिका ऐसा करेगा तो जवाब होगा, बिल्कुल नहीं।**

अमेरिका ऐसा करेगा तो जवाब होगा बिल्कुल नहीं। अमेरिका कभी भी मध्य पूर्व से नहीं निकलेगा। बाकी शर्तों में ईरान पर हमला न करने, नुकसान की भरपाई करने, अपने ऊपर से प्रतिबंध हटाए जाने, यूरेनियम संवर्धन जारी रखने सहित अन्य शर्तें शामिल हैं। इन शर्तों में से कुछ को अमेरिका यदि मान भी लेता है तो इस बात की संभावना बहुत कम है कि इजराइल भी इसके लिए तैयार होगा। ईरान से असली खतरा इजराइल को है, न कि अमेरिका को। साफ है, अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच स्थायी सीजफायर में एक नहीं कई अड़चनें हैं और इनमें से सबसे बड़ी वजह भरोसे की कमी और अविश्वास है। अमेरिका और इजराइल दोनों ईरान पर भरोसा नहीं करते और ईरान इन दोनों मुल्कों पर। ईरान यह पहले देख चुका है कि बातचीत का झांसा देकर पहले भी उस पर दो बार हमला किया जा चुका है।

अमेरिका और इजराइल को लगता है कि ईरान परमाणु कार्यक्रम के नाम पर अपना न्यूक्लियर हथियार तैयार कर रहा है। दूसरा, इस सीजफायर वार्ता में न तो इजराइल शामिल है और न मध्य पूर्व का कोई देश। ईरान ने इजराइल के अलावा सऊदी अरब, कतर, यूएई, बहरीन सहित खाड़ी के कई देशों पर हमले किए हैं। ये देश इस युद्ध में हिस्सेदार हैं लेकिन उन्हें इस महत्वपूर्ण बातचीत का हिस्सा नहीं बनाया गया है। सीजफायर के लिए ईरान की 10 शर्तों में खाड़ी देशों का कोई जिक्र नहीं है। बिना इनकी राय और रजामंदी के कोई स्थायी सीजफायर मुमकिन नहीं है। इतिहास बताता है कि मध्य पूर्व में शांति समझौते अक्सर अस्थायी साबित होते हैं। यह सीजफायर भी कई शर्तों और अनिश्चितताओं से घिरा हुआ है। अगर शर्तों पर सहमति नहीं बनती, तो यह सिर्फ एक छोटा सा विराम साबित होगा और जंग फिर भड़क सकती है। अमेरिका और ईरान के बीच हुआ यह 14 दिन का सीजफायर सिर्फ एक सैन्य समझौता नहीं, बल्कि वैश्विक राजनीति, कूटनीति और आर्थिक हितों का जटिल मेल है। इसमें पाकिस्तान की भूमिका, चीन का दबाव, इजराइल की शर्तें और भारत के हित सब मिलकर इस कहानी को और भी जटिल बना देते हैं। ऐसे में अब सबकी नजरें आने वाले दिनों पर टिकी हैं। क्या यह सीजफायर स्थायी शांति में बदलेगा या फिर एक और बड़े युद्ध का संकेत बनेगा, यह तय करेगा मध्य पूर्व का भविष्य और दुनिया की दिशा।

# भारत ने कूटनीति से पेट्रोलियम आपूर्ति को रखा बरकरार



**दृष्टिकोण**

उमेश चतुर्वेदी
राजनीतिक समीक्षक

ईरान पर 28 फरवरी को अमेरिकी और इजराइली हमले के बाद पूरी दुनिया की चिंता ऊर्जा को लेकर थी। आज की दुनिया ऊर्जा के लिए जीवाश्म तेलों पर सबसे ज्यादा निर्भर है, जिसे हम पेट्रोल और डीजल के रूप में जानते हैं। इसके साथ ही प्राकृतिक गैस भी आज ऊर्जा की बड़ी स्रोत है। ईरान पर हमले के पहले बहुत लोगों ने होमुर्ज जलडमरूमध्य का नाम नहीं सुना था, लेकिन आज हर सचेत शख्स इसे जान गया है। फारस और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित इस संकरे समुद्री रास्ते पर ईरान का कब्जा है।

इसके जरिए पूरी दुनिया को आपूर्ति होने वाला बीस प्रतिशत पेट्रोलियम पदार्थ इसी रास्ते से गुजरता रहा है। जहां तक भारत का सवाल है तो ईरान पर हमले के पहले तक भारत आयात होने वाले कच्चे तेल के आधे हिस्से की आपूर्ति इसी रास्ते होती थी। इससे भारत की चिंताएं बढ़ना स्वाभाविक थी। भारत ने ना सिर्फ होमुर्ज के जरिए अपनी आपूर्ति को बनाए रखने की कूटनीतिक कोशिशें जारी रखीं, बल्कि वैकल्पिक रास्ते की भी तलाश तेज कर दी। भारत अपनी पेट्रोलियम जरूरतों का करीब 85 फीसद हिस्सा आयात करता है। इसका आधा हिस्सा होमुर्ज के रास्ते ही आता था। भारतीय वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार होमुर्ज के रास्ते भारत रोजाना ढाई से 2.7 मिलियन बैरल कच्चा तेल आयात करता था,लेकिन ईरान पर हमले के बाद यह घटकर इसका आधा ही रह गया है। हमले के बाद ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने इस रास्ते पर ना सिर्फ निगरानी बढ़ा दी है, बल्कि सीमित आवाजाही को ही मंजूरी दी है।

भारत को इसकी आशंका थी, इसलिए उसने खाड़ी के देशों से तेल आयात के लिए वैकल्पिक मार्गों पर भी ध्यान देना शुरू कर दिया। संकट के क्षण में भले ही ईरान ने भारत के प्रति सहयोगी रुख अख्तियार कर रखा है, लेकिन भारत ने 'केप ऑफ गुड होप' यानी अफ्रीका के दक्षिण से गुजरने वाले जलमार्ग का भी उपयोग बढ़ा दिया है। इस बीच भारत ने कूटनीतिक प्रयास जारी रखा। इसका असर यह हुआ कि ईरान भारतीय जहाजों को होमुर्ज से गुजरने की अनुमति दे रहा है। भारत ओमान की खाड़ी



**भारतीय रिफाइनरियों के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है। इस बीच भारत ने रूस से भी कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति बढ़ा दी है। अतः जैसी महंगाई की आशंका थी, वैसी नहीं दिखी।**

से गुजरने वाले जहाजों को अपनी नौसेना के जरिए सुरक्षा दे रहा है। भारत सरकार के अनुसार, भारतीय रिफाइनरियों के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है। इस बीच भारत ने रूस से भी कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति बढ़ा दी है। इसका असर यह हुआ है कि भारत में जिस तरह की महंगाई की आशंका थी, वैसी नहीं दिखी। हालांकि उद्योगों के लिए आपूर्ति किए जाने वाले व्यावसायिक गैस सिलेंडर की कीमतें बढ़ा दी गई हैं। तेल की बढ़ती कीमतों और व्यवसायिक गैस की आपूर्ति कम होने के चलते खाने-पीने वाली चीजों की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। महानगरों में सर्वसुलभ ठेले की चाय की कीमतें डेढ़ गुनी तक बढ़ चुकी हैं, लेकिन आपूर्ति श्रृंखला जारी रहने के चलते स्थिति खराब नहीं हुई है। जबकि पड़ोसी पाकिस्तान में आधी गाड़ियों को ही सड़कों पर उतरने की अनुमति है, वहां पेट्रोल भारत के मुकाबले करीब ढाई गुना ऊंची दर पर मिल रहा है। पश्चिम एशिया में संकट शुरू होने के बाद कूटनीति की कमान प्रधानमंत्री मोदी ने संभालते हुए युद्ध शुरू होने के महज 48 घंटों के भीतर आठ खाड़ी देशों के नेताओं से बात की। इसके साथ ही उन्होंने फ्रांस और मलेशिया के प्रधानमंत्री से बात की। इस बातचीत का मकसद वैश्विक हालात पर चर्चा के साथ ही भारतीय हितों को सुनिश्चित करना भी था। इस बातचीत का मकसद खाड़ी देशों के इस संगठन के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के साथ ही भावी ऊर्जा संकट से भारत को मुक्ति दिलाने को लेकर रणनीति बनाना भी है। इसके पहले मंत्री हरदीप पुरी ने कतर की यात्रा की थी। दरअसल भारत इन देशों से भी पेट्रोलियम पदार्थों का आयात बढ़ाना चाहता है। भारत की कोशिश ईरान के विकल्प के रूप में अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए दूसरे देशों का भी सहयोग हासिल करने की है। बेशक रूस से भारत को कच्चा तेल और खाद की सामग्री मिल रही है, लेकिन भारत की कोशिश आपूर्ति को विविधरंगी बनाए रखना है। ऐसी व्यवस्था में अगर किसी चीज की गंभीर कमी होती है तो अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न होना आसान हो जाता है। इससे महंगाई भी बढ़ती है।

महंगाई बढ़ने से लोगों के बीच नाराजगी बढ़ती है और फिर यह गुस्सा राज व्यवस्था के खिलाफ आंदोलनों के रूप में मुखर होता है। तेल और ईरान संकट को देखते हुए भारत ने कूटनीतिक कार्रवाई करते हुए जिस तरह अपनी जरूरतों के लायक आपूर्ति का संतुलन बनाए रखा है, वह गौर करने लायक है।

प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल में की 3 रैलियां मुर्शिदाबाद में मुख्यमंत्री ममता पर बरसे

# टीएमसी बन गई लेफ्ट की कार्बन कॉपी, बंगाल की जनता अब 'भय' से ऊब चुकी और 'भरोसे' की ओर बढ़ रही, घुसपैठियों की सरकार का अंत निकट

पीएम मोदी ने कहा कि जो गुंडे और सिंडिकेट पहले वामपंथी दल सीपीआईएम के लिए काम करते थे, वे अब टीएमसी का हिस्सा बन चुके हैं। पीएम ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार, 'कट मनी' और कमीशनखोरी का जो खेल लेफ्ट ने शुरू किया था, टीएमसी ने उसे और खतरनाक बना दिया है



एजेंसी ▶▶ मुर्शिदाबाद

पीएम नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के जंगीपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए टीएमसी सरकार पर हमला बोला है। पीएम मोदी ने साफ शब्दों में कहा कि बंगाल की जनता अब 'भय' से ऊब चुकी है और 'भरोसे' की ओर बढ़ रही है। उन्होंने दावा किया कि बंगाल में भाजपा चुनाव जीत रही है। टीएमसी लेफ्ट की कार्बन कॉपी बन गई है। पीएम मोदी ने कहा कि जो गुंडे और सिंडिकेट पहले वामपंथी दल सीपीआईएम के लिए काम करते थे, वे अब टीएमसी का हिस्सा बन चुके हैं। पीएम ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार, 'कट मनी' और कमीशनखोरी का जो खेल लेफ्ट ने शुरू किया था, टीएमसी ने उसे और खतरनाक बना दिया है। हथियारों की तस्करी, ड्रग्स और मवेशी तस्करी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह

### बंगालियों को अल्पसंख्यक नहीं बनने देंगे

पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल में टीएमसी मां, माटी, मानुष का नारा लगाकर सत्ता में आई थी। लेकिन अब बंगाल में घुसपैठियों द्वारा, घुसपैठियों के वोट से, घुसपैठियों की सरकार बनाना चाहती है। बंगाल अब तुष्टीकरण और वोटबैंक के खेल को और बर्दाश्त नहीं करेगा। हम बंगाल में बंगालियों को अल्पसंख्यक नहीं बनने देंगे।



रैली के दौरान जनता का अभिवादन करते प्रधानमंत्री मोदी

### शरणार्थियों को नागरिकता की गारंटी दी

पीएम मोदी ने यूसीसी लागू करने और तुष्टीकरण की राजनीति को खत्म करने का वादा किया है। मतुआ और नामशूद्र समुदायों को संबोधित करते हुए कहा कि आप किसी टीएमसी नेता की दया पर यहां नहीं हैं, आपको भारत का संविधान सुरक्षा देता है।

### टीएमसी ने किसानों का भविष्य बर्बाद किया

मुर्शिदाबाद के प्रसिद्ध सिल्क उद्योग पर बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी की अनदेखी के कारण यहां के किसानों का भविष्य बर्बाद हो गया है। टीएमसी बंगाल के मूल निवासियों को अल्पसंख्यक बनाने पर तुली है, जिसे भाजपा कभी सफल नहीं होने देगी।

### भ्रष्टाचार पर श्वेत पत्र लाने का दावा

पीएम मोदी ने कहा कि यदि राज्य में भाजपा सरकार बनती है, तो पिछले 15 वर्षों के शासनकाल में हुए कथित भ्रष्टाचार की जांच के लिए श्वेत पत्र जारी किया जाएगा। टीएमसी सरकार भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घिरी हुई है।

### आयुष्मान भारत योजना लागू करने का वादा

प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि भाजपा सरकार बनने पर राज्य में आयुष्मान भारत योजना को लागू करने का प्रस्ताव पहली कैबिनेट बैठक में पारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

### 46 सेकंड के वीडियो में दिखाया बंगाल का 'मिजाज'

प्रधानमंत्री कटवा में जनसभा में उमड़ी भीड़ को देखकर उत्साहित हो गए अपने एक्स अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया। पीएम ने कहा कि रैलियों में उमड़ी भीड़ नतीजों की झलक है। बंगाल बदलाव के लिए तैयार है। इससे बंगाल का मिजाज दिखाई दे रहा है।

शाह का ममता पर निशाना

## भाजपा खत्म कर देगी टीएमसी का सिंडिकेट राज, अब बाय कहने का समय



**बांकुड़ा।** बंगाल में चुनावी माहौल के बीच भाजपा ने एक बार फिर ममता सरकार पर बड़ा हमला बोला है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बांकुड़ा के ओंडा में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अगर राज्य में भाजपा की सरकार बनती है तो टीएमसी का सिंडिकेट राज खत्म कर दिया जाएगा। अब बंगाल में बदलाव का समय आ गया है और जनता जल्द फैसला करेगी। राज्य में हर काम के लिए लोगों को कटमनी देनी पड़ती है और सिंडिकेट के बिना कोई काम नहीं होता। भाजपा सरकार आने पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी और अपराधियों को सजा दी जाएगी। घुसपैठ पर कार्रवाई होगी।

### आर्थिक मुद्दों और सप्लाई पर उठाए सवाल, हिसाब लेंगे

शाह ने आरोप लगाया कि बंगाल से ओडिशा और झारखंड में आलू की सप्लाई रोक दी है। किसानों और व्यापारियों को नुकसान हो रहा है। भाजपा सत्ता में हिसाब लिया जाएगा।

ममता ने भाजपा पर लगाए आरोप

## मेरी उम्मीदवारी रद्द कराने के सारे प्रयास किए जा रहे



**मेदिनीपुर।** सीएम ममता बेनर्जी ने भाजपा परआरोप लगाते हुए दावा किया उनकी भवानीपुर सीट से उम्मीदवारी रद्द कराने की साजिश रची गई थी। मेदिनीपुर के केशियारी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा ने कथित तौर पर चुनाव आयोग की मदद से उनके खिलाफ झूठे मामले दर्ज कराने की कोशिश की।

### 90 लाख मतदाताओं के नाम काटे गए

ममता ने भाजपा पर एसआईआर में 90 लाख मतदाताओं के नाम जबरन हटाने का आरोप भी लगाया। ममता के सामने सुवेंदु अधिकारी चुनाव लड़ रहे हैं। बेनर्जी ने कहा कि भाजपा ने निर्वाचन आयोग की मदद से मेरे खिलाफ झूठे मामले दर्ज कराने की कोशिश कर भवानीपुर से मेरी उम्मीदवारी रद्द कराने का प्रयास किया।

प्रचार के दौरान सीएम स्टालिन बोले

## 'तमिलनाडु बनाम दिल्ली' की लड़ाई विपक्ष एकजुट होकर भी नहीं जीत पाएगा

तमिलनाडु में सीएम एमके स्टालिन ने सत्तारूढ़ गठबंधन की व्यापक जीत विश्वास जताया है। गठबंधन ने पहले 200 से अधिक सीटों पर जीत का



अनुमान लगाया था। स्टालिन ने कहा कि जनता के मौजूदा समर्थन और भारी भीड़ को देखते हुए अब सभी 234 सीटों पर जीत संभव लग रही है। 'तमिलनाडु बनाम दिल्ली' वाले बयान पर स्टालिन ने आरोप लगाया कि ऑल इंडिया अन्ना द्रविड मुन्नेत्र कजगम 'दिल्ली के हाथों गिरवी रखा हुआ है' और उसका गुलाम बन गया है। लड़ाई तमिलनाडु और दिल्ली के बीच है।

## खबर संक्षेप

### कर्नाटक में खींचतान दिल्ली जाएंगे 20 'नेता'



**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजनीति में हलचल बढ़ी है। कैबिनेट फेरबदल की चर्चा के बीच सत्तारूढ़ कांग्रेस के 20 से ज्यादा वरिष्ठ विधायक दिल्ली जाने की तैयारी में हैं। यह अहम माना जा रहा है क्योंकि सरकार के 3 साल पूरे हो चुके हैं और अब मंत्री पद को लेकर अंदरखाने हलचल बढ़ गई है। ये हाईकमान से मिलकर अपनी दावेदारी पेश करेंगे।

### पार्थ चटर्जी के घर ईडी ने की छापेमारी



**कोलकाता।** बंगाल में चुनाव की आहट के बीच ईडी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ अपना अभियान तेज कर दिया है। शनिवार सुबह केंद्रीय एजेंसी ने कोलकाता में दो अहम ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू की। इस कार्रवाई की जद में राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और जेल में बंद बिचौलिए प्रसन्न कुमार रॉय का दफ्तर आया है।

### भुजबल का हेलिकॉप्टर हेलिपैड से चूका



**मुंबई।** महाराष्ट्र के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल एक बड़े हादसे के शिकार होने से बच गए। उनका पुणे में हेलीकॉप्टर अपने निर्धारित हेलीपैड के बजाय गलती से एक कार पार्किंग एरिया पर उतर गया। मंत्री और हेलीकॉप्टर के पायलट, सुरक्षित हैं। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने साफ किया कि इस पूरी घटना की जांच कराई जाएगी।

### सीएआरआई बेंगलुरु को अंतरराष्ट्रीय मान्यता



**बेंगलुरु।** केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान बेंगलुरु ने जैव रसायन एवं रुधिर विज्ञान में आईएसओ 15189:2022 मान्यता प्राप्त कर अहम उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि इसे केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) का पहला संस्थान बनाती है जिसे वैश्विक मान्यता मिली है।

बिहार में मुख्यमंत्री के नाम पर हो रहा लगातार मंथन

# नाम लगभग तय..., भाजपा का मुख्यमंत्री होगा, जदयू से निशांत समेत दो डिप्टी सीएम

## जनता दल यूनाइटेड के सांसद रामप्रीत मंडल का बड़ा बयान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा सांसद बनने के बाद नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू होने वाली है। नीतीश की पार्टी जनता दल यूनाइटेड के सांसद रामप्रीत मंडल ने नई सरकार को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगला मुख्यमंत्री भारतीय जनता पार्टी का होगा, यह लगभग फाइनल हो चुका है। उन्होंने कहा कि जदयू से दो डिप्टी सीएम बनाए जाने हैं, जिनमें से एक नीतीश के बेटे निशांत कुमार का नाम भी करीब-करीब तय हो गया है। झंझारपुर से जदयू सांसद रामप्रीत मंडल ने शनिवार को एक चैनल से बातचीत में बिहार में नई एनडीए सरकार का यह फॉर्मूला बताया।

उन्होंने कहा कि नया सीएम भाजपा से बनना तय है। अभी मुख्यमंत्री जदयू का है और भाजपा से दो डिप्टी सीएम हैं। नई सरकार में भाजपा का मुख्यमंत्री होगा, तो जदयू से दो डिप्टी सीएम होने हैं। हालांकि, नई सरकार को लेकर अभी तक कोई औपचारिक ऐलान नहीं किया गया है।

**जल्द औपचारिक ऐलान होगा**

नई सरकार पर नीतीश की पार्टी के सांसद ने कहा



जेडीयू सांसद रामप्रीत मंडल

### निशांत कुमार ने भी की कई बैठकें

मुख्यमंत्री नीतीश के बेटे निशांत ने एक महीने पहले ही राजनीति में कदम रखा था। इससे पहले वह सक्रिय राजनीति से दूर ही थे। नीतीश के राज्यसभा चुनाव में नामांकन के बाद निशांत ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की थी। इसके बाद से वह पार्टी के क्रियाकलापों में सक्रिय रूप से हिस्सा ले रहे हैं।

### नीतीश जल्द देंगे इस्तीफा, फिर प्रक्रिया होगी शुरू

सीएण नीतीश कुमार जल्द ही अपने पद से इस्तीफा देने वाले हैं। वे राज्यसभा सांसद बन गए हैं। सत्ताधारी दलों के नेताओं का कहना है कि सीएम नीतीश के द्वारा एनडीए विधान मंडल की बैठक बुलाई जाएगी। इसमें सभी के सामने नीतीश अपने इस्तीफे का औपचारिक ऐलान करेंगे। फिर राज्यपाल के पास जाकर अपना त्यागपत्र दे देंगे। इसके बाद बिहार में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।नए सीएम का चयन नीतीश के इस्तीफे के बाद होने वाली एनडीए विधायक दल की बैठक में होगा।

### भाजपा से सीएम रेस में 5 नेता



**सम्राट चौधरी:** भाजपा से सीएम की रेस में सबसे पहले डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी का नाम चल रहा है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, मंत्री दिलीप जायसवाल, विधायक संजीव चौरिया, सांसद संजय जायसवाल, पूर्व डिप्टी सीएम रेणु देवी का नाम भी रेस में है।

मैं सीएम की रेस में नहीं

### सिर्फ मुख्यमंत्री बदलेगा कैबिनेट का स्वरूप नहीं



केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने खुद को मुख्यमंत्री की रेस से बाहर कर दिया है। उन्होंने नई सरकार के स्वरूप पर भी अपडेट दिया है। केवल सीएम बदलेगा।

### ये भी नाम सीएम की रेस में



**विजय कुमार सिन्हा:** वे 5 बार के विधायक हैं, भूमिहार समुदाय से हैं और संघ से गहरे संबंध हैं। सिन्हा अनुभवी नेता हैं, जिनमें स्थिरता है और संगठन का नाम ऊंचा किया है।



**दिलीप जायसवाल:** 20 साल तक भाजपा के राज्य कोषाध्यक्ष रहे। जुलाई 2024 से दिसंबर 2025 तक बिहार अध्यक्ष और सिक्किम का भी इंचार्ज संभाल चुके हैं।



**नित्यानंद राय:** हाजीपुर से 4 बार विधायक रह चुके। 2016-2019 तक बिहार भाजपा अध्यक्ष रहे। 2014, 2019 और 2024 में उजियारपुर से सांसद बने। 2019 से केंद्रीय मंत्री हैं।



**मंगल पांडे:** 1988 में संघ जॉइन की और 1998 में भाजपा में प्राथमिक सदस्य बने। 2013-2017 तक बिहार भाजपा अध्यक्ष भी रह चुके।

### सबसे ज्यादा श्रेयसी के नाम की अटकलें



सीएम बनने की लिस्ट में दो महिला उम्मीदवारों का नाम भी है। सबसे ज्यादा चर्चा खेल मंत्री और भाजपा नेता श्रेयसी सिंह की है। वे पूर्व सांसद दिग्विजय सिंह की बेटी हैं।

अमेरिका-ईरान वार्ता में पाक की मध्यस्थता

## केंद्र की कूटनीति को जयराम ने बताया विफल, उठाए सवाल

पाकिस्तान तो था पहलगाम हमले का आरोपी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में शांति बहाली की उम्मीदों के बीच कांग्रेस ने भारत सरकार की कूटनीतिक विफलताओं पर सवाल उठाए हैं। पार्टी ने विशेष रूप से इस बात पर चिंता व्यक्त की है कि कैसे पाकिस्तान, जिसे अप्रैल 2025 के पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा अलग-थलग करने के प्रयास किए गए थे, अब अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है।

कांग्रेस नेता ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि अमेरिका-ईरान की बैठक इस्लामाबाद में शुरू हो रही है और पूरा विश्व, जिसमें भारत भी शामिल है, उम्मीद कर रहा है कि यह दोनों देशों के बीच एक स्थायी शांति प्रक्रिया की शुरुआत होगी, जो इजराइल की अपने पड़ोस में निरंतर आक्रामकता से पटरी से न उतरे।

### विश्वगुरु' के 'कथन' पर किया कटाक्ष

कांग्रेस नेता जयराम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अप्रत्यक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि यह स्थिति 'स्वयं-घोषित विश्वगुरु पर गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि यह समझा जाना चाहिए कि पाकिस्तान ने पहलगाम जैसे कायराना आतंकी हमले में अपनी भूमिका के बावजूद और भारत द्वारा उसे अलग-थलग करने के लिए की गई कूटनीतिक पहलों के बावजूद यह नई भूमिका कैसे हासिल कर ली। कांग्रेस ने 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के बाद पाकिस्तान को अलग-थलग करने में डॉ. मनमोहन सिंह सरकार की सफलता का भी उल्लेख किया और इसे एक विशेष रूप से विनाशकारी विफलता बताया।

### नमस्ते ट्रंप' और 'हाउडी मोदी' का किया जिक्र

उन्होंने सवाल उठाया कि लेकिन स्वयं-घोषित विश्वगुरु की हग्लमसी के सार और शैली पर गंभीर सवाल उठते हैं। पाकिस्तान ने अप्रैल 2025 के कायराना पहलगाम आतंकी हमले में अपनी भूमिका और हमलों के बाद उसे अलग-थलग करने के लिए भारत द्वारा की गई कूटनीतिक संलग्नता के बावजूद अपने लिए एक नई भूमिका कैसे बना ली?जयराम ने पूछा मिस्टर मोदी और उनके समर्थकों के 'नमस्ते ट्रंप', 'हाउडी मोदी' और 'फिर एक बार ट्रंप सरकार' जैसे अभियानों के बाद भी भारत ने अमेरिका को पाकिस्तान को यह नई भूमिका देने की अनुमति कैसे दे दी?

मथुरा नाव हादसा

## देवराहा बाबा आश्रम के पास 1 शव और मिला, 11 की मौत

एजेंसी ▶▶ वृंदावन

यहां के केसीघाट और बंशीवट के बीच यमुना नदी में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हुआ, जिसमें 37 श्रद्धालुओं से भरी मोटरबोट पांटून पुल से टकराकर पलट गई।



इस दर्दनाक दुर्घटना में अब तक 11 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि कई अन्य लापता बताए जा रहे हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और अन्य बचाव दल युद्धस्तर पर लापता लोगों की तलाश में जुटे हुए हैं।

### मोटरबोट पुल से टकराई

यह हादसा तब हुआ जब लुधियाना, हिसार, मुक्तसर और जगरांव से आए श्रद्धालुओं का एक दल यमुना नदी की सैर कर रहा था। दोपहर के समय, केसीघाट और बंशीवट के बीच स्थित पांटून पुल के पास अचानक मोटरबोट लहराने लगी और पुल से जा टकराई। टक्कर के बाद नाव पलट गई, जिससे उसमें सवार श्रद्धालु यमुना के गहरे पानी में डूबने लगे।

दिल्ली के 6 फ्लाईओवर की बदलेगी सूरत, होंगे खूबसूरत

# वॉकिंग ट्रैक व सेल्फी पॉइंट होंगे, रामायण की झलक दिखेगी

## सीएम रेखा ने डालमिया ग्रुप, गोदरेज इंडस्ट्रीज आदि से किया एमओयू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी पहल की घोषणा की है।



दिल्ली को सुंदर , स्वच्छ , संस्कृति और आधुनिकता से जोड़ना है। दिल्ली सरकार फ्लाईओवर की तस्वीर बदलने जा रही है। इसके तहत निजी कंपनियों को 6 फ्लाईओवर के नीचे की जगहों को साफ, व्यवस्थित और सुंदर सार्वजनिक स्थान में बदलने का काम किया जाएगा। पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत डालमिया ग्रुप, गोदरेज इंडस्ट्रीज और ईजी माइ ट्रिप फाउंडेशन अब इस अभियान से जुड़ गए हैं।



### जगहों को साफ, सुंदर और उपयोगी बनाया जाएगा

फ्लाईओवर संवारे जाएंगे और उनके नीचे की जगहों को साफ, सुंदर और उपयोगी बनाया जाएगा। हरियाली और पौधे, दीवारों पर सुंदर चित्र , बेहतर सफाई व्यवस्था, बैठने और अन्य जरूरी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इस योजना के तहत निजी कंपनियां सार्वजनिक ढांचे को गोद लेंगी व देखभाल करेंगी।

### मुख्यमंत्री गुप्ता ने दी एक्स पर जानकारी

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल एक्स (पहले ट्विटर) पर पोस्ट किया है। उन्होंने अपनी पोस्ट में जानकारी देते हुए बताया कि अब दिल्ली के 6 फ्लाईओवर का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। दिल्ली सरकार ने डालमिया ग्रुप, गोदरेज इंडस्ट्रीज औरीजी माइ ट्रिप फाउंडेशन के साथ एक एमओयू साइन किया है। इसके तहत मांगी सेतु पर रामायण की विजुवल झलक देखने को मिलेगी।

# नगर निगम की मैदानी मेहनत से बदली शहर की सूरत, बैकलेन में लगने लगी 'चाय की चौपाल'

### बेकलेन में कैरम खेल के साथ अन्य खेलों का आनंद उठा रहे हैं स्थानीय लोग

**जबलपुर। शहर में इन दिनों स्वच्छता को लेकर वैसी ही हलचल और उत्साह नजर आ रहा है, जैसा अमूमन दीपावली के दीपोत्सव पर दिखाई देता है। नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे विशेष कायाकल्प अभियान ने शहर की उन गलियों की तस्वीर बदल दी है, जहाँ कभी गंदगी के ढेर के कारण लोगों को परेशानी होती थी आज उन्हीं 'बैकलेन' में लोग बैठकर कैरम खेल रहे हैं और चाय की चौपाल सजा रहे हैं।**



गंदगी के ढेर से 'सेल्फी पॉइंट' तक का सफर निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने इस बार स्वच्छता को केवल कचरा उठाने तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे एक उत्सव का रूप दे दिया है। शहर के उन हिस्सों को चिन्हित किया गया जो लंबे समय से उपेक्षित थे। सफाई के बाद इन स्थानों पर आकर्षक स्ट्रीट आर्ट और पेंटिंग की गई है।

#### आध्यात्मिक और स्वच्छता थीम की पेंटिंग बनी आकर्षण

शहर की दीवारों पर उकेरी गई आकृतियाँ लोगों को जागरूक भी कर रही हैं और प्रेरित भी। इन पेंटिंग्स में दो मुख्य थीम रखी गई हैं जिसमे शांति और शुचिता का संदेश देती कलाकृतियाँ लोगों के मन को सुकून पहुँचा रही हैं। कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के संदेशों को कला के माध्यम से बेहद रोचक ढंग से दर्शाया गया है।

#### जनभागीदारी से बना आंदोलन

निगम की इस तैयारी को देखकर आम जनता में भी जबरदस्त उत्साह है। लोग न केवल इन खूबसूरत दीवारों के साथ फोटो खिंचवा रहे हैं, बल्कि वहां बैठकर आनंद की अनुभूति भी महसूस कर रहे हैं।



# खेलों से तनाव मुक्त होना आसान : मिश्रा

जबलपुर। मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय क्लासिक पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रमोद कुमार मिश्रा ने किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज के दौर में खेलों के प्रति युवाओं का रुझान पहले की अपेक्षा कम होता जा रहा है, जिसके कारण प्रदेश में जितने प्रतिभाशाली खिलाड़ी सामने आने चाहिए, उतने नहीं आ पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करना समय की आवश्यकता है।

कुलपति मिश्रा ने कहा कि पारंपरिक भारतीय खेलों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। हमारे गांवों और शहरों में पहले अखाड़ों की समृद्ध परंपरा रही है, जहां युवाओं का शारीरिक और मानसिक विकास होता था। इन अखाड़ों को पुनर्जीवित कर खेल संस्कृति को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता या मनोरंजन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि यह स्वस्थ जीवन शैली का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। नियमित खेल गतिविधियों से शारीरिक क्षमता बढ़ती है, अनुशासन और आत्मविश्वास का विकास होता है तथा मानसिक तनाव भी कम होता है।आनंद दी के ने कहा सभी युवाओं को किसी न किसी खेल से जुड़ना चाहिए।

इस अवसर पर धर्म जागरण क्षेत्र प्रमुख प्रचारक सुरेन्द्र मागे, कमलेश अग्रवाल,भीष्म सिंह, प्रशांत मिश्रा, कौशलेन्द्र सिंह, मानव घनघोरिया, ऋषि पाल, एन.वी.आर. श्रीधरे,कुलदीप रावत, एस टंडेलू,बिन्सतन लाल और प्रकाश चौकसे सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मान सिंह परस्ते ने किया।

प्रतियोगिता के पहले दिन सब जूनियर महिला वेट लिफ्टरों ने विभिन्न वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। खिलाड़ियों के उत्साह और जोश ने दर्शकों को भी प्रभावित किया। प्रतियोगिता के अंतर्गत रविवार को पुरुष वर्ग के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे, जिनमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ी अपनी ताकत और कौशल का प्रदर्शन करेंगे।



जबलपुर। आगामी 12 मई को होने जा रहे मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव में शनिवार को अधिवक्ता शादाब खान ने प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया।

## पंचवटी नौका विहार भेड़ाघाट में हुई सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक



जबलपुर। नगर परिषद भेड़ाघाट द्वारा संचालित किये जा रहे पंचवटी नौका विहार घाट पर आज सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना भेड़ाघाट टीआई कमलेश चौरिया एवं नगर परिषद भेड़ाघाट के मुख्य नगर पालिका अधिकारी विक्रम सिंह झरिया और पंचवटी नौका विहार घाट प्रभारी लक्ष्मी नारायण दुबे द्वारा संयुक्त रूप से सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए चल रहे नौका विहार संचालन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समुचित सभी व्यवस्थाएं व्यवस्थित पाई गईं एवं नाविकों की बैठक ली गई जिसमें नाविकों को क्षमता से अधिक सवारी न बैठने, निर्धारित सीमा तक घूमने, कॉमेंट्री के दौरान मर्यादित शब्दों का उपयोग करने एवं लाईफ जैकेट के उपरांत ही नौकायन करने के निर्देशित दिए गए।

# अनंत ब्राह्मण महासभा का सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न



जबलपुर। अनंत ब्राह्मण महासभा द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पूर्व लगातार द्वितीय वर्ष विभिन्न स्कूलों के प्रतिभावान बच्चों द्वारा भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता से संबंधित शहीद स्मारक में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। संस्था के संस्थापक अधिवक्ता अखिलेश उपाध्याय ने बताया कि आज इस कार्यक्रम में विभिन्न हिन्दू संगठनों का उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मान किया गया। जबलपुर को मातृ शक्ति संगठनों का भारतीय समाज में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मान किया गया।
संस्था के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. अरुण पांडे ने बताया कि महानगर इकाई एवं महानगर महिला इकाई का विस्तार करते हुए जनवरी में संगठन के उद्देश्यों के लिए संगठन का विस्तार किया गया। आज 11 अप्रेल को शहीद स्मारक में संपन्न हुए कार्यक्रम में विभिन्न समाजों, संगठनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में उपस्थित सभी स्कूलों के प्राचार्यों एवं आचार्यों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में एड. ओपी मिश्रा, पं. एसके पचौरी, पं. रत्नेश पांडे, पं. वीपी शुक्ला, आरती दीक्षित, मंजू दुबे, रंजना तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## प्रथम स्थापना दिवस पर संकीर्तन यात्रा, प्रभात फेरी, शोभायात्रा व विशाल भण्डारा आज

जबलपुर। स्वयं सिद्ध हनुमान प्रभात फेरी, रामपुर, जबलपुर द्वारा एक वर्ष पूर्व श्री दादा गुरु (भैया जी सरकार), जगद् गुरु बालगोविन्दाचार्य महाराज (परामबा धाम) एवं ब्रह्मऋषि सुन्दरलाल तिवारी, दादा पगलानंद महाराज, महंत स्वामी रामजी शरण महाराज, शिव पाठक महाराज व अनेक संतगणों और क्षेत्र के विशिष्ट व प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में ठाडेश्वर महावर के संयोजन में नित्य संकीर्तन यात्रा प्रारंभ की गई थी जिसका 12 अप्रैल को प्रथम स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है, जिसमें रामपुर ही नहीं अपितु जबलपुर महानगर व ग्रामीण क्षेत्र की विभिन्न प्रभात फेरियों का समागम होगा। कार्यक्रम श्रृंखला 01 अप्रैल 2026, माँ नर्मदा पंचकोषी यात्रा प्रातः 6.00 बजे सिद्धघाट (उमाघाट) से महायोगी श्री अवधूत दादा गुरु भगवान के सानिध्य में प्रारंभ हुई, जिसके अंतर्गत 02 अप्रैल को प्रातः 6 बजे हनुमान जी के प्रकटोत्सव के अवसर पर महाआरती, 03 अप्रैल 2026, प्रातः 6 बजे शिव मंदिर जेठाजी के सामने व हनुमान मंदिर छापर स्कूल में, 04 अप्रैल को प्रातः 6 बजे शिव, दुर्गा, हनुमान मंदिर (पप्पू किराना) छोटेलाल प्रजापति के घर के सामने, 05 अप्रैल को प्रातः 6 बजे जोगनी माता मंदिर, जोगनी नगर, छुई खदान में, 06 अप्रैल को प्रातः 6 बजे श्री शिव मंदिर, रामनगर, लक्ष्मीनारायण मंदिर, शिव मंदिर, शनि मंदिर, आजाद चौक, रामपुर में, 07 अप्रैल को प्रातः 6 बजे हनुमान मंदिर मुख्य मार्ग छापर में, 08 अप्रैल को प्रातः 6 बजे श्री दुर्गा नगर, हनुमान मंदिर, झंडावाले बाबा का मंदिर, 09 अप्रैल को प्रातः 6 बजे श्री शिव मंदिर भटटा कुंआ, से दुर्गा नगर तक, 10 अप्रैल को प्रातः 6 बजे शिव मंदिर छापर, तलैया, महाकाली मंदिर रीवा कालोनी, 11 अप्रैल को प्रातः 06 बजे श्री शिव मंदिर पंकज बिहार, रामनगर, हनुमान मंदिर, वर्मा डेरी के पास तथा 12 अप्रैल को अपरान्ह 03 बजे शोभायात्रा सहकार नगर स्थित स्वयंसिद्ध हनुमान मंदिर से प्रारंभ होगी।

# केन्द्र की जनविरोधी नीतियों व प्रस्तावित भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में प्रदर्शन कल



जबलपुर। मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस ने 11 अप्रेल को पत्रकार वार्ता आयोजित की, जिसमें प्रदेश प्रभारी शिवि सिंह चौहान एवं प्रदेश अध्यक्ष यश लखन घनघोरिया ने संबोधित किया। इस अवसर पर नेताओं ने बताया कि भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब के नेतृत्व में 13 अप्रेल को जबलपुर में केन्द्र सरकार की जनविरोधी नीतियों तथा प्रस्तावित भारत-अमेरका ट्रेड डील के विरोध में एक विशाल आमसभा एवं विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। नेताओं ने स्पष्ट किया कि प्रस्तावित भारत-अमेरिका ट्रेड डील भारतीय किसानों, लघु उद्योगों एवं स्थानीय व्यापारियों के हितों के खिलाफ है। यह समझौता देश की आर्थिक सम्प्रभुता को कमजोर कर सकता है।
वहीं देश में लगातार बढ़ती मंहगाई, गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतें तथा आवश्यक वस्तुओं की कमी ने आम जनता का जीवन अत्यंत कठिन बना दिया है। साथ ही बेरोजगारी की समस्या भी गंभीर होती जा रही है। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब स्वयं इस आंदोलन का नेतृत्व करने जबलपुर पहुंचेंगे, जो इस मुद्दे की गंभीरता को दर्शाता है। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष यश लखन घनघोरिया ने कहा कि प्रदेश का युवा अब चुप नहीं बैठेगा, केन्द्र सरकार विदेशी कंपनियों एवं अपने सहयोगियों को लाभ पहुंचाने के लिए देश के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महामंत्री शिवि सिंह चौहान ने कहा कि यह लड़ाई केवल कांग्रेस की नहीं, हर उस भारतीय की है जो आत्मनिर्भर भारत का सपना देखता है। बताया गया 13 अप्रेल को पूर्वान्ह 11.30 बजे जबलपुर के सिविक सेंटर में एक विशाल आमसभा आयोजित की जाएगी इसके पश्चात हजारों कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। अंत में मप्र युवा कांग्रेस ने सभी मीडिया बंधुओं एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस लोकतांत्रिक विरोध प्रदर्शन में शामिल होकर सफल बनाएं।

## मध्य प्रदेश राष्ट्रीय सब जूनियर पुरुष हाकी के फाइनल में




जबलपुर। हाकी इंडिया के तत्वावधान में राजगीर बिहार में आयोजित की जा रही १६वी राष्ट्रीय सब जूनियर पुरुष हाकी चैम्पियनशिप में मध्य प्रदेश ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में दादरी नगर हवेली को ४-२ से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। लोक बहादुर महासचिव हाकी मध्य प्रदेश की जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश एवं दादर नगर हवेली ने खेल आरंभ से ही एक दूसरे पर बराबरी से जबाबी आक्रामक किए। मध्य प्रदेश की अग्रिम पंक्ति ने बड़े ही तालमेल के साथ एक शानदार आक्रामक किया ।जिसके फलस्वरूप खेल के १५वें मिनट में मध्य प्रदेश के पक्ष में एक पेनाल्टी कार्नर दिया गया। जिसको दीपक ने गोल में तब्दील कर टीम को १-० की बढ़त दिला दी। इसके बाद दादर नगर हवेली ने जवाबी आक्रमण किया। इसके परिणामस्वरूप खेल के *६ वें मिनट धीरज ने पेनाल्टी कार्नर में गोल कर टीम को १-१ की बराबरी पर ला दिया। इसके तुरन्त बाद मध्य प्रदेश ने खेल के ४* वें मिनट में एक जबाबी आक्रामक किया। उसके फलस्वरूप मध्य के पक्ष में एक पेनाल्टी कार्नर दिया गया।जिसको करने गोतम ने गोल में तब्दील कर टीम को २-१ की बढ़त दिला दी। एवं मध्य प्रदेश ने आक्रामक खेल जारी रखा। एवं खेल के ४७ वें मिनट में गाजी खान ने एक फील्ड गोल कर टीम बढ़त *-१ करा दी। तथा खेल के ५१ वें मिनट में मध्य प्रदेश की ओर से सिद्धार्थ ने एक फील्ड गोल कर टीम की बढ़त ४-१ कर दी। इसके पश्चात दादर नगर हवेली की ओर से आक्रामक किया गया । एवं खेल के ५४ वें मिनट में एक पेनाल्टी कार्नर दिया गया। जिसको अपूर्वा ने गोल में बदलकर बढ़त २-४ करा दी। इसके पश्चात मध्य प्रदेश की ओर से अनेक आक्रामक किए गए। तथा खेल के अंतिम समय तक ४-२ की बढ़त कायम रखी।इस प्रकार मध्य प्रदेश ने विजय हासिल की। फाइनल मैच १२ अप्रेल को मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के मध्य खेला जाएगा।

# मध्य प्रदेश उड़ीसा को पराजित कर राष्ट्रीय सब जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप के फाइनल में

जबलपुर। हाकी इंडिया के तत्वावधान में रांची में आयोजित की जा रही १६ वी हाकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय हाकी चैम्पियनशिप में मध्य प्रदेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल के संघर्ष पूर्ण मुकाबले में उड़ीसा को २-१पराजित कर फाइनल में स्थान सुनिश्चित किया।
लोक बहादुर महासचिव हाकी मध्य प्रदेश की जानकारी के अनुसार खेल के आरंभ से ही मध्य प्रदेश एवं उड़ीसा ने एक दूसरे पर बराबरी से जबाबी आक्रामक किए ।
उड़ीसा की ओर खेल के २७वें मिनट में एक शानदार आक्रामक किया गया। जिसके फलस्वरूप रुबीना बारला ने एक फील्ड गोल कर उड़ीसा को १-० की बढ़त दिला दी। इसके पश्चात मध्य प्रदेश की अग्रिम पंक्ति ने बड़े ही तालमेल के साथ अनेक शानदार जबाबीआकमण किए।
जिसके परिणामस्वरूप खेल के ४८वें मिनट में मध्य प्रदेश की ओर से नौशीन नाज ने एक शानदार फील्ड गोल कर टीम को १-१ की बराबरी पर ला दिया।इसके साथ ही मध्य प्रदेश की अग्रिम पंक्ति ने आक्रामक खेल जारी रखा।
जिसके फलस्वरूप खेल ५८वें मिनट में मध्य प्रदेश की केशर बाबर ने एक फील्ड गोल कर टीम की बढ़त २-१ करा दी। इसके पश्चात उड़ीसा की ओर से जवाबी आक्रमण किए गए। जिन्हें मध्य प्रदेश की रक्षा पंक्ति के खिलाड़ियों ने बड़ी ही सूझ बूझ के साथ नाकाम कर दिया।



एवं मध्य प्रदेश ने खेल के अंतिम समय तक उड़ीसा पर दबाव बनाएं रखा। तथा अंतिम समय तक २-१ की बढ़त क़ायम रखी।
इस प्रकार विजय हासिल करते हुए फाइनल में स्थान बनाया। मध्य प्रदेश की ओर से भाविका, नौशीन नाज, गीताश्री, मानसी, स्नेहा, प्रियांशी , सुदिप्ता किंडो, केशर बाबर तथा साजदा बेगम का खेल सराहनीय रहा।

# सिद्धबाबा इलेवन अगले दौर में

**जबलपुर। सिद्धबाबा इलेवन ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए बमलहरी एकादश को 42 रनों से पराजित कर कामरेड रामशंकर रजक स्मृति रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश किया।**




ओलंपिक स्टेडियम खमरिया में सिद्धबाबा इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और निर्धारित 10 ओवर की पारी में 101 रन 8 विकेट पर बनाए। जवाबी पारी में बमलहरी एकादश 9.4 ओवर में 59 रन बनाकर सिमट गई। मैन ऑफ द मैच अमन रहे। अंपायर की भूमिका नीरज और विकास ने निभाई। जबकि स्कोरर नितेश, कमेंटेटर गौतम थे। मैच के मुख्य अतिथि शीतल सिंह और संजीव कुमार, खेल समिति अध्यक्ष निखिल सुमन और सचिव विनय चवारे उपस्थित थे।

**किंग हिटर की विशाल रन अंतर से जीत :**
इधर किंग हिटर ने एक अन्य मैच में नर्मदा इलेवन को 91 रनों के विशाल अंतर से मात दी। नर्मदा इलेवन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। निर्धारित 10 ओवर में किंग हिटर ने ने 146 रन 7 विकेट पर बनाए। नर्मदा इलेवन जवाबी पारी में 8 विकेट खोकर 55 रन ही जोड़ सकी। मैन ऑफ द मैच मयूर रहे।

## पश्चिम मध्य रेलवे की 14 ट्रेनों में कोच संरचना में स्थायी परिवर्तन

जबलपुर। रेलवे द्वारा यात्री सुविधा एवं मांग को देखते हुए स्थाई/ अस्थाई तौर पर अतिरिक्त कोच लगाए जाते हैं। इसी कड़ी पश्चिम मध्य रेलवे से प्रारम्भ/ टर्मिनेट होने वाली 14 ट्रेनों में यात्रियों की बढ़ती मांग एवं सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कोच संरचना में आंशिक संशोधन किया गया है। मुख्यालय द्वारा अधिसूचित 14 ट्रेनों में स्थाई आधार पर एक एसी-थ्री टियर कोच की जगह एक एसी-3 इकॉनॉमी कोच जोड़ा जाएगा।निम्न ट्रेनों में कोचों का परिवर्तन प्रारम्भिक निर्धारित तिथियों से प्रभावी होगा-गाड़ी संख्या 12185 रानी कमलापति-रीवा एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा तिथि 15 जून 2026 से। गाड़ी संख्या 12186 रीवा-रानी मलापति एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा तिथि 16 जून 2026 से। गाड़ी संख्या 12155 रानी कमलापति-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा तिथि 17 जून 2026 से। गाड़ी संख्या 12156 हजरत निजामुद्दीन-रानी कमलापति एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा तिथि 20 जून 2026 से। गाड़ी संख्या 20156 नई दिल्ली-डॉ. अंबेडकर नगर एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा तिथि 18 जून 2026 से। गाड़ी संख्या 20155 डॉ. अंबेडकर नगर-नई दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा तिथि 19 जून 2026 से। गाड़ी संख्या 22165 भोपाल-सिंगरौली एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा तिथि 20 जून 2026 से। गाड़ी संख्या 22166 सिंगरौली-भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा तिथि 23 जून 2026 से। गाड़ी संख्या 22167 सिंगरौली-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा तिथि 21 जून 2026 से। गाड़ी संख्या 22168 हजरत निजामुद्दीन-सिंगरौली एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा तिथि 22 जून 2026 से। गाड़ी संख्या 11633 भोपाल-चोपन एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा तिथि 21 जून 2026 से। गाड़ी संख्या 11634 चोपन-भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा तिथि 22 जून 2026 से। गाड़ी संख्या 11631 भोपाल-धनबाद एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा तिथि 22 जून 2026 से तथा गाड़ी संख्या 11632 धनबाद-भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा तिथि 24 जून 2026 से प्रभावी होगा।
इस पहल का उद्देश्य यात्रियों को अधिक किफायती एसी यात्रा सुविधा उपलब्ध कराना एवं मांग के अनुरूप बेहतर सेवा प्रदान करना है। पश्चिम मध्य रेलवे निरंतर यात्री सुविधाओं के उन्नयन हेतु प्रतिबद्ध है।

# मेहरा डेहरिया समाज का मिलन समारोह आज

जबलपुर। मेहरा (डेहरिया) समाज समिति, संस्कारधानी, जबलपुर द्वारा विवाह योग्य युवक- युवती एवं सामाजिक मिलन समारोह का आयोजन 12 अप्रैल 2026 को मानस भवन (राइट टाउन) जबलपुर में किया जा रहा है। मेहरा (डेहरिया) समाज समिति ने सफल आयोजन के लिए विवाह योग्य युवक-युवती, अभिभावकों एवं सामाजिकजनों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

## उदीयमान फुटबालर राजवीर जिले की अंडर-20 टीम में



जबलपुर : संस्कारधानी का उदीयमान फुटबालर राजवीर सिंह जबलपुर जिला अंडर-20 फुटबाल टीम में चुने गए हैं। वे 13 से 15 अप्रैल तक इंदौर में आयोजित राज्य अंतर जिला फुटबाल स्पर्धा में जिला टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। बतौर स्ट्राइकर नर्मदा क्लब से खेलने वाले राजवीर को फुटबाल की बारीकियों से कल्याण दास ने अधारताल क्लब मैदान में अवगत कराया है। उन्हें अमितरंजन देव, बीएल यादव, यूबी सिंह ने शुभकामनाएं दी है।

# डायमंड राक एफसी ने किया शानदार प्रदर्शन

जबलपुर।ः डायमंड राक एफसी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मदन महाराज एफसी को 3-0 से पराजित कर अंडर-15 यूथ लीग फुटबाल प्रतियोगिता में आसान जीत दर्ज की। शनिवार को खेले गए दिन के एक अन्य मैच में मदन महाराज एफसी भोपाल ने ब्वायज एफसी उकवा को 4-0 से मात दी। मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ के तत्वावधान में ग्लोबल कॉलेज ग्राउंड में खेली जा रही प्रतियोगिता में पहला मैच सतना सोल्डर सतना और डायमंड राक बालाघाट के बीच खेला गया। खेल शुरू होते ही बालाघाट गोल करने का प्रयास करती रही। 15वें मिनट में बालाघाट ने पहला गोल किया। मध्यांतर तक बालाघाट एक गोल से आगे रही, मध्यांतर के पश्चात खेल के 60वें मिनट में बालाघाट ने दूसरा गोल किया। सतना बराबर करने का प्रयास करती रही परन्तु सफलता नहीं मिली।

## पीपीटी के माध्यम से परखी गई सिटी प्रोफाइल की तैयारियां, दिख रही है सड़कों और बस्तियों में सफाई

जबलपुर। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार द्वारा आज स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों एवं शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से निगम मुख्यालय में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आहूत की गई। विभिन्न वार्डों के आकस्मिक निरीक्षण के उपरांत, निगमायुक्त श्री अहिरवार ने अधिकारियों को मैदानी स्तर पर कार्यक्षमता बढ़ाने और तकनीकी मानकों को पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से 'सिटी प्रोफाइल' और सर्वेक्षण के विभिन्न घटकों की वर्तमान स्थिति का बारीकी से




अवलोकन किया गया। निगमायुक्त ने ओडीएफ, कचरा मुक्त शहर और सर्विस लेवल प्रोग्रेस के मापदंडों पर विभागीय प्रमुखों से चर्चा की। उन्होंने बताया कि दस्तावेजीकरण के साथ-साथ धरातल पर स्वच्छता का प्रभाव दिखे इस पर नियमित रूप से मॉनिटरिंग रखें। इस अवसर पर अपर आयुक्त अरविंद शाह, देवेंद्र सिंह चौहान, अशफाक परवेज कुरैशी, व्ही.एन. बाजपेई, अंजू सिंह एवं मनोज श्रीवास्तव, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उपायुक्त संभव अयाची सहित समस्त विभागीय प्रमुख सहित अन्य उपस्थित रहे।


**नाम सुधार सूचना**

मैं, गणेश सिंह पिता जय सिंह उम्र लगभग 31 वर्ष निवासी- म.नं. 17, वार्ड नं. 03, रोड के पास झिरणी सेक्टर गौरी कुंडम जिला जबलपुर (म.प्र.) शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं। मेरा नाम गणेश सिंह है तथा मेरे समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय अभिलेखों में मेरा सत्य व सही नाम गणेश सिंह दर्ज है। किंतु मेरे आधार कार्ड नं. 850873778843 में मेरा नाम चमरू सिंह मार्को आधार सेंटर से आधार कार्ड सुधरवाते समय त्रुटिवश अंकित हो गया है जो कि गलत है। जबकि मेरा सही नाम गणेश सिंह है। मुझे अपने आधार कार्ड में अपना नाम चमरू सिंह मार्को के स्थान पर अपना सत्य व सही नाम गणेश सिंह करवाना है। जिसके बावत नाम सुधार हेतु एवं नाम से संबंधित जानकारी बावत उपरोक्त शपथपत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

गलत नाम - चमरू सिंह मार्को
(CHAMRU SINGH MARKO)
सही नाम-गणेश सिंह
(GANESH SINGH)

BY 25881

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY No. 15426329F, RANK- NAIK, NAME - GOPI M S/O MUNIYANDI M, UNIT-MH JABALPUR M.P.,PERMANENT ADDRESS- VILL- KEELAYUR COLONY POST- KEELAYUR, TEH- ILAYANGUDI, DIST.-SIVAGANGAI, STATE-TAMILNADU, PIN 630702. I state that in my Mother Aadhar card's, my Mother Name POOMADEVI MUNIYANDI which is true and correct but in my Army service Record my Mother Name is recorded M BOOMA DEVI Which is incorrect. I state that the true and correct Name of my Mother is POOMADEVI MUNIYANDI and same Name shall be corrected in my Army service Record.

CORRECT NAME
POOMADEVI MUNIYANDI
INCORRECT NAME
M BOOMA DEVI

**NAME CHANGE**

I, Ram Chandra Chaurasia S/o S L Chaurasia, residing at 689, Shakti Nagar Jabalpur 482001. I am citizen of India.My correct name is Ram Chandra Chaurasia. I am presently staying above mentioned address. My surname spelling is wrongly written as Ram Chandra Chourasia and also my father's name has been wrongly written as S L Chourasia in my 10th and 12th marksheet. My correct name is Ram Chandra Chaurasia and my father's name is S L Chaurasia which may be amended accordingly. Both the surname in my name and my father's name "Chourasia" and "Chaurasia" refer to one and the same person. Content of the affidavit are correct to the best of my knowledge and belief and nothing is concealed. I shall be fully responsible for any misrepresentation and consequences if arise in future.

(Ram Chandra Chaurasia)

# गलगोटियाज यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट रिपोर्ट : टॉप रिक्रूटर्स द्वारा 2026 में 4700+ ऑफर




**ग्रेटर नोएडा।** गलगोटियाज विश्वविद्यालय ने 2026 बैच के लिए 4700+ प्लेसमेंट ऑफर के साथ एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है। इससे करियर-संचालित शिक्षा और इंडस्ट्री की तैयारी के लिए एक प्रमुख संस्थान के रूप में इसने एक बार फिर अपनी मजबूत स्थिति को दर्शाया है। विश्वविद्यालय में टॉप रिक्रूटर्स की मजबूत भागीदारी लगातार जारी है, जो इसके मजबूत एकेडमिक इकोसिस्टम को दर्शाता है और रोजगार सक्षमता पर ध्यान केंद्रित करता है। इन्फोसिस, कैपजेमिनी, कॉग्निजेंट, सिटी यूनियन बैंक, एलटीएम, एक्सेंचर और ईवाई जैसे प्रमुख ऑर्गेनाइजेसंस ने इस विश्वविद्यालय से बड़ी संख्या में छात्रों की भर्ती की है, जो यहां के प्लेसमेंट की कसौटी और निरंतरता को प्रदर्शित करता है। प्लेसमेंट ड्राइव कौशल-आधारित लर्निंग और वास्तविक दुनिया की अपेक्षाओं के माध्यम से शिक्षाविदों और इंडस्ट्री के बीच की खाई को पाटने की संस्थान की क्षमता को उजागर करता है।

विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट रिकॉर्ड बताते हैं कि वर्तमान वर्ष के लिए उच्चतम पैकेज 60 लाख रुपये सालाना दर्ज किया गया है। इसके अलावा, कई अन्य छात्रों को उच्च प्रतिष्ठा वाली कंपनियों से 15 लाख से 26.6 लाख रुपये सालाना के बीच नौकरी के प्रस्ताव मिले। अपने इंडस्ट्री-संचालित एकेडमिक इकोसिस्टम को और मजबूत करते हुए गलगोटियाज विश्वविद्यालय ने सिस्को, टाटा टेक्नोलॉजीज, वीवो, सेल्सफोर्स, एलएंडटी और एचपी-इंटेल जैसी प्रमुख कंपनियों के सहयोग से कई उद्योग एकीकृत शैक्षणिक केंद्रों की स्थापना की है। ये केंद्र छात्रों को व्यावहारिक अनुभव, इंडस्ट्री के अनुकूल ट्रेनिंग, एडवांस टेक्नोलॉजीज और प्रैक्टिकल लर्निंग के अवसर प्रदान करते हैं जो प्रभावी रूप से वास्तविक दुनिया के एप्लीकेशंस के साथ एकेडमिक नॉलेज को जोड़ते हैं, रोजगार क्षमता को असरदार तरीके से बढ़ाते हैं और भविष्य के लिए सक्षम पेशेवरों को तैयार करते हैं।

विश्वविद्यालय ने बिग 4 में 80 से अधिक ड्रीम ऑफर भी दर्ज किए हैं, जिसमें छात्रों ने डेलॉयट, ईवाई, केपीएमजी और पीडब्ल्यूसी जैसी प्रमुख वैश्विक फर्मों में अवसर हासिल किए हैं। यह उपलब्धि गलगोटियाज के स्टूडेंट्स की इंडस्ट्री के लिए मजबूत तैयारी, शैक्षणिक गुणवत्ता और पेशेवर उत्कृष्टता को दर्शाती है। उपलब्धियों की सूची में जुड़ते हुए बीटेक (एआइ और एमएल) बैच से निकिता और याशिका जैन को लिंक्डइन कोचइन प्रोग्राम 2026 के लिए चुना गया है। उनका चयन गलगोटियाज के स्टूडेंट्स की बढ़ती वैश्विक मान्यता और भविष्य के टेक्नोलॉजी लीडर्स, खास तौर पर तकनीक में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस उपलब्धि के बारे में सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने कहा, ''गलगोटियाज विश्वविद्यालय में हमारा ध्यान हमेशा सही कौशल, मानसिकता और वैश्विक प्रदर्शन से लैस भविष्य के लिए तैयार पेशेवरों को बनाने पर रहा है। हमारे स्टूडेंट्स द्वारा हासिल किए गए उल्लेखनीय प्लेसमेंट परिणाम और अंतरराष्ट्रीय अवसर एकेडमिक उत्कृष्टता और इंडस्ट्री के साथ तालमेल के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।''

## मल्टीडिसिप्लिनरी लिवर एवं जीआई इंस्टीट्यूट का शुभारंभ

**कोलकाता।** पूर्वी भारत में विशेष स्वास्थ्य सेवा में शामिल मणिपाल हॉस्पिटल ईएम बाइपास ने अपने इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड डाइजेस्टिव डिसऑर्डर्स एंड लिवर केयर सेंटर की शुरुआत की है। उन्नत गैस्ट्रो एवं लिवर केयर के लिए एक समग्र केंद्र के रूप में डिज़ाइन किया गया यह संस्थान अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक्स, विशेषज्ञों द्वारा संचालित बहु-विषयक देखभाल और लिवर ट्रांसप्लांट सेवाओं सहित जटिल उपचारों को एकीकृत प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराता है। इस मौके पर डॉ. सुमंता डे, सीनियर कंसल्टेंट एवं एचओडी-रोबोटिक, एडवांस्ड लैप्रोस्कोपिक, बैरियाट्रिक एवं गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जरी, मणिपाल हॉस्पिटल ईएम बाइपास, डॉ. जयंत रेड्डी, लीड कंसल्ट सर्जन एवं हेड एचपीबी सर्जरी, मल्टी-ऑर्गन एब्डॉमिनल ट्रांसप्लांट एवं हेपेटोलॉजी, मणिपाल हॉस्पिटल्स, बेंगलुरु, डॉ. संजय बसु, डॉ. अयनाभ देबगुप्ता, रीजनल डायरेक्टर, ईस्ट सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

### ट्रांसपोर्ट संगठन के प्रतिनिधिमंडल की उपमुख्यमंत्री शुक्ल से मुलाकात

# ट्रकों में वीएलटीडी की अनिवार्यता समाप्त और नेशनल परमिट प्रक्रिया बहाली की मांग

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ट्रक ऑपरेटर संगठन इंदौर ट्रक ऑपरेटर एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल से मुलाकात कर ट्रकों में वीएलटीडी की अनिवार्यता समाप्त और नेशनल परमिट की प्रक्रिया बहाल करने की मांग की और ज्ञापन सौंपा।

इस मौक पर अध्यक्ष अमरजीत सिंह बग्गा, चेयरमैन राजेंद्र त्रेहान आरटीओ एवं ट्रैफिक कमेटी चेयरमैन सीएल मुकाती, विजय कालरा, ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट मोटर कांग्रेस, मध्यप्रदेश चेयरमैन हरीश डाबर आदि मौजूद रहे। संगठन के प्रतिनिधिमंडल के अनुसार व्यापारिक मंदी एवं आर्थिक बोझ वर्तमान में मध्य-पूर्व के युद्ध हालातों के कारण वैश्विक व्यापार प्रभावित हुआ है. जिसका सीधा असर हमारे देश और प्रदेश के ट्रांसपोर्ट व्यवसाय पर पड़ा है। व्यापार में छाई इस मंदी के बीच, 1 अप्रैल 2026 से ट्रकों में वीएलटीडी अनिवार्य करने से ट्रक मालिकों पर भारी आर्थिक बोझ बढ़ गया है। विभाग द्वारा 'आम जनता की सुरक्षा' का तर्क देकर इसे अनिवार्य किया गया है। आम जनता बसों में सफर करती है, ट्रकों में नहीं। सार्वजनिक सेवा वाहनों (बसों) में इसकी उपयोगिता समझी जा सकती है, किंतु मालवाहक ट्रकों में इसकी अनिवार्यता से आम जनता को सुरक्षा कैसे प्राप्त होगी, यह समझ से परे है।



ज्ञापन सौंपते हुए

### लुटेरे वीएलटीडी सिस्टम को हैक कर ट्रक की लाइव लोकेशन कर सकते हैं ट्रैक

प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री को बताया कि डिजिटल असुरक्षा एवं लूट का भय ट्रकों में वीएलटीडी लगाना माल परिवहन की सुरक्षा के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। जिस प्रकार वर्तमान में बैंकिंग फ्रॉड और 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं। उसी प्रकार अपराधी और लुटेरे वीएलटीडी सिस्टम को हैक कर ट्रक की लाइव लोकेशन ट्रैक कर सकते हैं। इससे राजमार्गों पर ट्रक चालकों की जान और करोड़ों रुपये के माल की सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा होगा।

### ओडिशा उच्च न्यायालय ने राज्य सरकारों द्वारा निर्माताओं को एम्पैनल्ड करने पर प्रतिबंध लगाया

न्यायिक एवं अन्य राज्यों का संदर्भ उड़ीसा उच्च न्यायालय ने भी राज्य सरकारों द्वारा निर्माताओं को एम्पैनल्ड करने पर प्रतिबंध लगाया है। साथ ही, राजस्थान सरकार ने हाल ही में ट्रक मालिकों की समस्या को समझते हुए नेशनल परमिट बनाने की व्यवस्था पुनः सुचारू रूप से चालू कर दी है। अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि सुरक्षा खतरों और आर्थिक मंदी को देखते हुए ट्रकों के लिए वीएलआईडी की अनिवार्यता तत्काल समाप्त की जाए और नेशनल परमिट जारी करने की व्यवस्था को पूर्ववत बहाल किया जाए साथ ही इसे केवल लोक सेवा वाहनों (बसों) तक ही सीमित रखा जाए। अतः अनुरोध है कि ट्रकों के लिए वीएलआईडी की अनिवार्यता तत्काल समाप्त की जाए।

## एनबीबीएल के 'बैंकिंग कनेक्ट' प्लेटफॉर्म से जुड़ा एक्सिस बैंक

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई एनपीसीआई भारत बिलपे लिमिटेड (एनबीबीएल) ने घोषणा की है कि देश के प्रमुख निजी बैंकों में से एक एक्सिस बैंक अब उसके 'बैंकिंग कनेक्ट' प्लेटफॉर्म से जुड़ गया है।

इस जुड़ाव के बाद बैंक के 3.7 करोड़ ग्राहकों को भारत के 4,800 से अधिक व्यापारियों के यहां तेज और आसान भुगतान का अनुभव मिलेगा। इससे भुगतान की प्रक्रिया पहले से ज्यादा सरल और सुविधाजनक हो जाएगी। एनबीबीएल की एमडी और सीईओ नूपुर चतुर्वेदी ने कहाकि अब 'बैंकिंग कनेक्ट' प्लेटफॉर्म देश के आठ प्रमुख बैंकों के ग्राहकों के लिए उपलब्ध है, जिनमें भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं। इसके साथ ही यह प्लेटफॉर्म 11 भुगतान सेवा प्रदाताओं से भी जुड़ा हुआ है। इस बढ़ते दायरे से साफ है कि यह प्लेटफॉर्म तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और इसे अपनाना आसान है। यह व्यवस्था धीरे-धीरे ऐसी बैंकिंग प्रणाली की ओर बढ़ रही है, जहां अलग-अलग बैंकों के बीच भुगतान आसानी से और एक समान तरीके से हो सके, जिससे सभी जुड़े पक्षों को अधिक सुविधा और बेहतर कार्यक्षमता मिलती है। बैंकिंग कनेक्ट धीरे-धीरे पूरे सिस्टम में नेट बैंकिंग भुगतान के तरीके को बदल रहा है।

### एक्सिस बैंक ने एफएचआरएआई के साथ की साझेदारी

एक्सिस बैंक ने देश के हॉस्पिटैलिटी उद्योग के शीर्ष संगठन फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों संगठनों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुए इस समझौते के तहत एक्सिस बैंक को एफएचआरएआई के देशभर में फैले सदस्य नेटवर्क के साथ अधिक करीब से काम करने का अवसर मिलेगा। इससे होटल, रेस्तरां और पर्यटन से जुड़े विभिन्न व्यवसायों के साथ सहयोग और मजबूत होगा।

## बिना रूकावट पहुंचेगी एलपीजी: गैस मंत्रालय

**जबलपुर।** एलपीजी की 95 फीसदी बुकिंग ऑनलाइन होने के साथ, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बिना किसी रुकावट के आपूर्ति का भरोसा दिलाया और ज़िम्मेदारी से इस्तेमाल की अपील की पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने नागरिकों को भरोसा दिलाया है कि पूरे देश में एलपीजी की आपूर्ति स्थिर और पर्याप्त है। मंत्रालय ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे घबराहट में ज़्यादा खरीदारी न करें और ज़िम्मेदारी के साथ एलपीजी का इस्तेमाल करते रहें। मौजूदा डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क की मज़बूती का ज़िक्र करते हुए, मंत्रालय ने बताया कि एलपीजी की उपलब्धता पर निगरानी रखी जा रही है और इसका प्रबन्धन किया जा रहा है, ताकि देश भर के परिवारों तक बिना किसी रुकावट के एलपीजी पहुँचती रहे। मंत्रालय ने एलपीजी बुकिंग के लिए डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के बढ़ते इस्तेमाल पर भी ज़ोर दिया। अब लगभग 95 फीसदी उपभोक्ता आईवीआरएस, एसएमएस, व्हॉट्सऐप और मोबाइल ऐप के ज़रिए बुकिंग करते हैं। उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि वे इन आसान और प्रभावी डिजिटल तरीकों का इस्तेमाल करते रहें, ताकि डिस्ट्रीब्यूटरशिप पर भीड़ न लगे और उन्हें बिना किसी रुकावट के सेवा मिलती रहे।

### एलपीजी कालाबाजारी पर एक्शन, सरकार बोली

# देशभर में1.2 लाख छापे और 53 वितरक सस्पेंड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



950 से अधिक एफआईआर दर्ज

पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक संकट के बीच घरेलू स्तर पर एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए सरकार ने प्रवर्तन कार्रवाइयां काफी तेज कर दी हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि गैस आपूर्ति में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ अब तक देश भर में 1.2 लाख से अधिक छापे मारे जा चुके हैं और तेल विपणन कंपनियों ने अचानक निरीक्षण की गति बढ़ा दी है।

सुजाता शर्मा के बयान के अनुसार इन सघन छापों के दौरान 57,000 से अधिक गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं, 950 से अधिक एफआईआर दर्ज की गई हैं और 229 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने सख्त कदम उठाते हुए 2100 से अधिक कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं, 204 एलपीजी वितरकों पर भारी जुर्माना लगाया है और 53 वितरकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। केवल 9 अप्रैल 2026 को ही देशभर में 3800 से अधिक स्थानों पर छापे मारे गए, जिनमें लगभग 450 सिलेंडर जब्त किए गए।

### एलपीजी की 95 फीसदी बुकिंग ऑनलाइन

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने नागरिकों को भरोसा दिलाया है कि पूरे देश में एलपीजी की आपूर्ति स्थिर और पर्याप्त है। मंत्रालय ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे घबराहट में ज़्यादा खरीदारी न करें और जिम्मेदारी के साथ एलपीजी का इस्तेमाल करते रहें। मौजूदा डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क की मजबूती का ज़िक्र करते हुए मंत्रालय ने बताया कि एलपीजी की उपलब्धता पर निगरानी रखी जा रही है और इसका प्रबंधन किया जा रहा है, ताकि देश भर के परिवारों तक बिना किसी रुकावट के एलपीजी पहुंचती रहे। अब लगभग 95 फीसदी उपभोक्ता आईवीआरएस, एसएमएस, व्हॉट्सएप और मोबाइल एप के जरिए बुकिंग करते हैं। उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि वे इन आसान और प्रभावी डिजिटल तरीकों का इस्तेमाल करते रहें।

## बीआईएस के उद्योग संवाद को जीआईए में मिला प्रोत्साहन

**भोपाल।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), भोपाल शाखा कार्यालय द्वारा गोविंदपुरा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (जीआईए ) कन्वेंशन हॉल में निर्माताओं, व्यापारियों, एमएसएमई, आपूर्तिकर्ताओं, लाइसेंस धारकों एवं गैर-लाइसेंस धारकों के लिए एक उद्योग संघ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में 40 से अधिक उद्योग प्रतिनिधियों ने भाग लिया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उद्योगों को बीआईएस की गतिविधियों, मानकीकरण, अनुरूपता मूल्यांकन तथा प्रमाणन प्रणाली में हुए नवीनतम परिवर्तनों के संबंध में जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मोहम्मद रिजवान, निदेशक एवं प्रमुख, बीआईएस ने जीआईए के सचिव और अन्य प्रतिभागियों की उपस्थित में किया । उन्होंने इस मौके पर बीआईएस की भूमिका पर प्रकाश डाला और उद्योगों से गुणवत्ता मानकों को अपनाने तथा उपभोक्ता हितों की रक्षा में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। इस दौरान मानकीकरण की प्रक्रिया, अनुरूपता मूल्यांकन, हालिया परिवर्तन, सैंपलिंग प्रक्रिया, बीआईएस केयर ऐप, हॉलमार्किंग, इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों पर मानक चिह्न, प्रबंधन प्रणाली प्रमाणन आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। साथ ही प्रतिभागियों को विभिन्न योजनाओं एवं प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया तथा उनकी शंकाओं का समाधान किया गया।



## सैमसंग और गैलेक्सी डिवाइसेस पर मिलेगा वन यूआई 8.5 बीटा प्रोग्राम

**हरिभूमि न्यूज:गुरुग्राम।** सैमसंग अपने वन यूआई 8.5 बीटा प्रोग्राम का विस्तार और अधिक गैलेक्सी डिवाइसों तक कर रहा है। मार्च में वन यूआई 8.5 बीटा के विस्तार के बाद, अब यह प्रोग्राम गैलेक्सी एस23 सीरीज, गैलेक्सी जेड फोल्ड5, गैलेक्सी जेड फ्लिप5, गैलेक्सी एस23 एफई और पहली बार ए-सीरीज के गैलेक्सी ए36 5जी सहित अन्य डिवाइसेस के लिए जारी किया जा रहा है। यह बीटा प्रोग्राम भारत, कोरिया, यूके और अमेरिका जैसे चुनिंदा बाजारों में चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध होगा। एंड्रॉइड के साथ अपने निरंतर सहयोग को आगे बढ़ाते हुए, सैमसंग वन यूआई 8.5 बीटा पर 'क्विक शेयर' के माध्यम से एयरड्रॉप के लिए सपोर्ट पेश कर रहा है, जिससे गैलेक्सी एस25 सीरीज, गैलेक्सी एस24 सीरीज, गैलेक्सी जेड फोल्ड7, गैलेक्सी जेड फ्लिप7, गैलेक्सी जेड फोल्ड6 और गैलेक्सी जेडफ्लिप6 जैसे चुनिंदा डिवाइसेस के उपयोगकर्ताओं के लिए क्रॉस-प्लेटफॉर्म फाइल शेयरिंग अधिक सुगम हो जाएगी।

**वैवाहिकी**

**वधु चाहिए**

**वधु चाहिए**
विश्वकर्मा (लोहार)
17/09/82 हाइट 5'-11''
एमबीबीएस, अविवाहित,
डॉक्टर प्राइवेट क्लीनिक
मासिक आय 1.50 लाख
हेतु हायर सेकेण्डरी ग्रेजुएट
शिक्षित अविवाहित वधु
चाहिए। सभी हिन्दू उच्च
जाति मान्य। मैरिज ब्यूरो क्षमा।
सम्पर्क करें
9131453175

**वधु चाहिए-** श्री धीरेन्द्र सिंह ठाकुर (आयु 47), स्वस्थ, जिम्मेदार एवं पारिवारिक प्रवृत्ति के वर हेतु सुशील, सुसंस्कृत एवं समझदार वधू चाहिए। जाति बन्धन नहीं। सम्पर्क करें- +91 94255 82641 (630)




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु** — आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** — परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

## शब्द पहेली - 6193



**बाएँसेदाए±**
1.बादलों की गड़गड़ाहट-4
3.नीरस, रस विहीन-4
8.नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10.कंठस्थ करना-3
11.जुड़वा-3
13.उक्ति,काव्य कृति-3
15.आने वाला दिन-2
17.पर,पराया,दूसरा-2
18.हाथ-2
19.कविता लिखने वाल-2
21.बजाने वाला-3
25.कक्ष,रूम-3
26.ठिकाना,नीड़-3
27.हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30.अभिप्राय-4
31.आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**
2.तरुणाई,लड़कपन-3
4.सहायता,आधार-3
5.बीताना,यापन करना-4
6.दिखावा,पाखंड-4
7.जरुरत,स्वार्थ-3
8.राजी करना-3
9.योग्य-3
12.मसलना-3
13.इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14.सुगंध,लास-3
16.रोकड़ राशि-3
20.रुकना, स्थिर होना-3
22.विजय दशमी -4
23.भोर,सवेरा-3
24.सना हुआ,तर-4
25.छल,धोखा-3
28.अनुकृति-3
29.श्रंगार -3

**शब्द पहेली - 6192 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ति | आ | ब | श्य | क | ■ | का | रा | बा | स |
| ज | ल | ■ | र | ■ | म | छ | ली | ■ | र | मा |
| र | ■ | अ | दा | का | र | ■ | न | र | ■ | धा |
| अ | र | मा | न | ■ | बं | द | ■ | ज | मी | न |
| म | ■ | न | ■ | म | द | म | स्त | ■ | रा | ■ |
| र | ज | त | प | ट | ■ | क | र | म | ज | ला |
| ■ | प | ■ | ट | क | रा | ना | ■ | स | ■ | ल |
| मु | ना | दी | ■ | ना | ग | ■ | द | ल | ह | न |
| ला | ■ | प | री | ■ | गा | ड़ी | वा | न | ■ | पा |
| का | का | ■ | त | न | य | ■ | घ | ■ | न | ल |
| त | र | सा | ना | ■ | न | ग | र | भ | व | न |

## सूडोकू नवताल - 6203

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 6202 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

विशेषः विश्व विरासत दिवस 18 अप्रैल

हमारे अतीत की पहचान, मानवीय सभ्यता की निशानियां, ऐतिहासिक धरोहरें हम सभी का गौरव हैं। लेकिन आपदाओं और मानवीय संघर्षों से इनके अस्तित्व पर भी संकट मंडराने लगा है। ऐसे में विश्व विरासत दिवस की इस वर्ष की थीम 'संघर्षों और आपदाओं के संदर्भ में जीवंत विरासत के लिए आपातकालीन प्रतिक्रिया'-अत्यंत सामयिक है। हम सभी को विरासतों के संरक्षण के लिए संकल्पित होना चाहिए।

# संघर्षों-आपदाओं के इस दौर में लें विश्व धरोहरों के संरक्षण का संकल्प



कवर स्टोरी
शिखर चंद जैन

बीते कुछ वर्षों से विश्व भर में कई जगहों पर युद्ध और संघर्ष की भयावह स्थिति बनी हुई है। प्राकृतिक और मानवकृत आपदाएं भी अपने चरम पर हैं। आज दुनिया जिस मोड़ पर खड़ी है, वहां केवल मानव जीवन ही नहीं, बल्कि हमारी सदियों पुरानी पहचान, हमारी विरासत भी खतरे में है। इस वर्ष विश्व धरोहर दिवस की थीम हमें याद दिलाती है कि जब जानलेवा और विध्वंसक मिसाइल और बम गिरते हैं या नदियां, सागर उफनते हैं, पहाड़ दरकते हैं, तो केवल इमारतें नहीं ढहतीं, बल्कि एक सभ्यता की आत्मा घायल होती है। ऐसे में हमारी सदियों पुरानी अनमोल धरोहरों का संरक्षण, चिंता का बड़ा विषय बन गया है। ये विरासतें कई प्रकार की हैं, धार्मिक, सांस्कृतिक, प्राकृतिक, ऐतिहासिक और जीवंत। ये हमारी पहचान हैं। ये हमारे पूर्वजों, महापुरुषों और विद्वानों की स्मृति के साथ-साथ आने वाली पीढ़ी के लिए एक दस्तावेज जैसी हैं, जिन्हें सुरक्षित और संरक्षित रखना अत्यंत आवश्यक है।

## जीवंत विरासत का अर्थ

'जीवंत विरासत' का मतलब सिर्फ पत्थर की दीवारें नहीं होती हैं। इसमें हमारी लोक कथाएं, पारंपरिक संगीत, हस्तशिल्प और वे त्योहार भी शामिल होते हैं, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलते आ रहे हैं। संघर्ष के समय जब लोग विस्थापित होते हैं, तो ये 'अमूर्त विरासत' ही उन्हें अपनी जड़ों से जोड़े रखती हैं। इन्हें बचाना मानवीय गरिमा को बचाने जैसा है। जाहिर है, यह थीम केवल इमारतों या स्मारकों तक सीमित नहीं है, बल्कि 'लिविंग हेरिटेज' यानी हमारी परंपराओं, लोक कलाओं, भाषाओं और उत्सवों पर जोर देती है, जो मानवीय अस्तित्व का अभिन्न अंग हैं।




### हेरिटेज का डिजिटलाइजेशन

**आपदाओं में** भौतिक नुकसान की भरपाई संभव नहीं होती, इसलिए आधुनिक तकनीक (3डी मैपिंग, क्लाउड स्टोरेज) के जरिए विरासत का डिजिटल रिकॉर्ड रखना अनिवार्य हो गया है ताकि भविष्य में पुनर्निर्माण किया जा सके। भौतिक रूप से नष्ट हुई विरासत को दोबारा जीवित करने का एकमात्र तरीका 'डिजिटल ट्विन' तकनीक है। 3डी लेजर स्कैनिंग और ड्रोन मैपिंग के जरिए हर बारीक नक्काशी का रिकॉर्ड रखना अब जरूरत बन गई है, ताकि भविष्य में पुनर्निर्माण सटीक हो सके।

## दोहरे खतरों की पहचान

वर्तमान में दुनिया भर में विरासत दो प्रमुख मोर्चों पर खतरे में हैः पहला, मानव निर्मित सशस्त्र संघर्ष (युद्ध) और दूसरा, प्रकृति जनित जलवायु परिवर्तन व आपदाएं (बाढ़, भूकंप, आग)। बदलते मौसम, अनियंत्रित बाढ़ और भूकंप ने कई प्राचीन शहरों को मलबे में बदल दिया। इसलिए जरूरी है कि आपदा प्रबंधन की योजना में ऐतिहासिक स्मारकों को भी प्राथमिकता दी जाए, ताकि मलबे के साथ इतिहास न दफन हो जाए।

## सांस्कृतिक पहचान पर न हो प्रहार

युद्ध और संघर्ष के दौरान अकसर सांस्कृतिक प्रतीकों को जानबूझकर निशाना बनाया जाता है ताकि किसी समुदाय की पहचान और मनोबल को तोड़ा जा सके। जब युद्ध और सशस्त्र संघर्ष का क्रूर प्रहार होता है तो सांस्कृतिक पहचान पर चोट पहुंचती है। रूस-यूक्रेन से लेकर मध्य-पूर्व (फिलिस्तीन-इजरायल और ईरान-अमेरिका) तक के मौजूदा संघर्षों में हमने देखा है कि ऐतिहासिक संग्रहालयों और पुस्तकालयों को निशाना बनाया गया। इस वर्ष की थीम का मुख्य उद्देश्य, युद्ध क्षेत्रों में इन संपत्तियों को (नो-वॉर जोन) के रूप में मान्यता दिलाना और उनके विनाश को 'युद्ध अपराध' के रूप में कड़ाई से लागू करना है। थीम इसके विरुद्ध एक सुरक्षा कवच तैयार करने की वकालत करती है।





## त्वरित प्रतिक्रिया की आवश्यकता

विरासत के संरक्षण के लिए त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र विकसित करना जरूरी है, जैसे आग लगने पर फायर ब्रिगेड पहुंचती है, वैसे ही विरासत के लिए 'कल्चरल फर्स्ट एड' की जरूरत होती है। इसमें विशेषज्ञों की ऐसी टीमें शामिल होनी चाहिए, जो संकट के पहले 48 घंटों में कीमती पुरावशेषों को सुरक्षित स्थान पर ले जा सकें या उन्हें प्रोटेक्ट कर सकें। आपदा के समय जिस तरह इंसानी जान बचाने के लिए 'फर्स्ट रिस्पॉन्स' टीम होती हैं, उसी तरह विरासत को बचाने के लिए भी एक त्वरित कार्य योजना और प्रशिक्षित विशेषज्ञों की जरूरत होती है।

## स्थानीय समुदायों की भूमिका

विरासत का असली संरक्षक वह समुदाय है, जो वहां रहता है। संघर्ष के समय स्थानीय लोगों को 'हेरिटेज वॉरियर्स' के रूप में प्रशिक्षित करना सबसे प्रभावी बचाव साबित होता है।

## नीतिगत सुधार की जरूरत

सरकारों को अपनी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन नीतियों में 'विरासत संरक्षण' को एक अनिवार्य अध्याय के रूप में जोड़ने की आवश्यकता है। अवैध तस्करी पर लगाम लगाने की भी जरूरत है। अकसर देखा गया है कि संघर्ष और अस्थिरता के दौरान प्राचीन मूर्तियों और कलाकृतियों की चोरी और अंतरराष्ट्रीय तस्करी बढ़ जाती है। थीम का एक हिस्सा यह भी है कि आपातकालीन स्थिति में अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर सांस्कृतिक संपदा की निगरानी सख्त की जाए।

## भविष्य की तैयारी

इस वर्ष की थीम हमें याद दिलाती है कि विरासत को बचाना केवल अतीत का सम्मान नहीं है, बल्कि अनिश्चित भविष्य के लिए अपनी जड़ों को सुरक्षित रखना है। संकट के समय विरासत बचाने के लिए भारी धन की आवश्यकता होती है। यूनेस्को और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को एक 'इमरजेंसी हेरिटेज फंड' को और मजबूत करना होगा, ताकि गरीब और विकासशील देशों की विरासत को संसाधनों के अभाव में नष्ट होने से बचाया जा सके।

## नागरिक भी बनें जागरूक

विरासत की रक्षा एक सरकारी जिम्मेदारी से बढ़कर एक नागरिक कर्तव्य भी है। शिक्षा और मीडिया के माध्यम से युवाओं को यह समझाना होगा कि अगर हमारी विरासत मिट गई, तो हमारे पास आने वाली पीढ़ियों को सुनाने के लिए कोई कहानी नहीं बचेगी। लोगों को बताना होगा कि विरासत की रक्षा कोई 'सॉफ्ट टारगेट' नहीं बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक शांति का हिस्सा है। संघर्ष थमेंगे और आपदाएं बीत जाएंगी, लेकिन जो विरासत हम खो देंगे, वह कभी वापस नहीं आएगी। समय आ गया है कि हम अपनी पहचान को बचाने के लिए 'रिएक्टिव' होने के बजाय 'प्रोएक्टिव' बनें। *

### अंतरराष्ट्रीय सहयोग

**युद्ध क्षेत्रों** में सांस्कृतिक संपत्ति की सुरक्षा के लिए 'हेग कन्वेंशन' और 'ब्लू शील्ड' जैसे अंतरराष्ट्रीय मानकों का सख्ती से पालन करना समय की मांग है। जब कोई समुदाय युद्ध या आपदा से उबरता है, तो अपनी परंपराओं (जैसे सामूहिक नृत्य या उत्सव) को फिर से शुरू करना उनके मानसिक स्वास्थ्य के लिए मरहम का काम करता है। विरासत केवल बीता हुआ कल नहीं, बल्कि भविष्य की आशा है। आपदा या युद्ध के बाद जब लोग अपनी परंपराओं और उत्सवों (लिविंग हेरिटेज) की ओर लौटते हैं, तो यह सामाजिक एकजुटता को वापस लाने में मदद करता है।







नवगीत
माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग'

## प्रथम गीत लिखने वाले ने

प्रथम गीत लिखने वाले ने,
कितना दर्द सहा होगा।
आंखों से उसका हर सपना,
अनगिन बार बहा होगा।
अपने आतुर अरमानों को
ढांढ़स देकर फुसलाकर
रेतीले महलों के जैसे
सागर तट तक ले जाकर
जितनी बार बनाया होगा,
उतनी बार ढहा होगा।
राग से विमुखता होने पर,
मन होता है वैरागी
सिंचित हुए बिना मधुरस के
कौन हुआ है अनुरागी
कानों में चुपके से कोई
कुछ न कुछ तो कहा होगा।
जब विश्वास टूटता है तो
दिल से आह निकलती है
बागी होकर स्वयं लेखनी
अपनी राह बदलती है
दुख देने वाला मानस में,
कोई नाम रहा होगा।

व्यंग्य / भूपेंद्र भारतीय

## विचारक बनने की हवा

भिया का मन मंच की ओर जाने के लिए तड़फड़ाने लगा। शब्द विचार बनने को बेताब होने लगे, भिया का विचारक व्यक्तित्व अवतरण लेने लगा। दुनिया को एक और विचारक मिलने वाला है।



भिया इन दिनों विचारक बनने की यात्रा में हैं। चुनाव दूर है तो यही कर लिया जाए। ऐसा भिया के मन में विचार उमड़ा। विचार क्या, यह भिया के लिए क्रांतिकारी कदम जैसा है। अब तक माला, माइक, मंच व फोटो की ही हवा चल रही थी, लेकिन विचारों की हवा का अभाव था! भिया को फिर विचार आया कि इन सभी के साथ मुझे एक बड़ा विचारक भी होना चाहिए। जनता बात-बात में माइक पकड़ा देती है। ऐसे में बिना विचार के विचारक कैसे बन सकते हैं? मंच का संचालन करने वाला तो दो शब्द कहने को ही कहता है लेकिन वे दो शब्द मंच से जनता तक पहुंचाने में बड़ी मशक्कत करनी होती है। कभी-कभी तो विचारों के आभाव में एक शब्द भी नहीं निकलता। सिर्फ हवा ही माइक से निकलती है। इन सभी बातों को ध्यान में रखकर भिया आजकल विचारक बनने के लिए लंबी-लंबी चिंतन बैठकें कर रहे हैं। कई-कई कप चाय सुड़कते हुए, सिगरेट का धुआं उड़ाते हुए कागज-कलम के साथ विचारक बनने की प्रैक्टिस करने लगे हैं।

मगर विचारक बनने की इस बेचैनी में एक तरफ विचार है कि आ नहीं रहे हैं और कार्यकर्ता भिया के लिए नए-नए मंच तैयार कर रहे हैं। भिया के विचारक बनने की हवा चलाने के लिए क्षेत्र में पहले से धंसी पड़ी कुछ संस्थाओं को पुनर्जीवित किया गया और कुछ नई संस्थाओं का निर्माण किया गया। कार्यकर्ता जी-जान से भिया के विचारक बनने की हवा बनाने लगे और इधर अभी भिया पक्के विचारक बने ही नहीं और कार्यकर्ताओं ने 'भ्रष्टाचार हटाओ अभियान' कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भिया का नाम लिखा दिया। भिया चिंतित हैं कि अब इस विषय पर मैं क्या बोलूं? यह विषय तो मेरी विपरीत धारा का है। अब तक तो भ्रष्टाचार के मामलों में हम घिरते ही आए हैं और अब इस पर विचार कैसे रखूं? इस विचित्र मामले में कैसे हवा बनाऊं? यह कैसे संभव होगा। बस, फिर क्या था! भिया को भी विपरीत परिस्थिति ने ही मार्ग दिखाया। जैसे बड़े नेता विपरीत परिस्थितियों में ही अपनी छवि को और अच्छे से चमका लेते हैं। भिया ने भी झट से अवसर को लपक लिया।

ऐसी विपरीत परिस्थिति में नए-नए विचार आने लगे, उन्हें लगने लगा। विचारक बनने की हवा शुरू हो गई है। भिया अपने विषय की भूमिका बनाने लगे। भ्रष्टाचार हटाओ अभियान सिर्फ नारा नहीं, हमारे क्षेत्र व जनता के लिए एक क्रांति लाने वाला है। ऐसे अजीबो-गरीब विचार भिया के मन में गुड़गुड़ाने लगे। भिया का मन मंच की ओर जाने के लिए तड़फड़ाने लगा। शब्द विचार बनने को बेताब होने लगे, भिया का विचारक व्यक्तित्व अवतरण लेने लगा। दुनिया को एक और विचारक मिलने वाला है। यह विचारों की क्रांति है। इससे पहले भिया चुनावों में बड़ी-बड़ी हवा बना चुके थे। विकास की हवा चलाने में भिया से बड़ा नेता आज तक उनके क्षेत्र में कोई दूसरा आया ही नहीं। शिक्षा विभाग से लेकर राजस्व विभाग तक ऐसा कोई मलाईदार विभाग भिया की टीम से छूटा नहीं, जिसमें भिया ने चुनाव जीतने के छः माह बाद ही अपनी हवा नहीं चलाई हो। लिफाफे की हवा, फिक्स रेट की हवा, ट्रांसफर की हवा, खदान लेने की हवा, ठेका देने की हवा, सरकारी नौकरी देने की हवा जैसी सैकड़ों हवाएं हैं, जो क्षेत्र में निरंतर पांच साल चलती रहीं। भिया की जीत से छः माह के बाद ही अधिकांश विभाग उनकी हवा से महकने लगे।

ऐसे ही विचार भिया के मन में क्रांति की हवा बनाने लगे। भिया को विचारक बनने की हवा धीरे-धीरे आने लगी। इस हवा को और बड़ा करने में कार्यकर्ता सोशल मीडिया का सहारा लेने लगे। जेन-जी को इस हवा से जोड़ने की कोशिश की जाने लगी।

धीरे-धीरे विचारक बनने की हवा सभी ओर फैलने लगी। सुबह जैसे ही भिया घर से क्षेत्र के लिए निकलते उनकी लग्जरी कार में लगे हूटर से उनके विचारक होने की हवा चलने लगती। फेसबुक पर जनता के नाम संदेश देने में बड़े विचारक होने की हवा का हल्ला रहता।

इधर धीरे-धीरे ऑनलाइन मीटिंग में भी भिया विचारक सिद्ध होने लगे। अपने दल में उनकी हवा बढ़ने लगी। वे एक बुद्धिजीवी की श्रेणी में आ गए। विचारक बनने की हवा ने बड़ा काम कर दिया। भिया विचारक की हवा से राजनीति में लंबा उड़ने की सोचने लगे। अपने दल की ओर से प्रवक्ता बनकर राष्ट्रीय मीडिया में बैठकर राष्ट्रीय स्तर पर हवा चलने के सपने आने लगे। भिया के चेले-चपाटे उनके लिए नए-नए मंचों का निर्माण करने लगे। विचारक बनने की हवा क्षेत्र में तीव्र गति से चलने लगी। पुराने विचारक और बुद्धिजीवी चिंतित होने लगे। भिया की विचारक बनने वाली हवा में पूरा क्षेत्र विकास की ओर अग्रसर होने लगा। *

लघुकथा / सुनील कुमार महला

## कर्तव्यबोध



विशाखा एक शहर में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहती थी। कॉलोनी के बीचों-बीच एक सुंदर सार्वजनिक पार्क था। चारों ओर हरे-भरे पेड़-पौधे, रंग-बिरंगे फूल, बच्चों के झूले और फिसलन-पट्टी उसे जीवंत बनाते थे। सुबह-शाम कॉलोनी के बच्चे, बुजुर्ग और परिवार के लोग वहां टहलने, बैठकर बातें करने और समय बिताने आया करते थे। गर्मियों के दिन शुरू हुए तो किसी संवेदनशील व्यक्ति ने पक्षियों के लिए पेड़ों पर सात-आठ परिंडे (मिट्टी के बर्तन) टांग दिए। पार्क के एक कोने में दाना चुगने का स्थान भी बना था, जहां तोते, कबूतर, कौवे, गौरैया और मैना आदि पक्षी आकर दाना चुगते थे। जब भीषण गर्मी पड़ने लगी तो कुछ ही दिनों में उन परिंडों का पानी सूख गया। लोग रोज पार्क में आते, घूमते, बातें करते, बच्चे खेलते, लेकिन किसी की नजर उन सूखे परिंडों पर नहीं ठहरती। विशाखा की नजर भी कई बार उन पर पड़ती, लेकिन फिर भी उसने इस ओर ध्यान देने की जरूरत नहीं समझी। मन में बस यही विचार आता-यह काम मेरा अकेले का नहीं है, कॉलोनी में और भी तो लोग हैं। एक दिन उसका बेटा अमन पार्क में खेलते-खेलते उन परिंडों के पास पहुंच गया। उसने देखा कि वे पूरी तरह सूखे पड़े हैं। घर आकर उसने अपनी मां से कहा, 'मम्मा, पार्क में पक्षियों के परिंडों में कई दिनों से पानी नहीं है।' विशाखा ने सहज भाव से उत्तर दिया, 'कॉलोनी में इतने लोग हैं, क्या सिर्फ हमारी ही जिम्मेदारी है इन्हें भरने की?' अमन ने शांत स्वर में कहा, 'मम्मा, जिम्मेदारी सबकी होती है, लेकिन सब कुछ जानते हुए भी उसे निभाने से बचना सबसे बड़ी गलती है।' बेटे की बात सुनकर विशाखा कुछ पल के लिए मौन रह गई। उसे आभास हुआ, कभी-कभी छोटे बच्चे भी हमें बड़ा सच सिखा देते हैं। विशाखा को अपने कर्तव्यबोध का अहसास हो चुका था। *

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

## जब आदिवासी गाता है




**पुस्तकः** जब आदिवासी गाता है (कविता संग्रह), **रचनाकारः** जमुना बीनी, **मूल्यः** 250 रुपए, **प्रकाशकः** राधाकृष्ण पेपरबैक्स, दिल्ली

भारत के पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश से आने वालीं लेखिका जमुना बीनी का कविता संग्रह 'जब आदिवासी गाता है' कुछ समय पूर्व छपकर आया है। यहां, कहीं आदिवासी जीवन की त्रासदी का स्वर सुनाई पड़ता है, *'जिनको उखड़ना/ पड़ता है/ बार-बार/ अपनी जड़ों से/ उनके लिए/ वाकई/ भविष्य शब्द के/ क्या मायने हैं?'* (भविष्य)। तो कहीं प्रकृति से दूर किए जाने का दर्द भी छलकता है, *'पहाड़-पृथ्वी के प्राचीन वासी/ हमारे पुरातन संगी/ अलग नहीं कर सकते हम/ उनसे खुद को।'*(पहाड़ और आदिम निवासी)। कुछ कविताओं में आधुनिक जीवन में डिजिटल संक्रमण से पसरती संवेदनशून्यता को भी कवयित्री ने कटघरे में खड़ा किया है। इसकी बानगी इन पंक्तियों में देखी जा सकती है। *'निश्चय ही/ हमारी संवेदनाएं/ जंग खाती जा रही हैं/ वीभत्स में/ लोग अब/ लेने लगते हैं स्वाद'*(डर)। और *'जितना ज्यादा चॉइस/ उतनी अधिक कशमकश/ चॉइस की भरमार/ इनसान को/ उलझाते/ और/ भरमाते ज्यादा/ सुलझाते कम।'* (टेलिविजन चैनल)। *

श्रेयस-प्रभसिमरन-प्रियांश ने खेली तूफानी पारी

# पंजाब किंग्स की जीत जारी, सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ चेज किए 220 रन, 6 विकेट से पीटा

एजेंसी ▶▶ मुल्लांपुर

पंजाब किंग्स ने कप्तान श्रेयस अय्यर की 69 रन की नाबाद अर्धशतकीय पारी के दम पर शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को छह विकेट से हरा दिया। सनराइजर्स हैदराबाद ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (74 रन) के अर्धशतक और ट्रेविस हेड के साथ पहले विकेट के लिए 50 गेंद में 120 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 219 रन का स्कोर खड़ा किया।

पंजाब किंग्स ने अय्यर (33 गेंद, पांच चौके, पांच छक्के), प्रियांश आर्य (57) और प्रभसिमरन सिंह (51) के अर्धशतकों से यह लक्ष्य 18.5 ओवर में चार विकेट पर 223 रन बनाकर हासिल कर लिया। पंजाब किंग्स ने शानदार खेल जारी रखते हुए आईपीएल 2026 में तीसरी जीत हासिल की। यह पंजाब की चार मैच में तीसरी जीत है। उसका एक मैच बारिश से धुल गया था। वहीं हैदराबाद को चार मैच में तीसरी हार का सामना करना पड़ा।



### प्रियांश और प्रभसिमरन ने की 99 रन की साझेदारी

प्रियांश और प्रभसिमरन की जोड़ी ने तूफानी बैटिंग करते हुए पंजाब को पावरप्ले में ही आगे कर दिया। इन दोनों ने 99 रन की साझेदारी की। हैदराबाद का कोई बॉलर इन पर अंकुश नहीं लगा सका. प्रियांश ने 20 गेंद में पांच छक्के व इतने ही चौके लगाते हुए 57 रन की पारी खेली। प्रभसिमरन ने 25 गेंद में चार छक्के व इतने ही चौके लगाते हुए 51 रन बनाए। ये दोनों बल्लेबाज 18 रन के अंतराल में आउट हुए। तीसरे नंबर पर आए कूपर कोनोली 11 रन बना सके और सस्ते में निपट गए।

### अभिषेक ने 254 के स्ट्राइक रेट से बनाए 74 रन

अभिषेक के बल्ले से पंजाब के खिलाफ 28 गेंदों पर 74 रन निकले और इस दौरान उन्होंने 8 छक्के व 5 चौके भी लगाए। उनका स्ट्राइक रेट इस दौरान 254.29 का रहा। अभिषेक ने इस मैच में अपना अर्धशतक 18 गेंदों पर पूरा किया और वो आईपीएल में 20 से कम गेंदों पर अर्धशतक लगाने का कमाल 5वीं बार किया। इससे पहले इस लीग में 20 से कम गेंदों पर ऐसा कमाल 4 बार निकोलस पूरन कर चुके हैं और अब वो अभिषेक से नीचे यानी दूसरे नंबर पर आ गए। वैभव ने ऐसा इस लीग में अब तक 3 बार किया है और वो लिस्ट में तीसरे नंबर पर जैक फ्रेजर मैकगर्क के साथ संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर हैं।

### अय्यर जीत दिलाकर लौटे

हैदराबाद की वापसी की किसी भी उम्मीद को कप्तान श्रेयस अय्यर ने जगने नहीं दिया। उन्होंने एक छोर थाम लिया और जबरदस्त अर्धशतक बनाया। नेहाल वढ़ेरा (14) की खराब फॉर्म जारी रही। लेकिन अय्यर और शशांक ने मिलकर सात गेंद बाकी रहते टीम को आसान जीत दिला दी। शशांक 9 गेंद में 16 रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद की ओर से शिवांग कुमार ने तीन विकेट लिए।

### स्कोर बोर्ड

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा का अर्शदीप बो शशांक | 74 | 28 | 5 | 8 |
| ट्रेविस हेड का बार्टलेट बो शशांक | 38 | 23 | 5 | 1 |
| ईशान का यानसेन बो अर्शदीप | 27 | 17 | 3 | 1 |
| क्लासेन का कोनोली बो बार्टलेट | 39 | 33 | 1 | 1 |
| अनिकेत वर्मा रन आउट | 18 | 9 | 1 | 1 |
| अरोड़ा का बार्टलेट बो अर्शदीप | 09 | 8 | 0 | 1 |
| नीतिश कुमार रेड्डी नाबाद | 00 | 1 | 0 | 0 |
| हर्ष दुबे नाबाद | 01 | 2 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 13, कुल योग : 20 ओवर में 219/6 रन
गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-50-2, बार्टलेट 4-0-42-1, यानसेन 4-0-40-0, विशाक 2-0-33-0, शशांक 3-0-20-2, चहल 3-0-33-0

| पंजाब किंग्स : | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| प्रियांश आर्य का रेड्डी बो शिवांग | 57 | 20 | 5 | 5 |
| प्रभसिमरन का क्लासेन बो शिवांग | 51 | 25 | 4 | 4 |
| कोनोली का वर्मा बो शिवांग | 11 | 12 | 1 | 0 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 69 | 33 | 5 | 5 |
| नेहाल वढ़ेरा बो हर्ष दुबे | 14 | 14 | 0 | 1 |
| शशांक सिंह नाबाद | 16 | 10 | 1 | 1 |

अतिरिक्त : 05, कुल योग : 18.5 ओवर में 223/4 रन
गेंदबाजी : हर्ष दुबे 4-0-38-1, उनादकट 3-0-40-0, मलिंगा 3-0-46-0, हर्षल पटेल 2-0-39-0, शिवांग कुमार 4-0-33-3, नीतिश कुमार रेड्डी 2-0-20-0, अभिषेक शर्मा 0.5-0-7-0

आईपीएल

# घरेलू रिकॉर्ड ने बढ़ाई टेंशन गुजरात से भिड़ेगी एलएसजी

आज दोपहर 3.30 बजे से पंत और पाटीदार की टीमों में भिड़ंत

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

*लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को मुकुल चौधरी के रूप में एक नया स्टार मिल गया है, लेकिन आईपीएल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार को होने वाले मुकाबले से पहले उसके लिए घरेलू मैदान पर खराब रिकॉर्ड बड़ी चिंता का विषय बना हुआ है। एलएसजी और गुजरात टाइटंस ने अपने पिछले दोनों मैच जीते हैं, जिससे उनका मनोबल बढ़ा होगा। गुजरात ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ एक रन की रोमांचक जीत दर्ज की थी, जिससे उसने अपना खाता भी खोला। एलएसजी ने सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ उनके मैदानों पर प्रभावशाली जीत दर्ज की।*

### एकाना क्रिकेट स्टेडियम पर जीते केवल 9 मैच

*हालांकि एलएसजी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया है। उसे अगर इसे अपना मजबूत गढ़ बनाना है तो खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। एलएसजी ने पिछले सत्र में यहां खेले गए आठ मैचों में से छह में हार झेली थी। इसमें लगातार पांच मैचों में हार शामिल हैं। यही कारण रहा कि वह पिछले साल सातवें स्थान पर रहा था। उसने इस मैदान पर खेले गए 22 मैचों में से केवल 9 में ही जीत हासिल की है। मौजूदा सत्र में भी उसके घरेलू मैदान पर पहले मैच में बल्लेबाजों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और दिल्ली कैपिटल्स ने उसे 141 रन पर आउट करके छह विकेट से जीत हासिल की थी।*





### राशिद ने दिया करारा जवाब

यह मैच दोपहर में खेला जाएगा और यहां की धीमी पिच पर गुजरात के राशिद खान और वाशिंगटन सुंदर का मुकाबला करना आसान नहीं होगा। राशिद ने दिल्ली के खिलाफ 17 रन देकर तीन विकेट लिए और अपनी टीम की एक रन से जीत में अहम भूमिका निभाई। राशिद पिछले साल अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और इसलिए वह आलोचकों के निशाने पर थे लेकिन पिछले मैच में शानदार प्रदर्शन से उन्होंने करारा जवाब दिया। गुजरात टाइटंस के लिए इंग्लैंड के अनुभवी खिलाड़ी जोस बटलर की फॉर्म में वापसी और कप्तान शुभमन गिल का चोट से उबरकर अर्धशतक जमाना सकारात्मक संकेत हैं।

### टीमें इस प्रकार

**लखनऊ सुपर जायंट्सः** ऋषभ पंत (कप्तान), मिचेल मार्श, एडन मार्क्रम, हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, मुकुल चौधरी, अक्षत रघुवंशी, जोश इंग्लिस, निकोलस पूरन, अब्दुल समद, शाहबाज अहमद, अर्शिन कुलकर्णी, आयुष बडोनी, मोहम्मद शमी, अवेश खान, एम सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह, आकाश सिंह, प्रिंस यादव, अर्जुन तेंदुलकर, एनरिक नोर्किया, नमन तिवारी, मयंक यादव, मोहसिन खान।

**दिल्ली कैपिटल्सः** अक्षर पटेल (कप्तान), अभिषेक पोरेल, करुण नायर, केएल राहुल, नीतीश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, माधव तिवारी, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विप्राज निगम, मिचेल स्टार्क, त्रिपुराना विजय, डेविड मिलर, बेन डकेट, औकिब नबी डार, पथुम निसांका, लुंगी एनगिडी, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, टी. नटराजन, अजय जादव मंडल, साहिल पारख।

## खबर संक्षेप



### मास्टर्स टूर्नामेंट में कट में जगह बनाने से चूके भाटिया

**आगस्टा।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया दूसरे दौर के आखिर में डबल बोगी करने के कारण मास्टर्स टूर्नामेंट में कट में जगह बनाने से चूक गए। पीजीए टूर में तीन बार विजेता रह चुके 24 वर्षीय भाटिया ने पहले दौर में 73 का स्कोर बनाया था लेकिन दूसरे दौर में उनका प्रदर्शन बेहद खराब रहा। उन्होंने 77 का कार्ड खेला और इस तरह से दो शॉट से कट से चूक गए। भारतीय मूल के ब्रिटिश खिलाड़ी आरोन राय ने दूसरे दौर में 74 का कार्ड खेला लेकिन इसके बावजूद वह कट में जगह बनाने में सफल रहे। उन्होंने पहले दौर में 71 का स्कोर बनाया था। वह अब एक ओवर के कुल स्कोर के साथ संयुक्त 32वें स्थान पर हैं। वह पहले दौर के बाद संयुक्त 10वें स्थान पर थे।

### 15 वर्ष की उम्र में सूर्यवंशी काफी परिपक्व : भुवनेश्वर



**गुवाहाटी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने कहा कि वैभव सूर्यवंशी की उम्र भले ही 15 साल हो लेकिन वह काफी परिपक्वता और स्पष्टता के साथ बल्लेबाजी करते हैं। भुवनेश्वर ने कहा,' जिस तरह से वह शॉट्स खेलता है, वह बाकायदा क्रिकेट शॉट होते हैं। 15 वर्ष की उम्र में वह काफी परिपक्व है। जिस तरह से वह बल्लेबाजी कर रहा है, हमें उसे इसका श्रेय देना चाहिए।' उन्होंने यह भी कहा कि आरसीबी कभी भी पूरी तरह से दबाव में नहीं थी। उन्होंने कहा ,' यह टी20 मैच है। वह युवा है और अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है। वह परिपक्वता से बल्लेबाजी कर रहा है लेकिन हमें कभी भी यह नहीं लगा कि हम पर पूरी तरह से दबाव बन गया है। अगर एक 15 साल का लड़का इस तरह से बल्लेबाजी कर रहा है या वह 25 का भी हो, यह टी20 मैच में होता है।' उन्होंने कहा,' हमने रणनीति बनाई थी और एक कैच भी छूटा लेकिन यह क्रिकेट में होता है। हम अपनी रणनीति पर अमल नहीं कर सके और यह टी20 क्रिकेट का हिस्सा है।



# वानखेड़े में गरजेगी मुंबई, आरसीबी को देगी कड़ी टक्कर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग में अपने अभियान की धीमी शुरुआत के बाद मुंबई इंडियंस रविवार को वानखेड़े स्टेडियम पर गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से खेलेगी तो उसका लक्ष्य अपने गढ़ में जीत की राह पर लौटने का होगा। तेरह सत्र में पहली बार मुंबई ने आईपीएल में जीत के साथ शुरुआत करते हुए दो सप्ताह पहले यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को छह विकेट से हराया। पांच बार की चैंपियन टीम हालांकि उसके बाद लय कायम नहीं रख सके और दूसरे मैदान पर दोनों मैच बड़े अंतर से हारने के बाद अब खराब रन रेट ( माइनस 0.715) के साथ आठवें स्थान पर है।

### नहीं चल पा रहे तिलक और सूर्या

रोहित शर्मा को कुछ समय के लिए आरेंज कैप भी मिली लेकिन बल्लेबाजी मुंबई की चिंता का सबब है और आरसीबी जैसे दमदार प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ एक ईकाई के रूप में उसे अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी। मैच टाइम कम रहने के बावजूद रोहित ने अब तक मुंबई के लिए सर्वाधिक रन बनाए हैं लेकिन मध्यक्रम में तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव नहीं चल पा रहे।सूर्यकुमार ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अर्धशतक बनाया लेकिन राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अगले मैच में नाकाम रहे। कप्तान हार्दिक पंड्या का बल्ला अभी तक चला नहीं है। गुवाहाटी में बल्लेबाजों की मददगार पिच पर मुंबई के बल्लेबाज लय को तरसते रहे।

### आरसीबी के पास कई बेहतरीन बल्लेबाज

बल्लेबाजों की मददगार पिच पर आरसीबी के पास कई बेहतरीन बल्लेबाज हैं। कप्तान रजत पाटीदार (142) , विराट कोहली (129) और देवदत्त पडिक्कल (125) ने अच्छी पारियां खेली है जबकि टिम डेविड (99), रोमारियो शेफर्ड और वेंकटेश अय्यर फिनिशर की भूमिका निभा सकते हैं। जोश हेजलवुड की वापसी से गेंदबाजी मजबूत हुई है, जो भुवनेश्वर कुमार के साथ नई गेंद संभालेंगे।

आज शाम 7.30 बजे से रजत और हार्दिक की टीम में टक्कर



### टीमें इस प्रकार

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः** रजत पाटीदार (कप्तान), अभिनंदन सिंह, भुवनेश्वर कुमार, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, रसिख डार, सुयश शर्मा, स्वप्निल सिंह, विराट कोहली, वेंकटेश अय्यर, मंगेश यादव, कनिष्क चौहान, विहान मल्होत्रा, विक्की ओस्तवाल, सात्विक देसवाल।

**मुंबई इंडियंसः** हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, अथर्व अंकोलेकर, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिचेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, तिलक वर्मा, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, एएम गजनफर, मयंक मार्कंडेय, मोहम्मद इज़हार, रघु शर्मा।

**मैच का समय :** रात 7:30 बजे

बीजेकेसी

# ब्रिटेन ने ऑस्ट्रेलिया को दी मात, बनाई फाइनल में जगह



एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

ब्रिटेन ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल्स में जगह बनाई। ब्रिटेन ने शुक्रवार को दोनों एकल मैच जीत कर 2-0 की बढ़त हासिल कर ली थी।

उसकी युगल जोड़ी हैरियट डार्ट और जोडी बुरेज ने ऑस्ट्रेलिया की स्टॉर्म हंटर और एलेन पेरेज को 6-3, 6-4 से हराकर अपनी टीम को 3-0 से अजेय बढ़त दिलाई। एकल मैचों में शुक्रवार को 17 वर्षीय मीका स्टोजसावल्जेविच ने तालिया गिब्सन को 7-6 (4), 7-5 से और डार्ट ने किम्बर्ली बिररेल को 4-6, 6-3, 6-3 से हराया था। ऑस्ट्रेलिया की 17 वर्षीय खिलाड़ी एमर्सन जोन्स ने केटी स्वान को 7-5, 6-3 से हराकर स्कोर 3-1 कर दिया। बिली जीन किंग कप महिलाओं की टीम प्रतियोगिता है। इसे पहले फेड कप के नाम से जाना जाता था। इसका फाइनल्स सितंबर में शेन्ज़ेन में खेला जाएगा।

### अंकिता की हार, भारत की विश्व ग्रुप प्लेऑफ की उम्मीदें खत्म

अंकिता रैना की शनिवार को दक्षिण कोरिया की डेयोन बैक के हाथों सीधे सेटों में हार के साथ ही भारत की बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) टेनिस टूर्नामेंट के विश्व ग्रुप के प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीदें खत्म हो गई। भारतीय टीम दिन की शुरुआत में तालिका में चौथे स्थान पर थी और उसे शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए कोरिया पर 3-0 से जीत की जरुरत थी। कप्तान विशाल उप्पल ने इस महत्वपूर्ण मुकाबले की शुरुआत के लिए सबसे अनुभवी खिलाड़ी अंकिता को चुना, लेकिन डेयोन बैक ने यह मुकाबला जीत कर भारत की उम्मीद पर पानी फेर दिया। विश्व में 581वीं रैंकिंग की खिलाड़ी 33 वर्षीय अंकिता ने 343वीं रैंकिंग वाली कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ पहला सेट आसानी से गंवा दिया लेकिन दूसरे सेट में उन्होंने कड़ी चुनौती पेश की। आखिर में हालांकि उन्हें एक घंटे 55 मिनट तक चले मैच में 1-6, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। अंकिता ने इस टूर्नामेंट में इससे पहले कोई एकल मैच नहीं खेला था। वह केवल युगल में ही प्रतिस्पर्धा कर रही थीं। भारत अब शेष बचे दो मैच जीतने का प्रयास करेगा। इससे वह चौथे स्थान पर बने रहने की अपनी उम्मीद को बरकरार रखेगा।

## आईकेआरः शीर्ष पर पहुंची 11 वर्षीय अतिका

**लोनाटो।** भारतीय रेसिंग की युवा सनसनी अतिका मीर एफआईए इंटरनेशनल कार्ट रैंकिंग (आईकेआर) में महिला वर्ग में अपनी श्रेणी में शीर्ष पर पहुंच गई हैं। अतिका मोटरस्पोर्ट की विश्व संस्था एफआईए की विश्व रैंकिंग में महिला रेसर में पहले स्थान पर हैं। यह 11 वर्षीय खिलाड़ी इंटरनेशनल ओके-एनजे वर्ग (12-14 वर्ष आयु वर्ग) में पुरुष और महिला दोनों वर्ग को मिलाकर कुल सातवें स्थान पर है। इस श्रेणी की रैंकिंग में स्विट्जरलैंड के ज़ोल्टन कोइग्नी शीर्ष पर हैं। अतिका के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें 2026 की शुरुआत में मिनी वर्ग (8-12) से जूनियर वर्ग (12-14 वर्ष की आयु) में शामिल कर दिया गया था। वह पिछले महीने वालेंसिया में चैंपियंस ऑफ द फ्यूचर एकेडमी (सीओटीएफए) सीरीज के पहले दौर में पोडियम पर पहुंची थी। अतिका का लक्ष्य फॉर्मूला वन में जगह बनाना है। किसी भी महिला रेसर ने 1992 के बाद फॉर्मूला वन में भाग नहीं लिया है।



दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप

# भारतीय खिलाड़ियों ने जीते 13 गोल्ड

एजेंसी ▶▶ शिमला

भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने शनिवार को दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अलग-अलग वर्ग में 13 स्वर्ण पदक जीतकर अपना क्षेत्रीय दबदबा साबित कर दिया। यह टूर्नामेंट एशियाई युवा चैंपियनशिप के लिए क्वालीफायर भी है। भारत के प्रियनुज भट्टाचार्य ने अंडर-19 लड़कों के एकल फाइनल में हमवतन पुनीत बिस्वास को 3-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। युगल में एमआर बालमुरुगन और मेहान सेंथिल ने पहले गेम में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बांग्लादेश के अबुल हसीब और नफीज इकबाल को हराकर खिताब अपने नाम किया।



### आदित्य दास का शानदार प्रदर्शन

अंडर-15 लड़कों के वर्ग में आदित्य दास ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में हमवतन खिलाड़ी अक्षय किरिकारा को हराया। युगल का खिताब भी भारत के ही पास रहा, जिसमें ऋषान चट्टोपाध्याय और आकाश राजवेलु ने नेपाल के खिलाफ पांच गेम तक चले कड़े मुकाबले में जीत हासिल की। लड़कियों के वर्ग में जेनिफर वर्गीज ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अंडर-19 फाइनल में हमवतन अनन्या मुरलीधरन को हराया जबकि अंकोलिका चक्रवर्ती ने आहोना रे को पछाड़कर अंडर-15 का खिताब जीता। भारत ने लड़कियों के युगल के दोनों वर्ग में भी क्लीन स्वीप किया। मिश्रित युगल में भी भारत का दबदबा रहा।

एशियन बैडमिंटन चैंपियनशिपः डिफेंडिंग चैंपियन वितिदसर्न को हराया

# आयुष ने किया 60 साल का सूखा खत्म, फाइनल में पहुंचे

एजेंसी ▶▶ निंगबो

भारत के आयुष शेट्टी ने शीर्ष वरीयता प्राप्त और गत चैंपियन कुन्लावत वितिदसर्न को शनिवार को तीन गेम के मुकाबले में हराकर बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया।

दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी आयुष ने पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता और 2023 विश्व चैंपियन वितिदसर्न पर 10-21, 21-19, 21- 17 से जीत दर्ज की। वह दिनेश खन्ना के बाद इस टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गए। खन्ना ने 1965 में पुरुष एकल स्वर्ण जीता था। सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने 2023 में खिताब जीता था।

### आक्रामक शैली से कुन्लावत पर बनाया दबाव

अमेरिकी ओपन सुपर 300 चैंपियन आयुष का सामना अब चीनी ताइपे के चौथी वरीयता प्राप्त चोउ तियेन चेन या दूसरी वरीयता प्राप्त चीन के शि यू की से होगा। भारत के पूर्व मुख्य कोच और 'सेंटर फॉर बैडमिंटन एक्सीलेंस' के निदेशक विमल कुमार ने बताया, 'आयुष ने स्थिति को अच्छी तरह से संभाला। ऐसा लगा कि उन्होंने अपनी आक्रामक शैली से कुन्लावत के दिमाग पर दबाव बना दिया और इसका चतुराई से फायदा उठाया।'उन्होंने कहा, 'दूसरा गेम जीतना बहुत अहम था। 20-14 के स्कोर पर आयुष शेट्टी पूरी तरह से नियंत्रण में लग रहे थे, लेकिन जब वितिदसर्न ने वापसी करते हुए स्कोर 20-19 कर दिया तो वह थोड़े चिंतित हो गए। ठीक उसी समय उन्होंने कुछ विशेष किया, जिससे वह गेम अपने नाम करने में कामयाब रहे।



### बैकहैंड पर फ्लिक से आयुष ने बनाए छह अंक

वितिदसर्न ने शुरुआत में 4-0 की बढ़त बना ली। ब्रेक के समय स्कोर 11-5 था और पहला गेम उन्होंने आसानी से जीत लिया। दूसरे गेम में आयुष ने दमदार वापसी की और कूदकर स्मैश लगाते हुए 3-1 की बढ़त बनाई। यह जल्दी ही 7-1 की हो गई चूंकि वितिदसर्न ने कई सहज गलतियां की। ब्रेक के समय स्कोर 11-4 था। आयुष ने बीच में कुछ गलतियां की, जिससे वितिदसर्न ने 13-11 से वापसी की लेकिन जल्दी ही क्रॉसकोर्ट स्मैश से वापसी करते हुए स्कोर 16-11 कर लिया। बैकहैंड पर फ्लिक से आयुष ने छह अंक बनाए और दूसरा गेम अपने नाम किया। तीसरे गेम में उन्होंने 4-1 से शुरुआत की और वितिदसर्न को दबाव में ला दिया। उनकी बढ़त 17-10 की हो गई और आक्रामक स्ट्रोक्स से वह 19-13 से आगे हो गए।




**कहा - एफआईआर दर्ज कराना और फिर बाद में समझौता कर लेना न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग, ऐसे मामलों में सख्ती से निपटना बेहद जरूरी**

# हाईकोर्ट ने उद्योगपति महेश केमतानी पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने एक अहम आदेश में कहा कि किसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराना और फिर बाद में समझौता कर लेना न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग है। ऐसे मामलों में सख्ती से निपटना बेहद जरूरी है। कोर्ट ने यह भी माना कि इस तरह की प्रवृत्ति लगातार बढ़ रही है, जो कानून के दुरुपयोग की ओर इशारा करती है। इस मत के साथ जस्टिस संदीप एन भट्ट की सिंगल बेंच ने जबलपुर के उद्योगपति महेश केमतानी पर 50 हजार रु का जुर्माना लगा दिया। यह राशि एक हफ्ते में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन में जमा करनी होगी। जबलपुर के महानद्दा स्थित शुभ मोटर्स के महेश केमतानी ने संदीप कुमार मिश्रा, नेहा विश्वकर्मा और नसीम खान उर्फ मुस्कान पर करीब 97 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए मदन महल थाने में एफआईआर दर्ज कराई



थी। जांच के दौरान संदीप मिश्रा को गिरफ्तार किया गया था। उससे करीब 12 लाख रु बरामद हुए थे। आरोपी संदीप मिश्रा ने इसी मामले में जमानत के लिए यह अर्जी लगाई थी। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि आरोपी का शिकायतकर्ता से समझौता हो चुका है। राज्य सरकार की ओर से अर्जी का विरोध किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी और महेश केमतानी पर 50 हजार रुपए जुर्माना लगाते हुए आरोपी संदीप मिश्रा की जमानत अर्जी मंजूर कर ली।

**हाईकोर्ट का अहम फैसला**

## चार्ज तय करने के आदेश बिना सोचे-समझे जारी नहीं किये जा सकते

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक अहम आदेश में कहा है कि आपराधिक प्रकरण में चार्ज तय करने के आदेश बिना सोचे-समझे जारी नहीं किये जा सकते। के जस्टिस डीडी बसंल की सिंगल बेंच ने कहा कि ट्रायल कोर्ट चार्ज तय करते समय विस्तृत कारण बताने मजबूर नहीं है । परंतु यह उल्लेख करना आवश्यक है कि रिकॉर्ड में मौजूद सामग्री के आधार पर अपनी राय बनाई है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि चार्ज तय करने के विवादित ऑर्डर में ऊपर बताई गई तय कानूनी स्थिति का पालन निचली अदालत ने नहीं किया है। कोर्ट ने विवादित ऑर्डर को रद्द करते हुए नये सिरे से विचार करने के लिए इसे निचली कोर्ट को वापस भेजने के निर्देश दिए। दरअसल भोपाल के बैरसिया थानान्तर्गत युवती की शिकायत पर बलात्कार के तहत अपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया था।
यह मामला याचिकाकर्ता संजय जाटव की ओर से दायर किया गया था। जिसमें कहा गया था कि पीड़ित की शिकायत के अनुसार प्रकरण के मुख्य आरोपी मनोज रैकवार को वह बचपन से जानती थी और दोनों एक दूसरे से प्यार करते थे। मनोज ने शादी का झांसा देकर उसका दैहिक शोषण किया। इसके बाद शादी से इंकार कर दिया था। पीड़ित का आरोप है कि याचिकाकर्ता मुख्य आरोपी का दोस्त है और उसे सभी बातों की जानकारी थी। आरोप है कि वह दोनो के संबंध में परिजनों को बताने की धमकी देते हुए पीड़िता पर बात करने तथा शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालता था। आवेदक की ओर से तर्क दिया गया कि उक्त धारा के तहत चार्ज फ्रेम किये जाने पर उसने ट्रायल कोर्ट में आवेदन दायर किया था। उसके खिलाफ ऐसे कोई साक्ष्य नहीं है कि उसे प्रकरण में सह आरोपी बनाया जाये। इसके अलावा दोनों के खिलाफ अलग.अलग प्रकरण दर्ज किये जाने चाहिये। ट्रायल कोर्ट ने आवेदन को निरस्त करते हुए अपने आदेश में कहा था कि आरोपी के द्वारा पीड़ित को धमकी देना अपेक्षित है, ऐसी स्थिति में कार्यवाही के पर्याप्त आधार है। उक्त आदेश के खिलाफ उसने अपील दायर की थी, जिसे खारिज किये जाने के कारण उक्त क्रिमिनल रिवीजन दायर की गयी है।

**फर्जी ई-मेल आईडी से सौदा कर लगाई चपत**

# डोमिनोज फ्रेंचाईजी के नाम पर ढाई लाख की ठगी

**जबलपुर।** डोमिनोज फ्रेंचाईजी देने के नाम पर फर्जी ईमेल आईडी भेजकर विजयनगर निवासी एक युवक से 2 लाख 65 हजार 500 रुपए की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। विजयनगर थाना पुलिस ने इस मामलें में ऑनलाईन ठगी करने वाले अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

घटना के संबंध में विजयनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कचनार बरसाना निवासी 43 वर्षीय आनय तिवारी के मोबाइल पर 21 फरवरी 2026 को डोमिनोज पिज्जा कंपनी के कथित मेल आईडी से एक मेल आई और एक फोन कॉल आया, जिसमें बात करने वालें ने खुद को नीतीश पाठक कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजर बताया और फ्रेंचाईजी देने की बातचीत की। वह झांसे में आ गया। इसके बाद उसने फिर उसके जीमेल आईडी पर एक मेल भेजा, जिसमें डोमिनोज फ्रेंचाइजी दिलाने की प्रक्रिया शुरु करने का वादा किया गया था। उसने दस्तावेज नीतीश पाठक के कॉल



करने पर उसके द्वारा बताई गई मेल आई डी डोमिनोज फ्रेंचाईजी एडदरेड जुबीलेट डॉट कॉम पर जमा कर दिए। आधार कार्ड/वोटर आईडी कार्ड, पैन कार्ड फर्म का नाम, आयकर रिटर्न (पिछले 2 साल), पासपोर्ट साइज फोटो (आवेदक), प्रस्तावित साइट की अलग-अलग कोणों से ली गई तस्वीरें, प्रस्तावित साइट का 360 डिग्री व्यू वीडियो, प्रस्तावित साइट का लाइव लोकेशन शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, वर्तमान व्यवसाय का विवरण बैंक स्टेटमेंट (पिछले 6 महीने)।

दिनाक 10 मार्च 2026 को मेल आया की डोमिनोज फ्रैंचाइज़ी के लिए मेरा एप्लिकेशन चयन हो गया है आनय ने बैंक ऑफ इंडिया अकाउंट नंबर में 2 लाख 65 हजार 500 रुपये ट्रांसफर किये नीतीश पाठक को फोन पर सूचित किया और उन्हें एक पुष्टिकरण ईमेल भी भेजा। दिनांक 10 मार्च 2026 को डोमिनोज़ की वेबसाइट ब्राउज़ करते समय आनय ने वेबसाइट पर पढ़ाः ''किसी भी फ्रैंचाइज़ संबंधी प्रश्नों के लिए, सीधे डोमिनोज फ्रेंचाईजी एडदरेड जुबलफूड डॉट कॉम पर ईमेल करें। हमें कुछ ऐसे मामले मिले हैं जिनमें धोखेबाज जुबिलैट फूडवर्क्स बनकर भोले-भाले निवेशकों से डोमिनोज़ फ्रैंचाइज़ का वादा करके पैसे मांग रहे हैं।

## डुमना रोड की अड़चन दूर करने विधायक ने मुख्यमंत्री से किया आग्रह

**जबलपुर।** केंट क्षेत्र के विधायक अशोक रोहाणी ने भोपाल में मुख्यमंत्री से भेंटकर डुमना एयरपोर्ट फोरलेन रोड के 4 किलोमीटर निर्माणकार्य में रक्षा विभाग की भूमि पर काम रुका हुआ है। रक्षा विभाग सैद्धांतिक मंजूरी देने के लिए सहमत है लेकिन भूमि के बदले भूमि राजस्व विभाग के स्तर पर लंबित है। इसे शीघ्र प्रक्रिया में लाकर पूर्ण कराने का आग्रह मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से की है ताकि रक्षा विभाग से भूमि शीघ्र प्राप्त की जा सके। इस अवसर पर पूर्व पार्षद नंद कुमार यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय तिवारी मौजूद रहे।



**याचिका में आरोप:** हाईकोर्ट ने डीजीपी, गोरखपुर टीआई नितिन कमल सहित अन्य को जारी किए नोटिस

## संज्ञेय अपराधों में भी एफआईआर दर्ज नहीं कर रहे टीआई!

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में याचिका दायर कर आरोप लगाया गया है कि जबलपुर के गोरखपुर थाना टीआई नितिन कमल संज्ञेय अपराधों में भी एफआईआर दर्ज नहीं कर रहे हैं। जस्टिस बीपी शर्मा की सिंगल बेंच ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद राज्य के गृह सचिव , टीआई नितिन कमल सहित अन्य पुलिस अधिकारियों को नोटिस जारी किए हैं। कोर्ट ने सभी को चार सप्ताह के अंदर जवाब देने को कहा है। शक्ति नगर निवासी विनोद कुमार चाटे की ओर से याचिका दायर की गई है। कोर्ट को बताया गया कि गोरखपुर थाना प्रभारी नितिन कमल संज्ञेय अपराधों में भी एफआईआर दर्ज नहीं कर रहे हैं। वे तब तक कारवाई नहीं करते जब तक कोर्ट में अवमानना याचिका न लगाई जाए। 2025 के तीन अवमानना मामलों का हवाला देकर बताया गया कि यह रवैया लगातार जारी है। आरोप लगाया गया कि शिकायत देने के बावजूद रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। कहा गया है कि टीआई नितिन कमल का आचरण एमपी पुलिस रेगुलेशन व मप्र सिविल सेवा आचरण नियम का उल्लंघन है। उनके खिलाफ विभागीय जांच की जानी चाहिए। प्रारंभिक सुनवाई के बाद कोर्ट ने मप्र शासन के गृह सचिव, जबलपुर एसपी, गोरखपुर सीएसपी और टीआई नितिन कमल को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

**वारदात : पड़ाव में सब्जी विक्रेता पर जानलेवा हमला**

## पेट में चाकू मारा, अतड़ियां बाहर आई

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अतंर्गत लटकारी के पड़ाव में कल देर रात दो बदमाशों ने पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। युवक के पेट में चाकू लगा और उसकी अतड़िया बाहर आ गई। घायल को इलाज के लिए विक्टोरिया अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घायल युवक सब्जी मंडी पड़ाव में फुटकर सब्जी का व्यापार करता है। घटना के संबंध में लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार जगदीश मंदिर गढ़ा फाटक निवासी दिनेश उर्फ शरद पटेल सब्जी मंडी में सब्जी का कारोबार करने के बाद रात 10.30 बजे दुकान बंद कर रहा था, तभी आरोपी डुग्गू उर्फ प्रिंस रैकवार और क्रिस उर्फ किस्सू ठाकुर ने पुरानी रंजिश को लेकर उसके साथ्र गाली गलोज की और मना करने पर डुग्गू उर्फ प्रिंस रैकवार ने पकड़ लिया और क्रिस उर्फ किस्सू ठाकुर ने पेट व गर्दन में चाकू से जानलेवा हमलाकर दिया, जिससे उसके पेट की अतड़िया बाहर निकल आई। घटना की सूचना मिलने पर दिलीप पटेल मौके पर पहुंचा और अपने भाई को इलाज के लिए विक्टोरिया अस्पताल ले गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी डुग्गू उर्फ प्रिंस रैकवार एवं क्रिस उर्फ किस्सू ठाकुर के विरूद्ध धारा 296(ए), 109(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### भानतलैया में जमे फड़ पर पुलिस का छापा, 10 जुआड़ियों से 1 लाख जब्त

**जबलपुर।** बेलबाग पुलिस ने भानतलैया मयूरकला मूर्तिकार के पास सार्वजनिक स्थान पर चल रहे एक जुए के फड़ पर छापा मारकर 10 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 1 लाख 6 हजार रुपए जब्त किए है। बेलबाग थाना प्रभारी जितेंद्र पाटकर ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर भानतलैया मयूरकला मूर्तिकार के पास सार्वजनिक स्थान पर लाईट के उजाले में जुआ मन्ना खेल रहे जवाहर अहिरवार, विक्की उर्फ कृष्ण कुमार पटवा, सोहेल अख्तर, सुशील राय, प्रिंस रैकवार, बालचंद जैन, बेड़ीलाल अहिरवार, रितेश साहू, राजा गुप्ता, रोहित चौधरी को गिरफ्तार कर उनके पास से 52 पत्ते तथा नगदी 1 लाख 6 हजार रूपये जब्त करते हुए सभी जुआड़ियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

**7 किलो गांजे के साथ 3 महिलाओं सहित 6 गिरफ्तार**

## उड़ीसा से आई तस्करों की गैंग, पुलिस के हाथ लगी

**जबलपुर।** उड़ीसा से गांजे की खेप लेकर आई तस्करों की गैंग पर पुलिस ने बड़ा एक्शन लिया। मुखबिर की सूचना पर क्राईम ब्रांच और तिलवारा पुलिस की संयुक्त टीम ने गढ़ा रेलवे स्टेशन में एक चाय के ठेले के पास तीन महिलाओं सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 7 किलो 206 ग्राम गांजा जब्त किया हैं, जिसकी कीमत 3 लाख 60 हजार 300 रुपए की बताई गई है।

तिलवारा थाना प्रभारी बृजेश मिश्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर क्राईम ब्रांच एवं तिलवारा थाना की संयुक्त टीम ने रेलवे स्टेशन गढ़ा से लगे हुये चाय के ठेला के पास खड़े बेंडर थाना हरिशंकर रोड जिला बलांगीर उड़ीसा निवासी 29 वर्षीय भुवनेश्वर कुम्भार, डेडसुली थाना मदनपुर रामपुर जिला कालाहांडी उड़ीसा निवासी 27 वर्षीय फगनु मांझी, डेडसुली थाना



मदनपुर रामपुर जिला कालाहांडी उडीसा निवासी 29 वर्षीय सुनप हरिजन, गंगापदर थाना तुमडीबंद जिला कंदोमल उडीसा निवासी 30 वर्षीय काजल मांझी, जोगरमहा थाना दरिंगबडी जिला कंधमाल उडीसा निवासी 35 तपसनी दिगाल, डेडसुली थाना मदनपुर रामपुर जिला कालाहांडी उडीसा निवासी 25 वर्षीय मनिनी दिगाल को गिरफ्तार कर उनके पास रखे बैगों की तलाशी लेने पर 7 किलो 206 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे लोग उड़ीसा में गांजा की खेती करते है और यहां पीयूष कुशवाहा को गांजा की सप्लाई देने आए थे। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरूद्ध धारा 8, 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## न्यायाधीशगण एवं न्यायिक कर्मचारियों के लिए लगा स्वास्थ्य शिविर

**जबलपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा न्यायालय परिसर में न्यायाधीशगण एवं न्यायिक कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश कृष्णमूर्ति मिश्र ने कहा कि "स्वास्थ्य ही मानव जीवन की आधारशिला है। एक स्वस्थ व्यक्ति ही अपने दायित्वों का प्रभावी निर्वहन करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकता है।" डीन, मेडिकल कॉलेज जबलपुर द्वारा गठित 12 विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम एवं शासकीय विक्टोरिया जिला चिकित्सालय, जबलपुर से 14 चिकित्सकों की टीम ने सेवाएं प्रदान कीं। जनरल मेडिसिन, अस्थि रोग, त्वचा एवं व्हीडी रोग, दंत चिकित्सा, न्यूरोलॉजी, मनोरोग, नेत्र रोग, शिशु रोग, कैंसर एवं नेफ्रोलॉजी के विशेषज्ञों ने कुल 644 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सिविल अस्पताल रांझी के पैथोलोजी टीम द्वारा 100 न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के रक्त परीक्षण भी किए गए। मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन कोठारी ने आश्वस्त किया कि स्वास्थ्य विभाग नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर समय-समय पर आयोजित होते रहना चाहिए, जिससे सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का अवसर मिले। प्राधिकरण की सचिव श्रीमती शक्ति वर्मा संचालन किया और धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

**स्थानीय सटोरिए अंतरर्राष्ट्रीय नेटवर्क पर निर्भर**

## आईपीएल सट्टा : पुलिस डाल-डाल, सटोरिएं पात-पात

**जबलपुर।** इंडियन प्रीमियर लीग(आईपीएल) क्रिकेट मैच के मुकाबलों के दौरान सट्टा खिलाने वालों का मुंबई और दुबई से ब्रेकअप हो गया। यहां से आने वाली लिंक ब्रेक हो गई। अब सटोरिए हांगकांग के भरोसे अपना कारोबार चला रहे है। इधर सटोरियों पर कार्रवाई करने के लिए क्राईम ब्रांच, सायबर सेल और थानों की पुलिस घात लगाये बैठी हैं। एक तरफ पुलिस ने फिल्डिंग जमा रखी है तो दूसरी तरफ आईपीएल सटोरियों ने अपनी फिल्डिंग जमा रखी है। मुखबिरों को अलर्ट कर दिया गया है। पुलिस संदिग्ध स्थानों में छापामार कार्रवाई करने की जुगत में हैं और नामचीन सटोरियों पर लगातार नजर बनाई हुई है। शहर के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में ऑनलाईन सट्टा खिलाया जा रहा हैं। लिहाजा पुलिस ने ग्रामीण क्षेत्रों में भी अपनी नजर गड़ा दी है। शहर के भीतर पुलिस की सख्त घेराबंदी के कारण स्थानीय स्तर पर सट्टे की लिंक उपलब्ध होना कठिन हो गया है, जिसके चलते सटोरियों ने अब बाहरी संपर्कों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। सटोरियों के बीच व्याप्त चर्चाओं के अनुसार पहले मुंबई, गोवा, दुबई जैसे शहरों से ऑनलाईन सट्टे की लिंक आती थी, अब इन केंद्रों से लिंक मिलना बंद हो गया है। लिहाजा सटोरियों ने हांगकांग के तरफ रुख कर लिया है और वहां से लिंक हासिल करने की कोशिशें शुरु हो गई है। स्थानीय सटोरिए पूरी तरह से अंतरर्राष्ट्रीय नेटवर्क पर निर्भर हो गए।

### आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल

बताया गया है कि अब ऑनलाइन सट्टेबाजी के लिए आधुनिक तकनीकी और गुप्त तरीकों का प्रयोग किया जा रहा है। कंप्यूटर और लैपटॉप पर ई-डॉक्यूमेंट्स में एजेंटों के नाम व सट्टे की राशि को कोडवर्ड में दिया जा रहा है। यह पूरा खेल एक विशेष मोबाइल एप के माध्यम से संचालित होता है, जो सामान्य तौर पर गूगल प्ले स्टोर जैसे प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध नहीं रहता। सट्टेबाज पहले नए ग्राहकों की पहचान और उनकी विश्वसनीयता की पुष्टि करते हैं, इसके बाद ही उन्हें एप डाउनलोड करने के लिए एक निजी लिंक भेजा जाता है।

## गुंडा टैक्स वसूलने मारपीट में 2 घायल

**जबलपुर।** लार्डगंज और अधारताल थाना क्षेत्र में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर बदमाशों ने दो युवकों के साथ मारपीट कर लोहे के पाईप से हमला कर दिया। लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कांचघर चौराहा झामनदास निवासी 14 वर्षीय वीर बेन गत शाम लगभग 7 बजे मां से मिलने गैलेक्सी अस्पताल जा रहा था, तभी रास्ते में पिल्लू बेन मिला और शराब पीने के लिये 500 रूपये की मांग करते हुए गालीगलौज व मारपीट कर गाल में चोट पहुँचा दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(ए), 119(1), 118(1), 351(2), बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी तरह अधारताल में निर्भयनगर निवासी 27 वर्षीय प्रवेश सावनकर गत दोपहर लगभग 1.30 बजे अपने साथी अमर कामडे एवं सोनू ठाकुर के साथ घर के पास गली में खड़ा था तभी अमित कोरी एवं दिलीप रजक मोटर सायकल में आये और शराब पीने के लिए रुपए की मांग करते हुए गालियां देने लगे, मना करने पर दिलीप रजक ने लोहे का पाईप फैंककर मारा, जिससे प्रवेश घायल हो गया।

## सरकार कर रही एलपीजी की उपलब्धता पर निगरानी

**जबलपुर।** एलपीजी की 95 फीसदी बुकिंग ऑनलाइन होने के साथ, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बिना किसी रुकावट के आपूर्ति का भरोसा दिलाया और ज़िम्मेदारी से इस्तेमाल की अपील की पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने नागरिकों को भरोसा दिलाया है कि पूरे देश में एलपीजी की आपूर्ति स्थिर और पर्याप्त है। मंत्रालय ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे घबराहट में ज़्यादा खरीदारी न करें और ज़िम्मेदारी के साथ एलपीजी का इस्तेमाल करते रहें। मौजूदा डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क ने एलपीजी की उपलब्धता पर निगरानी रखी जा रही है और इसका प्रबन्धन किया जा रहा है, ताकि देश भर के परिवारों तक बिना किसी रुकावट के एलपीजी पहुँचती रहे। मंत्रालय ने एलपीजी बुकिंग के लिए डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के बढ़ते इस्तेमाल पर भी ज़ोर दिया। अब लगभग 95 फीसदी उपभोक्ता आईवीआरएस, एसएमएस, व्हॉट्सऐप और मोबाइल ऐप के ज़रिए बुकिंग करते हैं। उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि वे इन आसान और प्रभावी डिजिटल तरीकों का इस्तेमाल करते रहें, ताकि डिस्ट्रीब्यूटरशिप पर भीड़ न लगे और उन्हें बिना किसी रुकावट के सेवा मिलती रहे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240